शर्मा हार्डवेयर
SHARMA HARDWARE
Sharma Gali, SJ Road
Athgaon, Guwahati-01
98648-02947

E-Paper : www.goodluckpublications.com, • www.vbslive.in

हिंदी दैनिक

गुवाहाटी, नई दिल्ली, शिमला और जम्मू से एकसाथ प्रकाशित

# विकसित भारत समाचार

राष्ट्र निर्माण में प्रयत्नशील

वर्ष : 11 | अंक : 135 | गुवाहाटी | शनिवार, 14 दिसंबर, 2024 | मूल्य : 10 रुपए | पृष्ठ : 8 | VIKSIT BHARAT SAMACHAR | Regd. RNI No. ASSHIN/2014/56526

अवशेष देख भड़के गौ भक्त, मथुरा-वृंदावन मार्ग जाम, पुलिस ने लाठीचार्ज कर खदेड़ा पेज 2
मुख्यमंत्री ने किया जल आपूर्ति योजना का भूमि पूजन और शिलान्यास पेज 3
गुरदासपुर में पुलिस थाने पर ग्रेनेड फेंका, नहीं हुआ धमाका, बब्बर खालसा ने ली जिम्मेदारी पेज 5
नीरज चोपड़ा की प्रतियोगिता कलाकृतियों को विश्व एथलेटिक्स विरासत... पेज 7

## आरजी कर के पूर्व प्राचार्य संदीप घोष को जमानत 90 दिन में चार्जशीट दाखिल नहीं कर पाई सीबीआई



**कोलकाता।** नौ अगस्त को कोलकाता के आरजी कर मेडिकल कॉलेज में जूनियर डॉक्टर से दुष्कर्म और हत्या मामले में सियालदाह कोर्ट ने बड़ा फैसला सुनाया है। कोर्ट ने हत्या से जुड़े मामले में सबूतों से छेड़छाड़ के आरोप में गिरफ्तार किए गए मेडिकल कॉलेज के पूर्व प्राचार्य संदीप घोष और ताला पुलिस स्टेशन के पूर्व अधिकारी प्रभारी अभिजीत मंडल को जमानत दे दी। कोर्ट ने कहा कि सीबीआई 90 दिनों में दोनों के खिलाफ आरोप पत्र दायर नहीं कर सकी। इसलिए जमानत दी गई है। घोष के वकील ने कहा कि अतिरिक्त मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट (एसीजेएम) सियालदह अदालत ने दोनों आरोपियों को जमानत दे दी क्योंकि उनके खिलाफ अनिवार्य 90 दिनों की अवधि के भीतर आरोप पत्र दायर नहीं किया गया था। वह सुधार गृह से बाहर निकलेंगे। संदीप घोष आरजी कर अस्पताल में कथित वित्तीय अनियमितताओं के एक अन्य मामले में न्यायिक रिमांड पर हैं। हालांकि, बलात्कार-हत्या मामले में जमानत मिलने के बावजूद जेल में रहेंगे। नौ अगस्त को कोलकाता के आरजी कर मेडिकल कॉलेज-अस्पताल में जूनियर डॉक्टर की दुष्कर्म के बाद हत्या कर दी गई थी। मामले की -शेष पृष्ठ दो पर

## मुख्यमंत्री हिमंत ने ममता से *मृत* इंडिया गुट का नेतृत्व करने से बचने का आग्रह किया



**गुवाहाटी।** असम के मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा ने को इंडिया ब्लॉक को *मृत* बताया और अपनी पश्चिम बंगाल की समकक्ष ममता बनर्जी से ऐसे गठबंधन का नेतृत्व करने से बचने की अपील की, जिसका कभी *पुनर्जन्म नहीं होगा।* उन्होंने भारतीयों और घुसपैठियों में अंतर करने के लिए राष्ट्रीय नागरिक रजिस्टर (एनआरसी) जैसे दस्तावेज की आवश्यकता पर भी जोर दिया। राज्यसभा के सभापति जगदीप धनखड़ के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव पर शर्मा ने आरोप लगाया कि कांग्रेस का इतिहास रहा है कि वह उन लोगों के खिलाफ इस तरह के कदम उठाती है जो उसके इशारों पर नहीं चलते। आज शाम यहां मीडियाकर्मियों से बात करते हुए शर्मा ने कहा कि मैं दीदी (ममता बनर्जी) से अनुरोध करना चाहता हूं... आप एक मुख्यमंत्री हैं और आपको बंगाल के लिए काम करना है और आने वाले दिनों में चुनाव लड़ना है... आप एक मृत गठबंधन का नेतृत्व क्यों करने जा रही हैं, जो कभी पुनर्जीवित नहीं होगा। बनर्जी ने पिछले हफ्ते इंडिया ब्लॉक के कामकाज पर असंतोष व्यक्त किया और संकेत दिया कि अगर मौका मिला तो वह गठबंधन की कमान संभालेंगी। एनसीपी (एसपी) प्रमुख शरद पवार और आरजेडी अध्यक्ष लालू प्रसाद जैसे इसके कई घटकों के नेताओं ने उनका समर्थन करते हुए कहा कि उन्हें गठबंधन का नेतृत्व करने की अनुमति दी जानी चाहिए। धनखड़ के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव पर टिप्पणी करते हुए शर्मा ने दावा किया कि ऐसा इसलिए किया गया क्योंकि कांग्रेस सदन पर कब्जा करना चाहती है और इसे रोकना चाहती है, भले ही वह विपक्ष में हो। भाजपा नेता ने आरोप लगाया कि कांग्रेस ऐसे प्रस्ताव उन लोगों के खिलाफ लाती है जो उसके इशारों पर नहीं चलते। उन्होंने दावा किया कि इंदिरा ने तत्कालीन राष्ट्रपति जैल सिंह का अपमान किया था। शर्मा ने कहा कि लोग यह भी कहते हैं कि इंदिरा -शेष पृष्ठ दो पर

door graph Premium Quality Hinges
S.S. Traders
Suppliers in : All kinds of Door Fittings Modular Kitchen & Accessories, etc.
D. Neog Path, Near Dona Planet ABC, G.S. Road, Guwahati - 05
97079-99344

### सुप्रभात

*राज्यतंत्र को ही नीतिशास्त्र कहते हैं।*

- आचार्य चाणक्य

### न्यूज गैलरी

#### इलाहाबाद हाईकोर्ट के जज के खिलाफ महाभियोग प्रस्ताव का नोटिस

**नई दिल्ली।** इलाहाबाद हाईकोर्ट के न्यायाधीश शेखर कुमार यादव पर विश्व हिंदू परिषद (विहिप) के कार्यक्रम में कथित तौर पर की गई विवादास्पद टिप्पणी को लेकर विपक्ष ने शुक्रवार को राज्यसभा में उनके खिलाफ महाभियोग प्रस्ताव पेश करने का नोटिस दिया है, जिसमें कपिल सिब्बल, दिग्विजय सिंह, विवेक तन्खा सहित -शेष पृष्ठ दो पर

#### म्यांमार में विद्रोही समूह का माउंगडॉ शहर में कब्जा

**नाएप्यीडॉ (हि.स.)।** म्यांमार में विद्रोही समूह अराकान आर्मी (एए) ने सरकारी बलों के साथ चल रहे संघर्ष के बीच रखाइन राज्य के माउंगडॉ शहर पर कब्जा कर लिया। विद्रोही समूह को यह सफलता महीनों की लड़ाई के बाद मिली। वर्ष 2021 में लोकतांत्रिक रूप से चुनी हुई सरकार को अपदस्थ कर हुए सैन्य तख्तापलट के बाद म्यांमार विनाशकारी गृहयुद्ध में उलझ गया है। विद्रोही समूह अराकान -शेष पृष्ठ दो पर

*लोस में दहाड़े राजनाथ, प्रियंका का भाषण भी दमदार*

# राज्यसभा में अविश्वास प्रस्ताव पर गदर



**नई दिल्ली।** संसद का शीतकालीन सत्र चल रहा है। हालांकि शीतकालीन सत्र में देखा जाए तो कुछ खास कामकाज नहीं हो सका है। आज भी राज्यसभा में शोर शराबा जारी रहा जिसकी वजह से सदन की कार्यवाही को एक बार फिर से स्थापित करनी पड़ी। दूसरी ओर लोकसभा में भारत के संविधान की 75 वर्षों की गौरवशाली यात्रा पर चर्चा हुई जिसमें तमाम दलों के नेताओं ने हिस्सा लिया। लोकसभा ने शुक्रवार को भारतीय ग्रैंडमास्टर डी गुकेश को सबसे कम उम्र में विश्व शतरंज चैंपियनशिप जीतने पर बधाई दी। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने गुकेश की इस उपलब्धि का उल्लेख करते हुए सदन में कहा कि उनकी जीत से देश में उल्लास और उत्साह का वातावरण है तथा युवा खिलाड़ियों को उनकी इस उपलब्धि से प्रेरणा मिलेगी। वहीं, लोकसभा में तृणमूल कांग्रेस सदस्य महुआ मोइत्रा के बयान पर सत्तापक्ष की आपत्ति के बाद दोनों पक्षों के आरोप-प्रत्यारोप भी देखने को मिला। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने शुक्रवार को लोकसभा में कहा कि संविधान किसी एक पार्टी की देन नहीं है, लेकिन इसके निर्माण के कार्य को एक पार्टी विशेष द्वारा *हाईजैक* करने की कोशिश हमेशा की गई है। उन्होंने लोकसभा में भारत के संविधान की 75 वर्षों की गौरवशाली यात्रा पर चर्चा की शुरुआत करते हुए यह भी कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार संविधान के मूल्यों को केंद्र में रखकर काम कर रही है। लोकसभा के उप नेता ने नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी का नाम लिए बगैर उन पर निशाना साधा और कहा कि विपक्ष के कई नेता संविधान की प्रति अपनी जेब में रखकर घूमते हैं क्योंकि उन्होंने पीढ़ियों से अपने -शेष पृष्ठ दो पर

## जोरहाट मेडिकल कॉलेज के पास बन रहा फ्लाईओवर फरवरी 2025 तक पूरा हो जाएगी : मुख्यमंत्री



**जोरहाट।** असम के मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा ने आज जोरहाट मेडिकल कॉलेज के पास चल रहे 57.3 करोड़ रुपए के रेलवे फ्लाईओवर प्रोजेक्ट का निरीक्षण किया। अधिकारियों ने बताया कि निर्माण कार्य 88 प्रतिशत पूरा हो चुका है और फ्लाईओवर फरवरी 2025 तक चालू हो जाने की उम्मीद है। यात्रा के दौरान, मुख्यमंत्री ने यह भी घोषणा की कि जोरहाट में एक अन्य प्रमुख बुनियादी ढांचा परियोजना, बरुआ चारियाली फ्लाईओवर, दिसंबर 2025 तक पूरा होने की राह पर है। दोनों परियोजनाओं का उद्देश्य क्षेत्र में कनेक्टिविटी में सुधार करना और यातायात की भीड़ को कम करना है, जो शहरी बुनियादी ढांचे को बढ़ाने पर राज्य सरकार के फोकस को दर्शाता है। इस बीच, -शेष पृष्ठ दो पर

### सरकार स्वदेशी लोगों की रक्षा के लिए कड़ी मेहनत कर रही : बीरेन सिंह

**इंफाल।** मणिपुर के मुख्यमंत्री एन बीरेन सिंह शुक्रवार को कामजोंग जिले के चाडोंग गांव में मणिपुर स्वदेशी लोग सांस्कृतिक आदान-प्रदान महोत्सव के उद्घाटन समारोह में शामिल हुए। इस कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उन्होंने बताया कि उनकी सरकार राज्य में स्वदेशी लोगों के लिए अधिकार, सम्मान और भूमि स्वामित्व सुनिश्चित करने के लिए कड़ी मेहनत कर रही है। इसके साथ ही उन्होंने स्वदेशी लोगों के लिए संवैधानिक -शेष पृष्ठ दो पर

## मुख्यमंत्री के ओएसडी का फर्जी पीए गिरफ्तार



**गुवाहाटी (हि.स.)।** असम पुलिस की अपराध अनुसंधान शाखा की एक टीम ने एक विश्वसनीय स्रोत से प्राप्त इनपुट पर कार्रवाई करते हुए कि मोबाइल नंबर *9678700229* का उपयोग करने वाले एक व्यक्ति, जो खुद को असम के मुख्यमंत्री का ओएसडी के पीए के रूप में पहचान बताकर गलत लाभ के लिए सरकारी अधिकारियों को प्रभावित करने की कोशिश कर रहा था, गिरफ्तार कर लिया है। गिरफ्तार आरोपित की पहचान रूपम दास (40) नगांव के रूप में की गई है। आरोपित रूपम दास -शेष पृष्ठ दो पर

## गुवाहाटी में सामूहिक दुष्कर्म, सात गिरफ्तार



**गुवाहाटी (हि.स.)।** गुवाहाटी की गरचुक पुलिस ने एक महिला के साथ सामूहिक दुष्कर्म के आरोप में सात युवकों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आज बताया कि शुक्रवार की तड़के गरचुक थाने के ओसी को बोरागांव क्षेत्र के निवासियों के बीच प्रसारित एक वीडियो के बारे में जानकारी मिली। वीडियो में कथित तौर पर कुछ युवकों और एक महिला के साथ सामूहिक दुष्कर्म की घटना को दर्शाया गया है। इस जानकारी के आधार पर और वीडियो के विश्लेषण के माध्यम से गरचुक थाने के ओसी इंस्पेक्टर मयूरजीत गोगोई और एसआई काजल दत्ता ने गरचुक थाना के कर्मचारियों के साथ गरचुक और जालुकबाड़ी थानों के अधिकार क्षेत्र के तहत विभिन्न स्थानों पर त्वरित छापेमारी की। अभियान के दौरान सात लोगों को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार आरोपितों पर बलात्कार के अलावा अश्लील वीडियो बनाकर -शेष पृष्ठ दो पर

## फिल्म अभिनेता अल्लू अर्जुन गिरफ्तार, बाद में मिली जमानत



**हैदराबाद (हि.स.)।** जाने-माने तेलुगु फिल्म अभिनेता अल्लू अर्जुन को हैदराबाद पुलिस ने शुक्रवार को हिरासत में लिया है। बाद में उन्हें जमानत मिल गई। फिल्म अभिनेता अल्लू अर्जुन को तेलंगाना हाई कोर्ट ने चार हफ्ते की अंतरिम जमानत दे दी है। हाई कोर्ट के आदेश से अल्लू को बड़ी राहत मिली है। स्थानीय कोर्ट के आदेश के खिलाफ अल्लू अर्जुन की ओर से हाई कोर्ट में चुनौती दी गई। तेलंगाना हाई कोर्ट ने शुक्रवार शाम को इस मामले में सुनवाई की। हाई कोर्ट में दो घंटे तक दलीलें सुनने के बाद जस्टिस जुव्वादी श्रीदेवी ने आदेश दिया कि मैं अर्नब गोस्वामी मामले के बाद सीमित अवधि के लिए अल्लू को अंतरिम जमानत देने को इच्छुक हूं। सुनवाई के दौरान राज्य की ओर से हाई कोर्ट में पेश पब्लिक प्रॉसिक्यूटर ने कहा कि अभिनेता किसी भी राहत के हकदार नहीं हैं। उनका कहना है कि इस मामले में सात अन्य लोगों को पहले ही गिरफ्तार किया जा चुका है। हाई कोर्ट -शेष पृष्ठ दो पर

### मैं दखल नहीं दूंगा कानून अपना काम करेगा : तेलंगाना सीएम

**नई दिल्ली।** तेलुगु सिनेमा स्टार अल्लू अर्जुन की गिरफ्तारी पर प्रतिक्रिया देते हुए तेलंगाना के मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी ने शुक्रवार को कहा कि वह मामले की पूरी जानकारी लेने के बाद ही कुछ कह सकते हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि मुझे पता लगाने दीजिए, फिर मैं आपको बताऊंगा। समाचार एजेंसी ने सूत्रों के हवाले से बताया है कि सीएम रेवंत रेड्डी ने आश्वासन -शेष पृष्ठ दो पर

*चैंपियंस ट्रॉफी 2025 का आयोजन हाइब्रिड मॉडल में*

## टी-20 वर्ल्ड कप 2026 के लिए भारत नहीं आएगी पाकिस्तान टीम



**नई दिल्ली।** चैंपियंस ट्रॉफी 2025 के आयोजन को लेकर हो रही उठापटक अब थमती नजर आ रही है। टूर्नामेंट का आयोजन पाकिस्तान में होना है। ऐसे में सुरक्षा कारणों के चलते भारत सरकार ने अपनी टीम पाकिस्तान भेजने से साफ इनकार कर दिया है। बीसीसीआई हाइब्रिड मॉडल में टूर्नामेंट के आयोजन की मांग पर अड़ा था। इसके लिए बीसीसीआई, पीसीबी और आईसीसी की कई बैठकें भी हुईं। हालांकि, अब फैसला बीसीसीआई के पक्ष में होता नजर आ रहा है। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक, आईसीसी ने हाइब्रिड मॉडल में चैंपियंस ट्रॉफी 2025 को मंजूरी दे दी है। भारत अपने मैच दुबई में खेलेगा। बीसीसीआई और पीसीबी दोनों टी20 विश्व कप 2026 के लिए -शेष पृष्ठ दो पर

## महाकुंभ एकता का महायज्ञ, जाति और संप्रदायों का मिट जाता है भेद : पीएम



**प्रयागराज।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को कहा कि महाकुंभ देश की सांस्कृतिक और आध्यात्मिक पहचान को नई ऊंचाइयों पर ले जाएगा और यह एकता का महायज्ञ है। प्रधानमंत्री ने 5500 करोड़ रुपए की विभिन्न विकास परियोजनाओं का उद्घाटन करने के बाद यहां एक सार्वजनिक सभा को संबोधित करते हुए कहा कि महाकुंभ देश की सांस्कृतिक और आध्यात्मिक पहचान को नई ऊंचाइयों पर ले जाएगा। महाकुंभ को एकता का महायज्ञ बताते हुए, प्रधानमंत्री ने कहा कि इसमें जाति और संप्रदायों का भेद मिट जाता है। उन्होंने इस आयोजन के महत्व पर बहुत विश्वास व्यक्त किया और कहा कि यह *एकता का महायज्ञ* होगा जो जाति, संप्रदाय और क्षेत्र के सभी विभाजनों से परे होगा। उन्होंने प्रयागराज को सिर्फ एक भौगोलिक नहीं, बल्कि एक आध्यात्मिक स्थान बताया जहां गंगा, यमुना और सरस्वती नदियों का पवित्र संगम सभी क्षेत्रों के लोगों को एकजुट करने में अहम भूमिका निभाता है। मोदी ने कहा कि प्रयागराज सिर्फ एक भौगोलिक स्थान नहीं है, यह आध्यात्मिक अनुभव की जगह है। यह ज्ञान और ज्ञान के लोगों का आशीर्वाद है कि मुझे बार-बार इस भूमि पर आने का -शेष पृष्ठ दो पर

## सीरिया : इजराइल के हमले से संरा चिंतित वहां से हटने का आह्वान, नेतन्याहू का इनकार



**दमिश्क (हि.स.)।** सीरिया पर विद्रोहियों के फतह के बावजूद हालात सुधर नहीं रहे। अब मुल्क इजराइल और तुर्किये के आक्रमण का सामना करने को बेवश है। अपदस्थ राष्ट्रपति बशर अल-असद परिवार समेत रूस भाग चुके हैं। रूस ने उन्हें मानवीय आधार पर शरण दी है। तुर्किये ने बांध पर बमबाड़ी कर नया संकट उत्पन्न कर दिया है। इजराइल के हमलों से संयुक्त राष्ट्र चिंतित है। संयुक्त राष्ट्र ने इजराइल से हटने का आह्वान किया है। मगर उसने इससे इनकार कर दिया है। द टाइम्स ऑफ इजराइल के अनुसार, संयुक्त राष्ट्र प्रमुख ने इजराइल से सीरिया में हमले बंद करने और बफर जोन से हटने का आह्वान किया है। -शेष पृष्ठ दो पर

**CLASSIFIED**

For all kinds of classified advertisements please contact

**97070-14771**
**86382-00107**

**MURTI AVAILABLE**

Available all kinds of Marble & White Metal Murties, Ganesh Laxmi, Radha Krishna, Bishnu-Laxmi, Hanuman, Maa Durga, Saraswati, Shivling, Nandi etc. **ARTCLE WORLD,** S-29, 2nd Floor, Shoppers Point, Fancy Bazar, Guwahati-01, **Ph. : 94350-48866, 94018-06952**

**NAME CORRECTION**

I NEHA CHOUDHARY DECLARE THAT MY SON DIVYAM CHOUDHARY AND DIBYAM CHOUDHURY ARE THE SAME PERSON. THIS VERIFICATION ON THIS 4th DEC. 24 AT NAGAON COURT PREMISES. AFFIDAVIT NO IN-AS27593260249472W.

### मथुरा में मिले गायों के कंकाल

# अवशेष देख भड़के गौ भक्त, मथुरा-वृंदावन मार्ग जाम, पुलिस ने लाठीचार्ज कर खदेड़ा



**मथुरा।** मथुरा स्थित थाना जैंत क्षेत्र अंतर्गत पीएमवी के जंगलों में दर्जनों मृत गाय के अवशेष मिलने से सनसनी फैल गई। मौके पर पहुंचे गौ भक्तों ने मथुरा वृंदावन मार्ग के दोनों ओर मृत गायों के अवशेष रखकर रोड को बिल्कुल जाम कर दिया। सड़क पर बैठे गौ भक्तों ने गौशाला संचालकों के खिलाफ जमकर नारेबाजी की और दोषियों के खिलाफ सख्त कार्यवाही की मांग की। गौ भक्तों ने आरोप लगाया कि गौशाला संचालक मृत गायों के अवशेषों को भूमि में दबाने की बजाये यहां जंगल में फिंकवा देते हैं। जिसके चलते मृत गायों की दुर्दशा हो रही है। मौके पर पहुंचे प्रशासनिक और पुलिस अधिकारियों ने जब मृत गायों की स्थिति को देखा तो उनसे आने वाली गंध के कारण उन्हें नाक पर रुमाल रखना पड़ा। आक्रोशित गौ भक्त सुबह 10 बजे से थाना जैंत की नयति पुलिस चौकी क्षेत्र स्थित मथुरा वृंदावन रोड पर जाम लगाकर बैठ गए। अधिकारियों के लाख समझाने के बाबजूद भी दोपहर के तीन बजे तक वे लोग अपनी मांगों पर अड़े रहे और जाम लगाये रहे। गौ भक्त दोषियों के खिलाफ तत्काल एफआईआर दर्ज कर उनकी गिरफ्तारी की मांग कर रहे थे। गौ भक्तों द्वारा रोड ब्लॉक करने के कारण मार्ग के दोनों ओर सैकड़ों वाहनों की लम्बी कतारें लग गईं। यात्री मथुरा से वृंदावन और वृंदावन से मथुरा जाने के लिए विवश दिखाई दिए। काफी समय बाद अधिकारियों ने वृंदावन के पशु चिकित्साधिकारी को मौके पर बुलाया। डॉक्टर राकेश तिवारी मृत गायों के टैग एकत्र कर पता लगाने की कोशिश में लग गए कि आखिर यह मृत गाय किस गौशाला की हैं। अधिकारियों ने मृत गायों को भूमि में दबाने के लिए मौके पर नगर निगम से दो जेसीबी मशीन और नमक भी मंगवा लिया। लेकिन गौ भक्तों ने उन्हें जंगल में प्रवेश ही नहीं करने दिया। वे लोग जेसीबी के आगे झुंड बनाकर खड़े हो गए। तीन बजे तक अधिकारियों के अनुरोध के बाबजूद भी जब गौ भक्त रोड खोलने के लिए नहीं माने। स्थिति इतनी तनावपूर्ण हो गई कि जिलाधिकारी शैलेंद्र कुमार सिंह और पुलिस कमांडर शैलेश कुमार पांडेय भी मौके पर आ गए। लेकिन गौ भक्तों की भीड़ में घुसे कुछ उपद्रवी युवक किसी भी बात पर रोड खोलने को तैयार नहीं हुए। अन्य लोगों को भड़काने का प्रयास करने लगे। अब पुलिस के सामने सिवाय लाठी चार्ज के कोई विकल्प नहीं बचा। तब जाकर आलाधिकारियों के निर्देश पर रोड ब्लॉक कर रहे युवकों को पुलिस ने लाठीचार्ज कर खदेड़ना शुरू किया। रोड खुलने के बाद करीब पांच घंटे से परेशान यात्रियों ने राहत की सांस ली। रोड जाम कर रहे लोगों से पुलिस ने चार को हिरासत में लेकर थाना जैंत भेज दिया।

## ड्रग्स के साथ दंपति गिरफ्तार

**गुवाहाटी ( हिंस )।** गुवाहाटी की गरचूक पुलिस ने महानगर की स्पेशल ऑपरेशन टीम की मदद से अभियान चालक कर ड्रग्स मामले में शामिल दो तस्करों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने शुक्रवार को बताया कि गुप्त सूचना के आधार पर थाना क्षेत्र में चलाए गए अभियान के दौरान ड्रग्स के साथ मोहम्मद शाहिद अली (41) और उसकी पत्नी जमीला बेगम (42) को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार दोनों आरोपी हाजों के रहने वाले बताए गए हैं। गिरफ्तार तस्करों पास पुलिस 10.93 ग्राम हेरोइन जब्त की है। हेरोइन के अलावा ड्रग्स की तस्करी के लिए व्यवहार की जा रही एक स्कूटी (एए-01डीएफ-7742) को भी पुलिस ने जब्त किया है ।

## होजाई में पुलिस प्रशासन ने आठ करोड़ रुपए के नशीले पदार्थ किए नष्ट

**होजाई ( हिंस )।** होजाई जिला पुलिस प्रशासन के प्रयास से 8 करोड़ रुपए के अवैध नशीले पदार्थों को नष्ट किया गया। श्रीमंत शंकरदेव नगर स्थित पुलिस अधीक्षक कार्यालय परिसर के मैदान में इन पदार्थों को जलाकर नष्ट किया गया। यह अभियान जिला अपराध नियंत्रण शाखा के अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पल्लव तामुली के नेतृत्व में संचालित हुआ। नष्ट किए गए नशीले पदार्थों में 880 नशीली टैबलेट, 66 बोतल कफ सिरप, 3.5 किलोग्राम अफीम, 467.389 किलोग्राम गांजा, और लगभग 2.77925 किलोग्राम हेरोइन शामिल थे। ये सभी नशीले पदार्थ 2023 से अब तक जिले के विभिन्न इलाकों में पुलिस द्वारा जब्त किए गए थे। कार्यक्रम में विशेष रूप से विद्यालय के छात्रों को आमंत्रित किया गया, ताकि उन्हें नशीले पदार्थों के सामाजिक दुष्प्रभावों और इसके खतरों के प्रति जागरूक किया जा सके। इस अवसर पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक रूपम बरदलै, जिला प्रशासन के अतिरिक्त उपायुक्त और अन्य पुलिस अधिकारी भी उपस्थित थे। यह पहल समाज में नशे के खिलाफ जागरूकता बढ़ाने और युवाओं को इससे दूर रखने के उद्देश्य से की गई।

## मंत्री दास ने किया योजनाओं का शुभारंभ

**बरपेटा ( हिंस )।** आज पटाचारकुची क्षेत्र में असम के मंत्री रंजीत कुमार दास ने योजनाओं का शुभारंभ किया। मंत्री ने 18.56 करोड़ रुपए की लागत से बने तीन पक्के पुलों और सात सड़कों का उद्घाटन किया। इस मौके पर मंत्री दास ने मुख्यमंत्री डॉ. हिमंत विश्व शर्मा और पाटाचारकुची क्षेत्र के निवासियों का धन्यवाद किया। मंत्री दास ने कहा कि क्षेत्र के लोगों ने उन्हें विधायक चुना है। उनकी समस्याओं को हल करना उनकी जिम्मेदारी है। आज जिन सड़कों और पुलों का उद्घाटन किया गया है, वे लंबे समय से क्षेत्रवासियों की समस्या बनी हुई थीं, लेकिन अब इसका समाधान हो गया है। मंत्री ने एक ही दिन में इन सभी योजनाओं का उद्घाटन करने पर खुशी जताई। आज इन परियोजनाओं का शुभारंभ धार्मिक और पारंपरिक विधियों के साथ किया गया।

*No.GDBA-149/Cul./2024-25/66* *Dated Gossaigaon the 11th Dec./2024*

**NOTICE INVITING TENDER**

Sealed Tender are invited in F-2 Form for the works shown below from the intending Registered Contractor of Class-I and Class-II (A, B & C) category of Assam PWD (Roads & Building) & PHE with affixing Non-refundable court fee of Rs. 8.25 (Rupees Eight and paise twenty five) only in a prescribed Form under SOPD-G, Cultural Affairs Department for the year 2024-25. The Tender will be received on 11-12-2024 upto 1:00 PM in the Office of the undersigned and will be opened on same day at 1:30 PM in the Office of the undersigned and C.S. will be submitted to

| Sl. No. | Name of work | Estimated amount | Bid Security | Cost of BID documents (D/D) @ 0.03% (Approx.) | Time of completion |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Construction of Office room for Parijat Music & Fine Arts Academy Gossaigaon Kokrajhar | Rs. 7,00,000/- | Rs.7,00,000/- @ 1% for ST/SC/ OBC & Rs.14,000/- @ 2% for General | Rs.210/- | 6 (six) Months from the date of issue of work order |

The Terms and Condition details may be seen at Notice Board in the Office of the Block Development Officer, Gossaigaon Development Block from **11-12-2024 to 02-01-2025** upto 1:00 PM.

Sd/-
Block Development Officer,
Gossaigaon Dev. Block, Gossaigaon

*IPR(BTC)/C/2024-25/1085*

## हैलाकांदी में हेरोइन के साथ तस्कर गिरफ्तार

**हैलाकांदी ( हिंस )।** ड्रग्स के खिलाफ हैलाकांदी पुलिस का अभियान लगातार जारी है। इसी अभियान के तहत पुलिस ने 54 ग्राम हेरोइन के साथ एक तस्कर को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार व्यक्ति की पहचान मुश्ताक अहमद मजूमदार के रूप में हुई है।

## तेल चोरी मामले में दो गिरफ्तार

**गुवाहाटी ( हिंस )।** गुवाहाटी की नूनमाटी पुलिस ने तेल चोरी मामले में भारी मात्रा में तेल के साथ दो चोरों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने शुक्रवार को बताया कि गुप्त सूचना पर कार्रवाई करते हुए नूनमाटी थाना की एक सीजीपीडी टीम ने सेक्टर 3 आईओसीएल मार्केटिंग यार्ड में छापामारी कर पेट्रोलियम तेल स्नेहक (पीओएल) चोरी रैकेट का भंडाफोड़ किया। इस मामले में गिरफ्तार दो चोरों की पहचान बिरिंची कुमार दास और गणेश बर्मन के रूप में की गई है। गिरफ्तार आरोपी के पास से पुलिस ने 54,000 रुपए मूल्य का 600 लीटर पेट्रोलियम उत्पाद जब्त किया है, जो 40 लीटर वाले 15 ड्रमों में भरा हुआ था। एक वाहन एएस-01ईसी-1305) भी जब्त किया गया है। घटना के संबंध में एक प्राथमिक दर्ज कर कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी गई है।

# पृष्ठ एक का शेष

### राज्यसभा में अविश्वास ...

परिवार में संविधान को जेब में ही रखे देखा है। कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाद्रा ने सरकार पर तीखा प्रहार किया और दावा किया कि यदि लोकसभा चुनाव के नतीजे इस तरह नहीं आते तो यह सरकार संविधान बदलने का काम करती। उन्होंने आरोप लगाया कि *एक व्यक्ति* को बचाने के लिए देश की जनता को नकारा जा रहा है। वायनाड से लोकसभा सदस्य निर्वाचित होने के बाद सदन में उनका यह पहला भाषण था। उन्होंने कहा कि हमारा संविधान लोगों के लिए सुरक्षा कवच है जो देशवासियों को सुरक्षित रखता है। यह न्याय, एकता, और अभिव्यक्ति की आजादी का कवच है। उन्होंने कहा कि *लेटरल एंट्री* के जरिये आरक्षण को कमजोर किया जा रहा है। समाजवादी पार्टी (सपा) के अध्यक्ष अखिलेश यादव ने शुक्रवार को सरकार पर संविधान के धर्मनिरपेक्ष मूल्यों का हनन करने का आरोप लगाया और दावा किया कि देश के मुसलमानों को दूसरे दर्जे का नागरिक बनाने का प्रयास किया जा रहा है। वहीं, सरकार पर देश के धर्मनिरपेक्ष तानेबाने को ताक पर रखने का आरोप लगाते हुए तृणमूल कांग्रेस ने शुक्रवार को कहा कि हमें संविधान को समझने के लिए इसमें दिए गए हर शब्द की व्याख्या को व्यापक अर्थों में समझना होगा। उन्होंने कहा कि भारत एक धर्मनिरपेक्ष देश है और इसका उल्लेख संविधान की प्रस्तावना में भी है। विदेश मंत्री एस जयशंकर ने शुक्रवार को लोकसभा में कहा कि बांग्लादेश में अल्पसंख्यकों के साथ हो रहे व्यवहार को लेकर भारत चिंतित है और उम्मीद करता है कि ढाका अपने खुद के हित में अल्पसंख्यकों की सुरक्षा के लिए कदम उठाएगा।

### जोरहाट मेडिकल कॉलेज ...

गुरुवार को लोकसभा के प्रश्नकाल के दौरान कांग्रेस सांसद गौरव गोगोई द्वारा उठाई गई चिंताओं के जवाब में, केंद्रीय सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने आश्वासन दिया कि असम में राष्ट्रीय राजमार्ग 37 के जोरहाट-झांजी खंड का काम फरवरी 2025 तक पूरा हो जाएगा। गडकरी ने बताया कि हालांकि इस परियोजना में विभिन्न कारणों से देरी हुई है, लेकिन वर्तमान में काम पूरी गति से चल रहा है। उन्होंने कहा कि मैंने इस सड़क पर चर्चा करने के लिए 10-12 बैठकें की हैं। जोरहाट-झांजी भाग फरवरी 2025 तक पूरा हो जाएगा। गोगोई, जिनके निर्वाचन क्षेत्र में जोरहाट भी शामिल है, राजमार्ग के समय पर पूरा होने के मुखर समर्थक रहे हैं। उन्होंने पहले गडकरी से मुलाकात की थी और राजमार्ग के निर्माण से संबंधित मुद्दों के शीघ्र समाधान के लिए पत्र लिखे थे। कांग्रेस नेता ने इस बात पर जोर दिया कि चल रही देरी स्थानीय निवासियों के लिए काफी कठिनाई पैदा कर रही है, तथा उन्होंने सड़कों की खराब स्थिति, लगातार दुर्घटनाओं और गंभीर यातायात भीड़ को मुख्य चिंता का विषय बताया।

### सरकार स्वदेशी लोगों ...

सुरक्षा का आह्वान किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सीएम बीरेन सिंह ने कहा कि प्राचीनकाल से रहे रहे लोगों के लिए यह महत्वपूर्ण समय है। दो हजार वर्षों से भी अधिक के इतिहास में हमारी भूमि की सुरक्षा तलवारों और भालों से की गई है। अंग्रेजों के आने के बाद ही बंदूकें आईं। मुख्यमंत्री ने बताया कि उन्होंने साझा संस्कृति और ऐतिहासिक विरासत को मजबूत करने के लिए गो टू हिल्स अभियान शुरू किया है। सीएम बीरेन सिंह ने दावा किया कि स्वदेशी समुदाय को समझना समय की मांग है। कई लोग राज्य के बाहर होने वाली घटनाओं के कारण जनसांख्यिकी परिवर्तनों को स्वीकार नहीं करना चाहते हैं। हम स्वदेशी समुदाय को बचाने की कोशिश कर रहे हैं। उन्होंने आगे कहा कि सरकार स्वदेशी लोगों के लिए अधिकार, सम्मान और भूमि स्वामित्व सुनिश्चित करने के लिए कड़ी मेहनत कर रही है। हम इसमें सफल होंगे। मुख्यमंत्री ने बताया कि मखेल गांव में छह करोड़ की लागत से एक स्वदेशी जातीय सांस्कृतिक केंद्र विकसित किया गया। उन्होंने कहा कि मेरे मुख्यमंत्री बनने के बाद मैंने *गो टू हिल्स* अभियान शुरू किया। इसके तहत कई ऐतिहासिक स्थलों का विकास किया गया। सीएम बीरेन सिंह ने उन लोगों से भी आग्रह किया जो जनसंख्या और मतदाता सूची में बदलाव को लेकर लगातार सरकार की आलोचना करते हैं। उन्होंने कहा कि कृपया इसका भी अध्ययन करें कि क्यों एक समुदाय में जनसंख्या में भारी वृद्धि हो रही है और अन्य समुदायों में नहीं। अगर मैंने जो भी किया और कहा कि उसमें कुछ गलत था तो मैं इसपर कुछ नहीं कह सकता। आप मुझे सजा दे सकते हैं। सिर्फ गपशप से भूमि और स्वदेशी लोगों को नहीं बचाया जा सकता है।

### मुख्यमंत्री के ओएसडी...

संयुक्त ग्रामीण विकास विभाग के आयुक्त ध्रुबज्योति नाथ द्वारा इस्तेमाल किए जाने वाले किराए के सरकारी वाहन (एस-01ईएल-2250) का चालक है। वाहन को आरए ट्रैवल्स एजेंसी, अनुराधा सिनेमा हॉल के पास से किराए पर लिया गया था। 07 दिसंबर को जब वह अधिकारी को घर से गुवाहाटी वापस लाने के लिए देरगांव जा रहा था, रूपम दास ने अपने सिम नंबर 9678700229 से, जो असम सरकार के ओएसडी के रूप में ट्रूकालर पर प्रदर्शित होता है, एसडीओ सिविल, कलियाबर लिजा तालुकदार (सांगवान) को कॉल किया और उन्हें कहा कि वह मुख्यमंत्री के ओएसडी हेमंत चौधरी का निजी सहायक है। उन्हें दो वाहनों के लिए 30-30 लीटर ईंधन की आवश्यकता थी, जिनका रजिस्ट्रेशन नंबर (एएस-01-ईएल-2250) और (एएस-01एफवी-6884) है। वह मुख्यमंत्री की पत्नी रिनिकी भुइयां के काफिले में शामिल है। एसडीओ, सिविल अपने कार्यालय में मौजूद नहीं थीं इसलिए उन्हें ईंधन की पर्ची के बिना आना पड़ा। एसडीओ, सिविल, कलियाबर से फोन पर संपर्क किया गया। एसडीओ ने बताया कि उन्होंने इसकी पुष्टि के लिए मुख्यमंत्री कार्यालय के साथ अन्य कार्यालयों से भी पूछा कि क्या कोई वाहन ईंधन भरने के लिए भेजा गया था। और, यह झूठा निकला। रूपम के कॉल डिटेल्स ने भी उसके और एसडीओ, सिविल, कलियाबर के बीच बातचीत को साबित कर दिया। जांच के दौरान पता चला है कि रजिस्ट्रेशन नंबर (एएस-01एफभी-6884) वाला वाहन उस दिन यानी 07 दिसंबर को कलियाबोर में आया ही नहीं था। यह भी पता चला है कि आरोपित वरिष्ठ सरकारी अधिकारियों के नाम पर अलग-अलग पेट्रोल पंप मालिकों को फोन करता था और अलग-अलग वाहनों में ईंधन भरने के लिए कहता था और उन्हें धोखा देता था। मामले की जांच जारी है। पेट्रोल पंप के अधिकारियों और मालिकों को मोबाइल फोन का उपयोग करके कॉल करता है, फोन में ट्रूकॉलर को ओएसडी कार्यालय के पदनाम के साथ सेट किया गया है। वाहनों में ईंधन भरने के लिए कहा जाता है, यह कहते हुए कि वाहन मंत्रियों या अन्य वरिष्ठ गणमान्य व्यक्तियों के काफिले का हिस्सा है। वह अधिकारी या पंप मालिक से बिल मुख्यमंत्री, असम के कार्यालय को भेजने के लिए भी कहता है। उसके द्वारा प्राप्त ईंधन उसके वाहन में भरा जाता है या गलत लाभ के लिए बेच दिया जाता है, इसकी जांच शुरू की गई है। क्राइम ब्रांच थाने में दर्ज केस नंबर 16/2024 धारा 318(4)/319(2)/316(2) बीएनएस, 2023 के तहत मामले की जांच की जा रही है।

### गुवाहाटी में सामूहिक ...

सोशल मीडिया पर प्रसारित करने का आरोप है। गिरफ्तार आरोपितों की पहचान कुलदीप नाथ (23, गरचुक) बिजॉय राभा (22, गरचुक), पिंकू दास (18, गरचुक ), गगन दास (21, गरचुक) सौरव बोड़ो (20, गरचुक ) मृनाल राभा (19, गरचुक) तथा दीपांकर मुखिया (21, जालुकबाड़ी) के रुप में की गई है। घटना के संबंध में थाना में एक प्राथमिकी दर्ज कर मामले की जांच की जा रही है। वीडियो में दिखाई गई महिला की पहचान नहीं हो पाई है।

### फिल्म अभिनेता अल्लू ...

ने अभिनेता अल्लू अर्जुन को चार हफ्ते की अंतरिम जमानत दे दी। इस मामले में अल्लू की ओर से हाई कोर्ट में प्राथमिकी रद्द करने की मांग की थी। मालूम हो कि *पुष्पा 2* की रिलीज के मौके पर हैदराबाद के आरटीसी चौराहे पर संध्या थिएटर में भगदड़ मच गई थी, जिसमें रेवती नाम की महिला की मौत हो गई और उसका बेटा श्रीतेजा गंभीर रूप से घायल हो गया था। इस घटना के संबंध में दर्ज मामले में आरोपित के तौर पर अल्लू अर्जुन का भी नाम है। इसी मामले में पुलिस ने आज अल्लू अर्जुन के घर जाकर फिल्म अभिनेता को हिरासत में लिया। सुकुमार द्वारा निर्देशित फिल्म पुष्पा 2: द रूल में अल्लू अर्जुन ने अभिनय किया है। 5 दिसंबर को यह फिल्म दुनिया भर के सिनेमाघरों में रिलीज हुई। इससे पहले 4 दिसंबर (बुधवार) को अलग-अलग इलाकों में प्रीमियर शो किए गए थे और इसी क्रम में हैदराबाद के संध्या थिएटर में हुए प्रीमियर शो में भगदड़ को लेकर सिनेमाघर प्रबंधन और अभिनेता अर्जुन पर आरोप है कि उन्होंने पुलिस को आयोजन की जानकारी नहीं दी। पुलिस को अगर इसकी जानकारी दी गई होती तो सुरक्षा उपायों के जरिये घटना को टाला जा सकता था। पुलिस का कहना कि अभिनेता को देखने बड़ी संख्या में प्रशंसक शामिल हुए। पुलिस को इस बात की जानकारी नहीं दी गई थी प्रबंधन ने कोई सावधानी नहीं बरती। जनता को नियंत्रित करने के लिए थिएटर के प्रवेश और निकास द्वार पर कोई निजी सुरक्षा की व्यवस्था नहीं की गई। हैदराबाद के डिप्टी कमिश्नर ऑफ पुलिस आकांक्षा यादव ने अपने बयान में कहा है कि रात 9.40 बजे अल्लू अर्जुन निजी सुरक्षाकर्मियों के साथ संध्या थिएटर पहुंचे। तभी भीड़ को नियंत्रित करने के लिए सुरक्षाकर्मियों ने भीड़ को धक्का देना शुरू कर दिया। थिएटर पहले से ही अंदर और बाहर दर्शकों से खचाखच भरा हुआ था। इसी क्रम में मारपीट हो गयी। इस भगदड़ में दिलसुखनगर की रेवती का परिवार गिर गया। रेवती नाम की महिला और उसके 13 वर्षीय बेटे श्रीतेजा को गंभीर हालत में अस्पताल पहुंच गया।

### मैं दखल नहीं दूंगा...

दिया है कि वह अल्लू अर्जुन के मामले में हस्तक्षेप नहीं करेंगे और कानून अपना काम करेगा। सूत्रों का कहना है कि मुख्यमंत्री का मानना है कि कानून के सामने सभी समान हैं। उल्लेखनीय है कि तेलुगू सिनेमा स्टार अल्लू अर्जुन को 4 दिसंबर को उनकी फिल्म *पुष्पा 2: द रूल* के प्रीमियर के दौरान संध्या थिएटर में हुई दुखद भगदड़ के सिलसिले में शुक्रवार को गिरफ्तार किया गया था। उन्हें अब मेडिकल टेस्ट के लिए अस्पताल ले जाया गया है। अल्लू अर्जुन ने अपने वकील से बात कर हाई कोर्ट से तत्काल सुनवाई का अनुरोध किया। इससे पहले, अल्लू अर्जुन ने अपने खिलाफ दर्ज एफआईआर को रद्द करने की मांग करते हुए हाईकोर्ट का दरवाजा खटखटाया था। इस घटना में एक महिला की मौत हो गई और उसका बेटा घायल हो गया, जिसके बाद पुलिस ने जांच शुरू की और तीन लोगों को गिरफ्तार किया। अब इसी मामले में एक्टर को भी हिरासत में लिया गया है। इस घटना के सिलसिले में पूछताछ के लिए अभिनेता को चिक्कड़पल्ली पुलिस स्टेशन लाया गया। कार्यवाही के दौरान उनके पिता अल्लू अरविंद, भाई अल्लू सिरीश और ससुर कंचरला चंद्रशेखर रेड्डी भी स्टेशन पर मौजूद थे।

### टी-20 वर्ल्ड कप ...

इस बात पर सहमत हुए हैं कि पाकिस्तान टीम भारत-पाक लीग मैच के लिए भारत की यात्रा नहीं करेगी। यह मैच कोलंबो में खेले जाएंगे। पाकिस्तान क्रिकेट टीम को इसके लिए मुआवजा नहीं मिलेगा। साथ ही पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड 2027 के बाद आईसीसी महिला टूर्नामेंट की मेजबानी करेगा।

### महाकुंभ एकता का...

सौभाग्य मिलता है। पिछले कुंभ में भी मुझे संगम में स्नान करने का सौभाग्य मिला था और आज एक बार फिर मुझे गंगा के चरणों में आशीर्वाद प्राप्त करने का सौभाग्य मिला है। प्रधानमंत्री ने कुंभ के ऐतिहासिक महत्व पर जोर दिया और याद दिलाया कि कैसे सदियों से ऋषि-मुनियों ने राष्ट्रीय मुद्दों पर चर्चा करने और बहुमूल्य मार्गदर्शन प्रदान करने के लिए इस समागम का उपयोग किया है। उन्होंने कहा कि प्राचीन काल में भी कुंभ ने सामाजिक बदलाव की नींव रखी थी। पहले ऐसे आयोजनों में श्रद्धालुओं को परेशानियों का सामना करना पड़ता था, लेकिन उस समय की सरकारों ने इसकी परवाह नहीं की। इसका कारण उनका भारतीय संस्कृति से विमुख होना था। उन्होंने कहा कि लेकिन आज केंद्र और राज्य में ऐसी सरकार है जो आस्था और भारतीय संस्कृति का सम्मान करती है। प्रधानमंत्री ने रामायण, कृष्ण और बौद्ध सर्किट जैसे विभिन्न सांस्कृतिक सर्किटों के विकास पर प्रकाश डाला। अपने संबोधन में, उन्होंने सफाई कर्मचारियों के योगदान को स्वीकार किया जो इस तरह के बड़े पैमाने के आयोजनों की सफाई और सफलता सुनिश्चित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। उन्होंने उनके प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि 2025 के कुंभ के दौरान 15,000 से अधिक सफाई कर्मचारी सफाई सुनिश्चित करेंगे। उन्होंने 2019 में सफाई कर्मचारियों के पैर धोने के अपने व्यक्तिगत अनुभव को याद किया, जिसे उन्होंने अपने जीवन का यादगार पल बताया।

### सीरिया : इजराइल के ...

इजराइली सुरक्षा बलों के अपदस्थ असद शासन की अधिकांश सैन्य संपत्तियों को नष्ट करने के बाद गुटेरेस के प्रवक्ता ने देश भर में सभी मोर्चों पर हिंसा को कम करने की तत्काल आवश्यकता पर जोर दिया है। संयुक्त राष्ट्र के प्रवक्ता स्टीफन दुजारिक ने गुरुवार को पत्रकारों से कहा कि महासचिव एंटोनियो गुटेरेस सीरिया के कई स्थानों पर इजरायली हवाई हमलों से चिंतित हैं। उन्होंने समूचे सीरिया में सभी मोर्चों पर हिंसा को कम करने की तत्काल आवश्यकता पर जोर देते हैं। इससे पहले इजराइली सेना ने कहा कि उसने सीरिया में 350 से अधिक हमले किए। इस दौरान अपदस्थ सीरियाई शासन से संबंधित अधिकांश सामरिक हथियारों के भंडार को नष्ट कर दिया। इजराइल ने पिछले सप्ताह राष्ट्रपति असद को उखाड़ फेंकने के बाद सीरिया के अंदर एक बफर जोन में प्रवेश करने की बात स्वीकार की। द न्यूयॉर्क टाइम्स के अनुसार, इजराइल ने कहा कि उसकी सेना सीरियाई क्षेत्र में तब तक रहेगी जब तक कि *एक नई सेना* स्थापित नहीं हो जाती, जो उसकी सुरक्षा मांगों को पूरा करती हो।

### मुख्यमंत्री हिमंत ने ...

गांधी ने देश में आपातकाल लगाने के लिए आधी रात को तत्कालीन राष्ट्रपति फखरुद्दीन अली अहमद के हस्ताक्षर जबरन ले लिए थे, जब वे सो रहे थे। उन्होंने दावा किया कि पार्टी को यह समझने की जरूरत है कि भारत की जनता ने पार्टी को खारिज कर दिया है और गांधी परिवार को हर चुनाव में हार का सामना करना पड़ेगा।

### आरजी कर के पूर्व ...

जांच में कथित देरी के लिए प्राचार्य संदीप घोष और सबूतों से छेड़छाड़ के आरोप में ताला पुलिस स्टेशन के पूर्व प्रभारी अधिकारी अभिजीत मंडल को 15 सितंबर को सीबीआई ने गिरफ्तार किया था। संदीप घोष पर आरजी कर मेडिकल कॉलेज में वित्तीय अनियमितता का भी आरोप है। अस्पताल के पूर्व उपाधीक्षक अख्तर अली ने संदीप घोष के प्रिंसिपल के रूप में कार्यकाल के दौरान संस्थान में कथित वित्तीय कदाचार के कई मामलों की प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की तरफ से जांच की मांग की थी। संदीप घोष ने फरवरी 2021 से सितंबर 2023 तक आरजी कर मेडिकल कॉलेज के प्रिंसिपल के रूप में कार्य किया। उन्हें पिछले साल अक्तूबर में आरजी कर से स्थानांतरित कर दिया गया था, लेकिन एक महीने के भीतर ही वे बेवजह उस पद पर वापस आ गए।

### इलाहाबाद हाईकोर्ट के जज...

55 विपक्षी दलों के सांसदों के हस्ताक्षर है। न्यायाधीश यादव के खिलाफ महाभियोग प्रस्ताव पेश करने का यह नोटिस शुक्रवार को राज्यसभा की कार्यवाही शुरू होने से कुछ समय पहले राज्यसभा के महासचिव को दिया गया है। नोटिस में न्यायाधीश पर अल्पसंख्यकों को निशाना बनाने का आरोप है। राज्यसभा में न्यायाधीश यादव के खिलाफ विपक्ष ने महाभियोग प्रस्ताव पेश करने का यह नोटिस ऐसे समय दिया है, जब सुप्रीम कोर्ट ने उनके बयानों पर स्वत: संज्ञान लेते हुए इलाहाबाद हाईकोर्ट से रिपोर्ट देने को कहा है। सूत्रों के मुताबिक विपक्ष ने इलाहाबाद हाईकोर्ट के न्यायाधीश शेखर कुमार यादव के खिलाफ दिए महाभियोग प्रस्ताव के नोटिस में कहा है कि न्यायाधीश यादव के कार्य संविधान के अनुच्छेद 51ए (ई) के तहत निहित नीति- निर्देशक सिद्धांतों का उल्लंघन करते हैं, जो सद्भाव को बढ़ावा देने और व्यक्तियों की गरिमा के लिए अपमानजनक प्रथाओं को त्यागने का आदेश देते हैं। नोटिस में विपक्षी सांसदों ने सभापति से प्रस्ताव को तुरंत स्वीकारने और न्यायाधीश के खिलाफ महाभियोग प्रस्ताव पेश करने की अनुमति मांगी है।

### म्यांमार में विद्रोही ...

आर्मी आठ महीने से अधिक समय से सक्रिय रूप से जुंटा से लड़ रही है। बांग्लादेश की प्रमुख वेबसाइट बीडीन्यूज 24 डॉटकॉम ने आज कुछ रिपोर्ट्स का हवाला देते हुए यह खबर दी। इसमें कहा गया कि 270 किलोमीटर लंबी बांग्लादेश-म्यांमार सीमा अब अब अराकान आर्मी के नियंत्रण में है। महीनों की भीषण लड़ाई के बाद विद्रोही समूह ने आठ दिसंबर को माउंगडॉ के पास अंतिम शेष जुंटा-नियंत्रित सीमा चौकी, बीजीपी-5 बटालियन पर कब्जा कर लिया। विद्रोही समूह के वीडियो में दिखाया गया है कि उनकी सेना भारी गोलीबाड़ी के साथ चौकी को घेर रही है और म्यांमार की वायु सेना जवाबी हमला कर रही है। सुरक्षा विश्लेषकों का कहना है कि रखाइन में कुछ रोहिंग्या-गठबंधन समूह, जिनमें अराकन रोहिंग्या आर्मी (एआरए) और अराकन रोहिंग्या साल्वेशन आर्मी (एआरएसए) शामिल हैं, शुरू में जुंटा के पक्ष में थे। माउंगडॉ शहर में मिली हार को तख्तापलट के नेता जनरल मिन आंग ह्लाइंग के लिए एक और झटका माना जा रहा है। जून के बाद से माउंगडॉ में लड़ाई के दौरान जुंटा को भारी नुकसान हुआ है। सात दिसंबर को विद्रोही समूह ने हवाई और जमीनी हमलों को विफल करते हुए रखाइन के ऐन टाउनशिप में 30 से अधिक जुंटा सैन्य शिविरों पर कब्जा करने की घोषणा की थी। अब म्यांमार के सैनिकों ने माउंगडॉ में आत्मसमर्पण करना शुरू कर दिया है। विद्रोही समूह अराकान आर्मी जश्न मना रही है। समूह ने दावा किया कि माउंगडॉ की घेराबंदी के दौरान 450 से अधिक जुंटा सैनिक मारे गए। इस दौरान ब्रिगेडियर जनरल थुरिन ट्यून और अन्य अधिकारियों को घुटने टेकने पर मजबूर कर दिया गया।

मुद्रक एवं प्रकाशक राकेश शर्मा द्वारा अजय त्यागी के लिए ईको प्रिंटिंग प्रेस, पोस्ट एवं पीएस : गड़चुक, कटाबाड़ी मस्जिद के पास, कामरूप (मेट्रो), गुवाहाटी-35 से मुद्रित एवं **गुड लक पब्लिकेशंस, हाउस नं. 30, डी. नेउग पथ, डोना प्लैनेट के नजदीक, एबीसी, जीएस रोड गुवाहाटी-5 से प्रकाशित।**
**संपादक : राकेश शर्मा,** मोबाइल : 94350-14771, 97070-14771 ● **कार्यकारी संपादक : डॉ. आसमां बेगम ● फोन : 0361-2960054 ( संपादकीय )** e-mail : viksitbharatsamacharghy@gmail.com, **( सभी विवाद सिर्फ गुवाहाटी न्याय क्षेत्र के अधीन )**

## जोरहाट में विकास के 12 दिन

# मुख्यमंत्री ने किया जल आपूर्ति योजना का भूमि पूजन और शिलान्यास

**जोरहाट (हिंस)।** जोरहाट में विकास की यात्रा में एक और महत्वपूर्ण अध्याय जुड़ गया। मुख्यमंत्री डॉ. हिमंत विश्व शर्मा ने आज जोरहाट नगर की पेयजल आपूर्ति योजना का भूमि पूजन और शिलान्यास किया। यह परियोजना एलेंगमोरा पहुमोरा गांव में 170 करोड़ रुपए की लागत से स्थापित की जाएगी, जिससे जोरहाट के 14,700 परिवारों को 24 घंटे टेप से पेयजल की सुविधा मिलेगी। इसके बाद जोरहाट स्टेडियम में आयोजित एक विशाल जनसभा में मुख्यमंत्री ने 12,647 महिलाओं को माइक्रोफाइनेंस ऋण माफी के प्रमाण



पत्र सौंपे। उन्होंने प्राकृतिक आपदा से प्रभावित पांच लोगों को पुनर्वास के लिए प्रत्येक को 1,20,000 रुपए का चेक प्रदान किया। साथ ही, प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य प्रसंस्करण उद्यम योजना के तहत 366 लाभार्थियों को एकमुश्त सहायता राशि के चेक भी वितरित किए। इस कार्यक्रम में मंत्री अजंता नेओग, जयंत मल्लबरुवा, विधायक हितेंद्र नाथ गोस्वामी, भवेंद्र नाथ भराली, रूपज्योति कुर्मी सहित भाजपा के कई नेता और कार्यकर्ता मौजूद रहे। पत्रकारों के सवालों का जवाब देते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि जोरहाट मेडिकल कॉलेज का ढांचा अन्य मेडिकल कॉलेजों की तुलना में बेहतर है। हाल ही में जोरहाट मेडिकल कॉलेज में हुए विवाद पर उन्होंने कहा कि यह मामला जांच के लिए जिला आयुक्त को सौंपा गया है और रिपोर्ट जल्द ही प्रस्तुत की जाएगी। उन्होंने यह भी बताया कि अनाथ मरीजों के लिए विशेष प्रबंध करने की योजना पर विचार किया जा रहा है।

## फर्जी आधार कार्ड तैयार करने के आरोप में पांच गिरफ्तार

**नगांव (हिंस)।** असम के नगांव और मोरीगांव जिलों समेत अन्य जिलों में जनसंख्या से अधिक आधार कार्ड पाए जाने पर राज्य सरकार ने गंभीर चिंता व्यक्त की है। इसे देखते हुए हाल ही में राज्य कैबिनेट ने निर्णय लिया है कि एनआरसी में आवेदन न करने वाले किसी भी व्यक्ति को आधार कार्ड जारी नहीं किया जाएगा। इसी के तहत शुक्रवार को नगांव पुलिस ने जुरिया के चितलमारी बिला इलाके में छापा मारा। इस दौरान पुलिस ने एक कंप्यूटर सेंटर के मालिक सलीमउद्दीन और बहारुल इस्लाम नामक दो लोगों को गिरफ्तार किया। पुलिस ने उनके पास से कई इलेक्ट्रॉनिक उपकरण और दस्तावेज जब्त किए हैं। पुलिस का दावा है कि ये लोग अवैध रूप से फर्जी आधार कार्ड बनाने में शामिल थे। इसके अलावा, ज्ञान प्रकाश और आदित्य कुशवाहा और अवनीश कुमार को भी नगांव पुलिस ने गिरफ्तार किया है।

## मंत्री कौशिक राय ने की नए राशन कार्ड की प्रगति की समीक्षा

**सिलचर (हिंस)।** जन कल्याण को बढ़ाने और राशन वितरण को सुव्यवस्थित करने के लिए एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए, खाद्य, सार्वजनिक वितरण, उपभोक्ता मामले और कानूनी माप विज्ञान (एफपीडीसीए और एलएम), खान और खनिज, और बराक घाटी विकास विभाग के मंत्री, कौशिक राय ने शुक्रवार को डीसी कार्यालय के नए सम्मेलन कक्ष में कछार जिले के लिए नए राशन कार्ड जारी करने की प्रगति का आकलन करने के लिए एक उच्च स्तरीय समीक्षा बैठक बुलाई। यह बैठक मंत्री कौशिक राय की अध्यक्षता में हुई, जिसमें कछार के जिला आयुक्त मृदुल यादव ने भाग लिया। इस अवसर पर सिलचर के विधायक दीपायन चक्रवर्ती, उदारबंद के विधायक मिहिर कांति शोम, धोलाई के विधायक निहार रंजन दास सहित कई प्रतिष्ठित जनप्रतिनिधि मौजूद थे। कछार के अतिरिक्त जिला आयुक्त और एफपीडीसीए के प्रभारी डॉ. ध्रुवज्योति हजारिका ने अन्य विभागीय अधिकारियों के साथ विचार-विमर्श में योगदान दिया। बैठक के दौरान, मंत्री कौशिक राय ने यह सुनिश्चित करने के लिए सरकार की प्रतिबद्धता पर जोर दिया कि सभी पात्र लाभार्थियों को उनके राशन कार्ड तुरंत प्राप्त हों। उन्होंने लंबित आवेदनों की स्थिति की समीक्षा की और किसी भी अड़चन को दूर करते हुए प्रक्रिया में तेजी लाने के उपायों पर चर्चा की। राय ने समाज के वंचित वर्गों को लाभ पहुंचाने के लिए वितरण प्रणाली में पारदर्शिता और जवाबदेही के महत्व को




दोहराया। विधायकों ने अपने-अपने निर्वाचन क्षेत्रों के सामने आने वाली चुनौतियों के बारे में अपनी अंतर्दृष्टि और चिंताओं को भी साझा किया, यह सुनिश्चित करते हुए कि लोगों की आवाज़ को प्रभावी ढंग से प्रस्तुत किया जाए। सत्र का समापन आवेदन प्रक्रिया को सुव्यवस्थित करने, जन जागरूकता अभियान बढ़ाने और कछार जिले में नए राशन कार्डों की निर्बाध शुरुआत सुनिश्चित करने के लिए कार्रवाई योग्य निर्देशों के साथ हुआ। मंत्री राय ने जिला प्रशासन के प्रयासों की सराहना की और सभी हितधारकों से एक समान सार्वजनिक वितरण प्रणाली के दृष्टिकोण को प्राप्त करने की दिशा में सामूहिक रूप से काम करने का आग्रह किया। यह बैठक बराक घाटी क्षेत्र में कल्याण और विकास के लिए असम सरकार की प्रतिबद्धता की दिशा में एक और कदम है।

## असम को विकास की नई ऊंचाइयों पर ले जाने के लिए सरकार प्रतिबद्ध : मंत्री सिंघल



**गुवाहाटी (हिंस)।** असम के कैबिनेट मंत्री अशोक सिंघल ने कहा है कि स्वास्थ्य और परिवार कल्याण विभाग के मंत्री का कार्यभार संभालने के बाद आज विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ बैठक की है। मंत्री सिंघल ने सोशल मीडिया के जरिए जानकारी साझा करते हुए कहा कि इस बैठक में उन्होंने वर्तमान में चल रही विभिन्न योजनाओं और कार्यों की जानकारी ली है। उन्होंने कहा कि इस महत्वपूर्ण विभाग की जिम्मेदारी सौंपने के लिए मुख्यमंत्री डॉ. हिमंत विश्व शर्मा का हृदय से आभार व्यक्त करते हैं। उनके नेतृत्व में असम को विकास की नई ऊंचाइयों पर ले जाने के लिए हमारी यात्रा को और भी अधिक गतिशील बनाने के लिए हम प्रतिबद्ध हैं।

## धेमाजी जिला सत्र न्यायालय का ऐतिहासिक फैसला, छह अपराधियों को आजीवन कारावास

**धेमाजी (हिंस)।** धेमाजी जिला सत्र न्यायालय ने एक ऐतिहासिक फैसला सुनाते हुए हत्या के एक मामले में छह दोषियों को आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। साथ ही, प्रत्येक दोषी पर 20 हजार रुपए का जुर्माना भी लगाया गया है। आजीवन कारावास की सजा पाने वाले दोषियों के नाम हैं-धेमाजी के विष्णुपुर गांव के निवासी निरेन बर्मन, अजीत बर्मन, राजीव दास, तपेश दास, धनंजय कर और देव बर्मन। ये मामला 2012 का है, जब इन सभी दोषियों ने एक ही गांव के निवासी नंदी सिंह को उसके घर में घुसकर बेरहमी से हत्या कर दी थी। न्यायालय ने इसे एक जघन्य अपराध मानते हुए सख्त सजा सुनाई। यह फैसला क्षेत्र में कानून और न्याय व्यवस्था पर लोगों का विश्वास मजबूत करने वाला माना जा रहा है।

## तीन दिवसीय प्रागज्योतिषपुर साहित्य महोत्सव का शुभारंभ

**गुवाहाटी (हिंस)।** तीन दिवसीय प्रागज्योतिषपुर साहित्य महोत्सव 2024 का शुभारंभ शुक्रवार को गुवाहाटी स्थित श्रीमंत शंकरदेव कलाक्षेत्र परिसर में हुआ। इस महोत्सव में सैकड़ों साहित्य प्रेमियों ने हिस्सा लिया। 15 दिसंबर तक चलने वाले इस महोत्सव के पहले दिन प्रतिभागियों की जबरदस्त प्रतिक्रिया देखने को मिली। उद्घाटन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में असम महिला विश्वविद्यालय की पूर्व कुलपति और शोधकर्ता-अकादमिक डॉ. मालिनी गोस्वामी मौजूद थीं। जबकि, प्रमुख स्तंभकार, पत्रकार और अर्थशास्त्री स्वामीनाथन गुरुमूर्ति ने मुख्य भाषण दिया। कार्यक्रम की शुरुआत शास्त्रीय संगीत कलाकार विद्यासागर द्वारा भावपूर्ण बोरगीत प्रस्तुति के साथ हुई। आयोजन समिति, शंकरदेव शिक्षा और शोध फाउंडेशन के अध्यक्ष लेफ्टिनेंट जनरल (सेवानिवृत्त) राणा प्रताप कलिता ने समारोह की शोभा बढ़ाई। अन्य प्रमुख अतिथियों में प्रसिद्ध लेखक तरुण बोरो, आयोजन समिति के अध्यक्ष, प्रागज्योतिषपुर विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर स्मृति कुमार सिन्हा और दो विशेष अतिथि वक्ता-वकील-लेखक जे. साई दीपक और जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय के प्रोफेसर व प्रसिद्ध लेखक आनंद रंगनाथन शामिल थे। *जड़ों की तलाश में* विषय पर आधारित प्रागज्योतिषपुर साहित्य महोत्सव के दूसरे संस्करण की शुरुआत वक्ताओं द्वारा भारत की समृद्ध विरासत और ज्ञान परंपराओं को खंगालने की आवश्यकता पर गहन विचार-विमर्श के साथ हुई। स्वागत भाषण में लेफ्टिनेंट जनरल कलिता ने एक सैन्य अधिकारी के दृष्टिकोण से महाबीर लचित के साहस और रणनीतियों की प्रासंगिकता का विश्लेषण किया और इन ऐतिहासिक कथाओं को नई पीढ़ी तक पहुंचाने के महत्व पर जोर दिया। अपने संबोधन में डॉ. मालिनी गोस्वामी ने




प्राचीन से आधुनिक काल तक असमिया साहित्य की यात्रा को रेखांकित किया और क्षेत्र की भारत की साहित्यिक और सांस्कृतिक परंपराओं से गहरी जुड़ाव पर प्रकाश डाला। *संस्कृति के माध्यम से विकास* विषय पर मुख्य भाषण देते हुए, स्वामीनाथन गुरुमूर्ति ने वैश्विक परिप्रेक्ष्य में भारत की विकृत छवि पर गंभीर चर्चा की। उन्होंने कहा कि स्वतंत्रता प्राप्ति के 75 वर्ष बाद भी भारत स्वतंत्र सोच विकसित नहीं कर पाया है। गुरुमूर्ति ने भारत को समझने के लिए अपनाई गई पश्चिमी विश्लेषणात्मक दृष्टि पर सवाल उठाए और भारतीय शिक्षा प्रणाली को रोजगार-उन्मुख मानसिकता को बढ़ावा देने के लिए दोषी ठहराया, जिसने उद्यमशीलता की भावना को दबा दिया है। अपने समापन भाषण में, आयोजन समिति के अध्यक्ष तरुण बोड़ो ने आजीविका के साथ-साथ साहित्य की अनिवार्य भूमिका पर जोर देते हुए कहा कि साहित्य मानसिक शांति प्रदान करता है। उद्घाटन सत्र के बाद तीन व्याख्यान सत्र आयोजित किए गए। प्रख्यात कानूनी विशेषज्ञ और लेखक जे. साई दीपक ने *संविधान और सभ्यता* विषय पर गहन वक्तव्य दिया। जबकि, आनंद रंगनाथन ने *ट्रेडमिल से ट्रैवलैटर तक: भारत 2047* पर विश्लेषण प्रस्तुत किया। प्रमुख अर्थशास्त्री और इतिहासकार संजीव सान्याल ने *ऐतिहासिक पुनर्मूल्यांकन का महत्व* विषय पर अपने विचार व्यक्त किए। विशेष रूप से, महोत्सव के तीन दिनों में कई पैनल चर्चाएं और कार्यशालाएं आयोजित की जाएंगी, जिनका समापन 15 दिसंबर को होगा। कल की चर्चाओं में *विरासत और सांस्कृतिक पहचान: प्रौद्योगिकी की भूमिका, असम के विविध समाज में ब्रह्मपुत्र नद की भूमिका, पत्रकारिता का रूपांतरण: विश्वसनीयता और भरोसेमंदता,* और *मनोरंजन से परे: समाज में सिनेमा की भूमिका* जैसे विषय शामिल होंगे।

# बीटीसी ने मत्स्य पालन को किया सशक्त

**विकसित भारत समाचार**

**कोकराझाड़।** बीटीआर में जलीय कृषि को बढ़ावा देने और मोती की खेती को बढ़ावा देने की दिशा में एक बड़ा कदम उठाते हुए, बीटीसी के सहकारिता विभाग ने कोकराझाड़ के उत्तरी चेकादानी में जौंगथी मोती उत्पादन सहकारी समिति लिमिटेड को 5000 मोती मसल्स सौंपे। वितरण कार्यक्रम का उद्घाटन बीटीसी के सहयोग के लिए ईएम, बीटीसी उकिल मुशहरी ने सीएचडी सहयोग, जयंत खेरकटारी की उपस्थिति में किया। मसल्स को उनके अस्तित्व और विकास को सुनिश्चित करने के लिए विशिष्ट प्रक्रियाओं का पालन करते हुए एक निर्दिष्ट तालाब में औपचारिक रूप से छोड़ा गया। 2 बीघा क्षेत्र में फैले इस तालाब से 15 महीने की अवधि के बाद मोती मिलने की उम्मीद है। सभा को संबोधित करते हुए, मुशहरी ने मोती की खेती की क्षमता को एक आकर्षक उद्यम के रूप में उजागर किया जो बीटीआर में जलीय कृषि प्रथाओं में विविधता ला सकता है। उन्होंने किसानों को बाजार संपर्क स्थापित करने के लिए विभाग की ओर से पूर्ण समर्थन का आश्वासन दिया, ताकि यह सुनिश्चित हो सके कि मोतियों को बाजार में उचित मांग और मूल्य मिले। बदले में, उन्होंने किसानों से पूरे मन से काम करने और पहल को सफल बनाने के लिए अपना सर्वश्रेष्ठ प्रयास करने का आग्रह किया।



इस साल की शुरुआत में, सितंबर में, बीटीसी प्रमुख प्रमोद बोड़ो ने कोकराझाड़ के तीतागुड़ी में समाबाई भवन में एक अत्याधुनिक प्रयोगशाला का उद्घाटन किया, जो मसल ऑपरेशन के लिए उचित सर्जिकल प्रक्रियाओं को सुनिश्चित करके मोती की खेती को सुविधाजनक बनाने के लिए समर्पित है। यह पहल सहकारी समितियों को सशक्त बनाने और बोड़ोलैंड में ग्रामीण अर्थव्यवस्था को बढ़ावा देने के लिए अभिनव और पर्यावरण के अनुकूल प्रथाओं को बढ़ावा देने में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है। जंघथी पर्ल प्रोडक्शन को-ऑपरेटिव सोसाइटी लिमिटेड, विशेष रूप से महिला सहकारी समितियों ने समर्थन के लिए बीटीआर सरकार के प्रति आभार व्यक्त किया और सफल मोती की खेती के लिए पूर्ण प्रयास करने का आश्वासन दिया, जिससे समाज और स्थानीय समुदाय के लिए पर्याप्त आर्थिक लाभ उत्पन्न होने की उम्मीद है। मोती की खेती में तेजी आने के साथ, यह पायलट पहल क्षेत्र में सतत जलीय कृषि विकास के लिए एक मॉडल बनाने के लिए तैयार है।

## होजाई : पत्नी की हत्या के दोषी को उम्रकैद की सजा

**होजाई (हिंस)।** होजाई जिला सत्र न्यायालय ने आज पत्नी की हत्या के मामले में दोषी साबित हुए शबिकुल इस्लाम को उम्रकैद की सजा सुनाई। यह घटना 24 सितंबर, 2020 की है, जब चंदनपुर राइकाटा के निवासी शबिकुल इस्लाम ने घरेलू विवाद के चलते अपनी पत्नी अकलीमा खातून की तेजधार हथियार से हत्या कर दी थी। घटना के बाद मृतका के भाई इमान अली ने होजाई पुलिस थाने में मामला दर्ज कराया। पुलिस ने मामला संख्या 688/20 के तहत केस दर्ज कर आरोपी शबिकुल इस्लाम को गिरफ्तार कर जेल भेजा। जांच के बाद पुलिस ने चार्जशीट दाखिल की, और मामला होजाई जिला सत्र न्यायालय में चला। इस मामले में सरकार की ओर से शंकरदेव नगर के सरकारी वकील अमर ज्योति शइकिया ने दलीलें पेश कीं। आज अदालत ने मामले की सुनवाई पूरी कर आरोपी को दोषी ठहराते हुए उम्रकैद की सजा सुनाई।

## ग्वालपाड़ा में चला अतिक्रमण विरोधी अभियान

**ग्वालपाड़ा (हिंस)।** असम सरकार ने शुक्रवार को ग्वालपाड़ा जिले में अतिक्रमण विरोधी अभियान के तहत 40 से अधिक परिवारों को बेदखल किया। एक अधिकारी ने बताया कि निवासियों को बेदखली के नोटिस पहले ही जारी कर दिए गए थे। बालीजान राजस्व क्षेत्र के अंतर्गत पंचरत्न क्षेत्र में सुबह से ही उत्खनन मशीनों का उपयोग किया जा रहा था।अतिक्रमणकारियों के प्रतिरोध को नियंत्रित करने के लिए सुरक्षा बलों को तैनात किया गया था। कई बेदखल निवासियों ने, जिन्होंने दावा किया कि वे तीन पीढ़ियों से इस क्षेत्र में रह रहे हैं, अभियान का विरोध किया। एक महिला ने कहा कि मैं इस घर में पैदा हुई थी और अब मेरे पोते-पोतियां यहां रहते हैं। हमें अचानक से यहां से जाने के लिए मजबूर नहीं किया जा सकता। एक वरिष्ठ निवासी ने वैकल्पिक आवास उपलब्ध न कराने के लिए प्रशासन की आलोचना की और सवाल किया, *अब लोग कहां रहेंगे?* कुछ महिलाओं द्वारा उत्खनन मशीनों को बाधित करने के प्रयासों के बावजूद, पुलिस ने हस्तक्षेप किया और सुनिश्चित किया कि अभियान जारी रहे। अधिकारी ने कहा कि बेदखली के कारण विभिन्न धार्मिक और भाषाई पृष्ठभूमि के 44 परिवार विस्थापित हो गए। अतिरिक्त जिला आयुक्त नवज्योति पाठक, बालिजन क्षेत्राधिकारी पूजा दास और अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अनीता हजारिका सहित वरिष्ठ जिला अधिकारियों ने कार्रवाई की निगरानी की।

## राज्यपाल ने प्रो. चौधरी के आकस्मिक निधन पर जताई शोक

**गुवाहाटी (हिंस)।** असम के राज्यपाल लक्ष्मण प्रसाद आचार्य ने असम सरकार के पूर्व शिक्षा सलाहकार और तेजपुर विश्वविद्यालय के पूर्व कुलपति प्रो. मिहिर कांति चौधरीको के निधन पर शोक व्यक्त किया, जिन्होंने आज शहर के एक अस्पताल में अंतिम सांसें लीं। आज यहां एक बयान में आचार्य ने कहा कि प्रो. मिहिर कांति चौधरी के आकस्मिक निधन की खबर सुनकर गहरा दुख हुआ है। एक शिक्षाविद के रूप में वे उत्कृष्ट थे और उन्होंने असम में उच्च शिक्षा के विकास में बहुत योगदान दिया। वे एक अच्छे इंसान भी थे और राज्य के बौद्धिक रूप से प्रभावित दिमागों को प्रोत्साहित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने के अलावा, उन्होंने अपने छात्रों को नेक इंसान बनने में मदद की। उनका असामयिक निधन राज्य और देश के लिए एक बड़ी क्षति है।

## एसएसबी की रंगिया मुख्यालय प्रांगण में तीन दिवसीय अंतर वाहिनी क्रीड़ा प्रतियोगिता 2024-25 का आयोजन

**रंगिया (विभास)।** सीमांत मुख्यालय सशस्त्र सीमा बल गुवाहाटी के निर्देशन में, क्षेत्रक मुख्यालय एसएसबी रंगिया एवं बंगाईगांव के सहयोग से, 24वीं वाहिनी सशस्त्र सीमा बल रंगिया मुख्यालय प्रांगण में 03 दिवसीय अंतर वाहिनी क्रीड़ा प्रतियोगता-2024-25 के भव्य आयोजन का किया जा रहा है। दिनांक 12.12.2024 को मुख्य अथिति सुधीर वर्मा, महानिरीक्षक, सीमांत मुख्यालय सशस्त्र सीमा बल गुवाहाटी द्वारा दीप प्रज्ज्वलित कर इस प्रतियोगता का शुभारंभ किया गया। यह प्रतियोगता दिनांक 12.12.2024 से 14.12.2024 तक चलेगी। इस खेल प्रतियोगिता में विभिन्न खेल जैसे वालीबाल, बैडमिंटन, टेबल टेनिस, टग आफ वार, एथेलेटिक्स (100 मीटर, 5 किमी), 40 मीटर शटल दौड़, चिन अप, पुश अप, वर्टिकल रोप, लांग जंप, हाई जंप एवं शार्ट पुट आदि का आयोजन किया जाएगा। इस खेल प्रतियोगता में सीमांत मुख्यालय गुवाहटी, क्षेत्रक मुख्यालय रंगिया एवं बंगाईगांव तथा सीमांत मुख्यालय गुवाहाटी के अंतर्गत आने वाली सभी इकाइयों की महिला एवं पुरुष टीमें भाग लेंगी है जिसमें कुल 232 खिलाड़ी भाग लेंगें। इस प्रतियोगता का उद्देश्य जवानों में खेल की भावना को निरंतर आगे ले जाने तथा खेल के प्रति लोगों को जगरूक करने का है। खेल हमारे




जीवन का महत्वपूर्ण अंग है। यह हमें मानसिक एवं शारीरिक रूप से स्वस्थ रखने के साथ-साथ हमारे सामाजिक जीवन के विकास का भी माध्यम है। खेलने से हमारी शरीर की शक्ति बढ़ती है और खेल हमें विज्ञान, मनोविज्ञान, अनुशासन तथा नैतिकता की महत्वपूर्ण शिक्षाएं भी प्रदान करता है। हमारा मानसिक तनाव कम होता है और खेल से हम सामूहिक जीवन का आनंद ले सकते हैं। हमें नियमित रूप से खेलने के लिए समय निकलना चाहिए ताकि हम अपने जीवन को स्वस्थ, सुखी और सफल बना सकें।

# बीटीसी प्रमुख ने कोकराझाड़ में *विकास के 12 दिन* पहल के तहत शैक्षिक प्रोत्साहन वितरित किए

**विकसित भारत समाचार**

**कोकराझाड़।** मुख्यमंत्री डॉ. हिमंत विश्व शर्मा के नेतृत्व में राज्य भर में *विकास के 12 दिन* पहल के हिस्से के रूप में, बीटीसी प्रमुख प्रमोद बोड़ो ने आज कोकराझाड़ जिले के ग्रीन फील्ड में शैक्षिक प्रोत्साहन के वितरण का शुभारंभ किया। इस पहल के तहत, बीटीसी प्रमुख ने प्रज्ञान भारती योजना के डॉ. बनिकंता काकती मैरिट पुरस्कार के तहत 737 स्कूटर वितरित किए। मुख्यमंत्री की विशेष योजना के तहत कक्षा 9 के छात्रों को 11,504 साइकिलें वितरित की गईं, और एचएसएलसी परीक्षाओं में 75 प्रतिशत या उससे अधिक अंक लाने वाले 365 छात्रों को आनंदोराम बरुवा नकद पुरस्कार दिए गए। अपने संबोधन में बीटीसी प्रमुख प्रमोद बोड़ो ने कहा कि असम इन जैसी अभिनव पहलों के माध्यम से देश के सबसे विकसित राज्यों में से एक बनने की राह पर है। उन्होंने बीटीआर सरकार के *स्मार्ट, ग्रीन और शांतिपूर्ण*



*बीटीआर* के दृष्टिकोण पर भी प्रकाश डाला, जो व्यापक शिक्षा के लिए क्षेत्र की प्रतिबद्धता को रेखांकित करता है। उन्होंने अगले साल सुपर 50 कार्यक्रम को सुपर 100 तक विस्तारित करने की घोषणा की, जिसका उद्देश्य अधिक छात्रों को लाभान्वित करना है। उन्होंने आगे कहा कि वर्तमान सरकार के तहत बीटीआर में 1,200 स्कूलों का जीर्णोद्धार और मरम्मत की गई है, और आने वाले वर्ष में 400 और स्कूलों को अपग्रेड किया जाएगा। अगले शैक्षणिक सत्र तक, उन्होंने आश्वासन दिया कि बीटीआर में किसी भी बच्चे को क्षतिग्रस्त, टपकती छत के नीचे नहीं पढ़ना पड़ेगा और सभी छात्रों को मध्याह्न भोजन उपलब्ध कराया जाएगा। उन्होंने साइकिल और स्कूटर के लाभार्थियों से उनका जिम्मेदारी से उपयोग करने का भी आग्रह किया, यह सुनिश्चित करते हुए कि ये संसाधन उनकी शैक्षिक यात्रा में योगदान दें। कार्यक्रम में शामिल हुए विधायक लॉरेंस इस्लेरी ने शिक्षा क्षेत्र में सरकार की पहल की सराहना की, लेकिन शैक्षणिक परिणामों में सुधार की आवश्यकता पर जोर दिया। उन्होंने शैक्षिक परिणामों को बढ़ाने और निरंतर प्रगति सुनिश्चित करने के लिए सभी हितधारकों से सामूहिक प्रयास करने का आह्वान किया। कार्यक्रम में विधायक जीरोन बसुमतारी, बीटीसी ईएम विल्सन हसदा और गौतम दास, बीटीसी एमसीएलए माधव छेत्री और मोंटू बोरो, बीकेडब्ल्यूएसी के उप प्रमुख रोमियो पी. नरजारी, तमुलपुर के पूर्व विधायक चंडी बसुमतारी, एडीसी और अन्य अधिकारियों सहित कई गणमान्य व्यक्ति शामिल हुए।

संपादकीय

# पुरुष उत्पीडऩ का सच

यह कैसा दौर है? कैसे रिश्ते हैं? वैवाहिक संबंध बेचे जा रहे हैं? पुरुष उत्पीडऩ का नया तबका बन गया है। पुरुष एटीएम बनता जा रहा है। स्त्री-पुरुष अब सामाजिक, मानसिक पूरक नहीं, बल्कि संबंधों के बाजार की दो वस्तुएं हैं। लैंगिक विभेद की व्याख्याएं अधूरी और आग्रही हैं। यह कैसा समाज बन गया है, जहां सिर्फ स्त्री और पुरुष हैं, कोई सामाजिक रिश्ता नहीं है। रिश्ते दरक रहे हैं, तो परिवार टूट रहे हैं और आपसी सम्मान भी विलुप्त हो रहे हैं। हमने ऐसा पश्चिमी देशों के संदर्भ में सुना था, लेकिन अब भारतीय संस्कृति में भी संबंधों और मूल्यों को खरोंचा जा रहा है। हम कोई प्रवचन देने की मुद्रा में नहीं हैं और न ही स्त्री-द्वेष वर्ग के चेहरे हैं। हम नारीवाद, महिला सशक्तिकरण के विरोधी भी नहीं हैं। घरेलू हिंसा, झूठे आरोप और उत्पीडऩ, आर्थिक लूट के शिकार पुरुष भी हो रहे हैं। उनके लिए विशेष कानून क्यों नहीं हैं? बलात्कार, यौन उत्पीडऩ, घरेलू हिंसा, दहेज की मांग के झूठे केस भी दर्ज होते रहे हैं। अदालतों के जरिए ऐसे मामले भी सुर्खियां बनते रहे हैं। स्त्री को निर्णायक तौर पर दंडित करने वाले कानून क्यों नहीं हैं। समाज में पुरुष भी उतनी महत्वपूर्ण और अनिवार्य ईकाई है, जितनी महिला है। ये सवाल, ये मुद्दे इसलिए उठे हैं, क्योंकि एक बहुराष्ट्रीय कंपनी में डीजीएम के पद पर कार्यरत, एआई इंजीनियर, 34 वर्षीय अतुल ने वैवाहिक उत्पीडऩ से तंग आकर आत्महत्या कर ली। मौत से पहले उस नौजवान ने जो वीडियो सार्वजनिक किया और 24 पन्नों का आत्महत्या नोट लिखा, वे थर्राने वाले दस्तावेज हैं। उस युवक ने अदालती व्यवस्था को भी बेनकाब किया, क्योंकि महिला जज ने 5 लाख रुपए की घूस मांगी थी। जज ने हंसते हुए व्यंग्य किया था, 'नहीं तो जिंदगी भर तुम और तुम्हारा परिवार अदालत के धक्के खाते रहना। नौबत आत्महत्या की भी आ सकती है, लिहाजा 5 लाख में मैं तुम्हारा केस सेटल कर सकती हूं।' युवा इंजीनियर अदालत की व्यवस्था से भी उत्पीड़ित था। केस की 58 तारीखें लग चुकी थीं। वह बंगलूरु से जौनपुर, यूपी में हर तारीख पर नहीं आ सकता था। उसे पत्नी की 3 करोड़ रुपए के गुजारा भत्ता की मांग भी सवालिया लगी। अंततः आत्महत्या का फैसला लिया, ताकि पैसा देने वाली ईकाई ही समाप्त हो जाए। आत्महत्या नोट में इंजीनियर ने लिखा- 'यदि मुझे इंसाफ न मिले, तो मेरी अस्थियां अदालत के पास वाले गटर में बहा दी जाएं।' कितना मार्मिक और पराजित कथन है यह! दरअसल हम किसी निष्कर्ष पर नहीं पहुंच रहे हैं। आत्महत्या नोट 'सत्य की पराकाष्ठा' माना जाता है। मरने से पहले नौजवान इंजीनियर ने जो कुछ लिखा है, हम उसके आधार पर ही विश्लेषण कर रहे हैं और कुछ सवाल उठाए हैं। अदालत का फैसला आना है। हमारे कानून नारीवादी हैं। यदि स्त्री हिंसा या उत्पीडऩ अथवा शोषण की शिकायत दर्ज कराती है, तो पुरुष पक्ष के कई लोगों को जेल में भेजा जा सकता है। बाद में वह शिकायत फर्जी भी साबित हो सकती है। ऐसे कानून में संशोधन किया जाना चाहिए। बेशक हमारा समाज पितृसत्तात्मक है। सभ्यता की बुनियाद यही है। औसत वैश्विक संस्थान पुरुष निर्मित है। अधिकतर भगवान पुरुष हैं, जिनकी पूजा महिलाएं करती हैं। यह दुनिया ही पुरुष की है, लेकिन अब यथार्थ बदल भी रहे हैं। औरत हर क्षेत्र में बढ़ रही है। फिर ऐसे कानून क्यों हैं कि जिनका दुरुपयोग किया जा रहा है।

स्त्री-पुरुष अब सामाजिक, मानसिक पूरक नहीं, बल्कि संबंधों के बाजार की दो वस्तुएं हैं। लैंगिक विभेद की व्याख्याएं अधूरी और आग्रही हैं। यह कैसा समाज बन गया है, जहां सिर्फ स्त्री और पुरुष हैं, कोई सामाजिक रिश्ता नहीं है। रिश्ते दरक रहे हैं, तो परिवार टूट रहे हैं और आपसी सम्मान भी विलुप्त हो रहे हैं। हमने ऐसा पश्चिमी देशों के संदर्भ में सुना था, लेकिन अब भारतीय संस्कृति में भी संबंधों और मूल्यों को खरोंचा जा रहा है। हम कोई प्रवचन देने की मुद्रा में नहीं हैं और न ही स्त्री-द्वेष वर्ग के चेहरे हैं। हम नारीवाद, महिला सशक्तिकरण के विरोधी भी नहीं हैं। घरेलू हिंसा, झूठे आरोप और उत्पीडऩ, आर्थिक लूट के शिकार पुरुष भी हो रहे हैं। उनके लिए विशेष कानून क्यों नहीं हैं? बलात्कार, यौन उत्पीडऩ, घरेलू हिंसा, दहेज की मांग के झूठे केस भी दर्ज होते रहे हैं। अदालतों के जरिए ऐसे मामले भी सुर्खियां बनते रहे हैं। स्त्री को निर्णायक तौर पर दंडित करने वाले कानून क्यों नहीं हैं। समाज में पुरुष भी उतनी महत्वपूर्ण और अनिवार्य ईकाई है, जितनी महिला है।

### भाजपा दिल्ली में अपनी जीत सुनिश्चित करने के लिए नए तरीके से चुनावी तैयारियों में जुट चुकी

# दिल्ली की चुनावी जंग में कौन सत्ता का ताज पहनेगा?

ललित गर्ग

भाजपा दिल्ली विधानसभा चुनाव दूसरे प्रांतों की ही भांति बिना किसी मुख्यमंत्री चेहरे के लड़ने का मन बना चुकी है और केंद्र सरकार की योजनाओं को जनता के बीच रखेगी। पार्टी का मानना है कि लोग प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व से प्रभावित हो सकते हैं। दिल्ली में भाजपा के पास एक से एक मजबूत नेता हैं, लेकिन इनमें से कोई भी नेता मुख्यमंत्री के रूप में पार्टी के लिए पेश नहीं किया जा रहा है।

दिल्ली विधानसभा की 70 सीटों के लिए फरवरी 2025 या उससे पहले चुनाव होने की संभावनाओं को देखते हुए राजनीतिक हलचलें एवं सरगर्मियां उग्र हो गयी है। इस बार के चुनाव में आम आदमी पार्टी लगातार तीसरी बार सत्ता में लौटने की तैयारी में जुट गई है। वहीं, भाजपा और कांग्रेस इस बार सत्ता में वापसी की तैयारी में जुटी है। भाजपा दिल्ली विधानसभा चुनाव दूसरे प्रांतों की ही भांति बिना किसी मुख्यमंत्री चेहरे के लड़ने का मन बना चुकी है और केंद्र सरकार की योजनाओं को जनता के बीच रखेगी। पार्टी का मानना है कि लोग प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व से प्रभावित हो सकते हैं। दिल्ली में भाजपा के पास एक से एक मजबूत नेता हैं, लेकिन इनमें से कोई भी नेता मुख्यमंत्री के रूप में पार्टी के लिए पेश नहीं किया जा रहा है। भाजपा दिल्ली में अपनी जीत सुनिश्चित करने के लिए नए तरीके से चुनावी तैयारियों में जुट चुकी है, वही कांग्रेस अपनी खोयी जमीन को हासिल करने के लिये जद्दोजहद करती हुई दिखाई दे रही है। निश्चित ही इस बार का दिल्ली चुनाव आक्रामक एवं संघर्षपूर्ण त्रिकोणात्मक होगा। आप, कांग्रेस एवं भाजपा की चुनावी जंग में कौन सत्ता का ताज पहनेगा, यह भविष्य के गर्भ है। दिल्ली में भाजपा के लिए यह चुनाव चुनौतीपूर्ण होने के साथ संघर्षपूर्ण भी है। 2015 और 2020 के विधानसभा चुनावों में, जहां पार्टी को शानदार प्रदर्शन की उम्मीद थी, उसे आम आदमी पार्टी से हार का सामना करना पड़ा। तब भाजपा को दिल्ली में मुख्यमंत्री का चेहरा प्रस्तुत करने से कोई बड़ा लाभ नहीं हुआ। इसके बजाए, भाजपा अब चुनावी रणनीतियों में बदलाव कर रही है और अपनी शक्ति को पार्टी संगठन और नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में उनकी लोककल्याणकारी योजनाओं के बल पर मजबूत करने का प्रयास कर रही है। यही कारण है कि दिल्ली भाजपा आगामी दिल्ली विधानसभा चुनाव में केंद्र सरकार के काम और योजनाओं को जनता के बीच रखेगी। पार्टी के रणनीतिकारों का मानना है कि दिल्ली के लोग इससे ज्यादा प्रभावित हो सकते हैं, खासकर जब बात विकास, सुरक्षा,




चिकित्सा और शिक्षा जैसे मुद्दों की हो। अगर भाजपा बिना किसी प्रमुख चेहरे के चुनाव लड़ती है तो यह असमंजस की स्थिति बनने की संभावनाएं तो पैदा कर ही सकती हैं। दूसरी ओर, यह फैसला एक रणनीतिक कदम हो सकता है, जिसमें प्रधानमंत्री मोदी की प्रतिष्ठा का इस्तेमाल करके अन्य प्रांतों की भांति दिल्ली में भी चमत्कार घटित हो सकता है। भाजपा ने यह भी तय किया है कि दिल्ली की जनता को बताया जाएगा कि दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने उनके साथ वादाखिलाफी की है, वे बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं, शिक्षा और सड़कों की स्थिति में सुधार का वादा करके उन्हें जर्जर करते रहे हैं। भाजपा का मानना है कि मोदी सरकार की योजनाएं देशभर में सफलता प्राप्त कर रही हैं और इन्हें दिल्ली में लागू किया जाएगा। भाजपा को दिल्ली में हमेशा मिडिल और हाई मिडिल क्लास के लोगों की पार्टी माना जाता है। इसमें व्यापारिक समुदाय इसके कट्टर समर्थक हैं। लेकिन इस बार निचले तबको एवं गरीब लोगों के बीच उसे प्रभावी प्रयास करने होंगे। यह तो दिखता हुआ सच है कि दिल्ली में आप शासन में विकास अवरूद्ध हुआ है, पर्यावरण की समस्या उग्रतर हुई है, आप नेताओं पर भ्रष्टाचार के गंभीर आरोप लगे एवं उनके नेता जेल यात्राएं की है। ऐसे अनेक गंभीर आरोपों के साथ भाजपा आप और उसके नेताओं पर आक्रमक होकर चुनावी परिदृश्यों को बदल सकती है। भाजपा ने कमर कस ली है और उसके नेता लगातार जनता के बीच जाकर बदलाव की अपील कर रहे है।

इसके तहत इन दिनों जहां परिवर्तन सभाओं का आयोजन किया जा रहा है, वहीं अगले हफ्ते से पूरी दिल्ली में परिवर्तन यात्राएं भी निकाली जाएंगी। इन यात्राओं के माध्यम से आम मतदाताओं से निजी तौर पर मिलते हुए, उनसे बात करते हुए उनको पार्टी के साथ जोड़ा जायेगा। उनके दुःख-दर्द को सुना जायेगा। भाजपा का इतिहास रहा है कि वह आम जन तक पहुंचने के लिए ऐसी यात्राएं निकालती रही है एवं व्यक्तिगत संवाद स्थापित करती रही है। भाजपा नेता सतीश उपाध्याय ने कहा कि दिल्ली में एक भ्रष्ट सरकार चल रही है लेकिन अब तो रंगदारी, वसूली, फिरौती और आम नागरिकों के बीच डर पैदा करने की भी कोशिश की जा रही है। इसके चलते दिल्ली की जनता अब सत्ता परिवर्तन के मूड में है और देशविरोधी मानसिकता वाली सरकार को इस बार विधानसभा से उखाड़ फेंकने का मन बना चुकी है। देखना है कि भाजपा के इन आरोपों का जनता पर कितना असर होता है। निश्चित ही दिल्ली में आम आदमी पार्टी की जमीन अभी भी मजबूत है। इसीलिये 2025 के चुनाव कांग्रेस एवं भाजपा के लिये चुनौतीपूर्ण होने वाले है। 2020 में हुआ विधानसभा चुनाव में आम आदमी पार्टी ने 62 सीटें जीती थीं। वहीं भाजपा को महज 8 सीटों पर जीत मिली थी। कांग्रेस का लगातार दूसरी बार दिल्ली से सफाया हो गया था। इस बार के चुनाव से पहले अरविंद केजरीवाल ने अपने मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा दे दिया है। उसके बाद आतिशी मार्लेना राज्य की मुख्यमंत्री बनी हैं। आप नेताओं ने चुनाव अभियान प्रारंभ कर दिया है। दिल्ली में आगामी विधानसभा चुनावों में आम आदमी पार्टी ने कांग्रेस के साथ गठबंधन न करने का फैसला किया है। आप ने पिछले दो विधानसभा चुनावों में भारी अंतर से जीत हासिल की है। आप के आंतरिक सर्वेक्षण बताते हैं कि आप इस चुनाव में भी आसानी से जीत की ओर बढ़ रही हैं। इन स्थितियों में आप क्यों कांग्रेस या अन्य पार्टी के साथ गठबंधन करें? आप अभी भी निम्न-मध्यम वर्ग और झुग्गी-झोपड़ियों वाले इलाकों में काफी लोकप्रिय है।

दृष्टि कोण

# भारत के खिलाफ बड़ी साजिश

पिछले दो दिनों से संसद में जार्ज सोरोस और सोनिया गांधी व राहुल गांधी की निकटता को लेकर हंगामा होता रहा। मूल रूप से जार्ज सोरोस हंगरी के हैं। लेकिन लंबा अरसा पहले वह अमरीका में आकर बस गए थे। लेकिन यह कोई ऐसी घटना नहीं है जिसके कारण सोरोस को कठघरे में खड़ा कर दिया जाए। इस लिहाज से तो अमरीका के 99 फीसदी लोग यूरोप से ही गए हुए हैं और वहां के नेटिव इंडियन को गुलाम बना कर वहां अपनी सत्ता बना कर बैठे हैं। इसलिए जार्ज सोरोस अमरीका में कोई अनोखे यूरोपीय नहीं हैं। लेकिन उनका अनोखापन इसके बाद शुरू होता है। उन्होंने अमरीका में अच्छा खासा पैसा कमा लिया है। यूरोप के लोग जब अमरीका में धन कुबेर बन जाते हैं तो वे कोई न कोई फाऊंडेशन चलाना शुरू कर देते हैं। यह उनका फालतू के समय का शौक है। फाऊंडेशन के नाम पर वे एशिया और अफ्रीका के मेधावी छात्रों को अमरीका में बुला कर कायदे से पढ़ाते-लिखाते हैं और फिर वापस एशिया और अफ्रीका के देशों में भेज देते हैं। 'कायदे से' का अर्थ तो सब समझते हैं। इसके अतिरिक्त ये फाऊंडेशन दूसरे देशों में बौद्धिक व राजनीतिक तोडफ़ोड़ अकादमिक तरीकों से करते रहते हैं। लेकिन इसका अर्थ यह नहीं मानना चाहिए कि जार्ज सोरोस जैसे धन कुबेरों का यह शौक है। वे ये सभी धंधे अमरीका के आर्थिक, सांस्कृतिक हितों की सुरक्षा के लिए करते हैं। इसको सभ्यताओं के संघर्ष की पृष्ठभूमि में भी देखा जा सकता है। भारत या एशिया के दूसरे देश यदि आर्थिक लिहाज से ताकतवर बनते हैं तो अमरीका व उसकी 'फाईव आईज' की आर्थिकता खतरे में पड़ जाती है। इस पूरी पृष्ठभूमि में अमरीका के जार्ज सोरोस को पकडऩा होगा। इस अमरीकी जार्ज का भी 'जार्ज सोरोस फाऊंडेशन' है। लेकिन मामला यहीं खत्म नहीं होता है। अमरीका के ऐसे फाऊंडेशन अनेक छोटी-बड़ी संस्थाओं को जन्म देते हैं जिनका वित्त पोषण फाऊंडेशन ही करते हैं। लेकिन साधारणतया किसी को यह पता नहीं चलता कि इन संस्थाओं का वित्त पोषण कौन करता है। ऊपरी तौर पर ये संस्थाएं निर्दोष, बौद्धिक व अकादमिक संस्थाएं ही नजर आती हैं। जार्ज सोरोस फाऊंडेशन ने भी इस प्रकार की कुछ संस्थाओं को अंधेरे में जन्म दिया हुआ है। ऐसी ही एक संस्था फोरम ऑफ डेमोक्रेटिक लीडर्स इन एशिया पैसिफिक है। इस संस्था को पैसा जार्ज सोरोस ही देता है, चाहे सीधे हाथ से, चाहे उलटे हाथ से। यह संस्था जम्मू कश्मीर को भारत का हिस्सा नहीं मानती और दूसरे देश भी ऐसा ही करें, इसके लिए अकादमिक पर्दे में कोशिश करती रहती है। इतना ही नहीं, वह भारत का समाधान उसके टुकड़ों में बंट जाने को ही मानती है। भाजपा का आरोप है कि श्रीमती सोनिया गांधी के राजीव गांधी फाऊंडेशन का जार्ज सोरोस की इस संस्था से गहरा संबंध है। जार्ज सोरोस इस बात को छुपाते नहीं कि वह वचनों से ही भारत विरोधी नहीं हैं, बल्कि वह सक्रियता में भी भारत विरोधी हैं। ऐसे व्यक्ति और ऐसी संस्था से राजीव गांधी फाऊंडेशन का किस प्रकार का संबंध है, इसका खुलासा होना बहुत जरूरी है क्योंकि यह मामला भारत की सुरक्षा से जुड़ा हुआ है। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता शशि थरूर भी इस बात को नहीं छुपाते कि जार्ज सोरोस उनके मित्र हैं। ध्यान रहे कि कांग्रेस के ही एक बड़े नेता नटवर सिंह पहले ही कांग्रेस को आगाह कर चुके हैं कि पार्टी को अपने भीतर की तलाशी लेकर अपने घर में रह रही विदेशी शक्तियों के समर्थकों को बाहर करना चाहिए। लेकिन जब आरोप सोनिया गांधी पर हों तो तलाशी कौन लेगा और कौन किसको बाहर करेगा? जार्ज अमरीका के मीडिया पर भी कुछ सीमा तक नियंत्रण करते हैं, क्योंकि अखबार चला रही कम्पनियों में उनकी भारी हिस्सेदारी है। जार्ज सोरोस ने आर्गेनाइज्ड क्राइम एंड क्रप्शन रिपोर्टिंग प्रोजैक्ट नाम से एक संस्था खोल रखी है जो दूसरे देशों के नेताओं और व्यवसायियों को ब्लैकमेल करने का काम करती है। वह दूसरे देशों के उन नेताओं व व्यवसायियों पर कुछ आरोप लगाती है जिनको वह अपने हिसाब से चलाना चाहती है। जार्ज सोरोस जानते हैं कि लंबे अरसे तक यूरोपीय देशों के गुलाम रहने के कारण एशिया व अफ्रीका का जनसाधारण किसी भी यूरोपीय देश या अमरीका के किसी भी अदने से व्यक्ति के आरोप को भी सिर आंखों पर लेता है। यह औपनिवेशिक संस्कारों से अभी तक भी मुक्त न होने के कारण ही है। जार्ज इस मानसिकता को तो पहचानने ही लगे हैं। इसलिए वह गाहे बगाहे भारत के व्यक्तियों और संस्थाओं पर प्रायः आरोप लगाते रहते हैं। अप्रत्यक्ष रूप से वह विपक्ष को समय कुसमय आरोप रूपी हथियार मुहैया करवाने का काम करते हैं, जिसकी विपक्ष प्रतीक्षा ही नहीं करता, बल्कि शायद आरोप मैनुफैक्चरिंग का आर्डर भी देता है। भाजपा का सोनिया गांधी व राज परिवार के अन्य सदस्यों पर यही आरोप है कि वे इन हथियारों के केवल खरीददार ही नहीं, बल्कि आदेश देकर भी इन हथियारों को तैयार करवाने वाले हैं। मैं यह मानने को तैयार नहीं कि कांग्रेस या कांग्रेस पर गेंडुली मार कर बैठे राज परिवार को जार्ज सोरोस के क्रियाकलापों एवं अन्य धंधों के बारे में पता न हो। सब जानते हैं कि पिछले कुछ सालों से वे उस हर बिल का विरोध करते हैं जो भारत की संसद पास करती है। अनुच्छेद 370 को निरस्त किए जाने का उसने विरोध किया था। नागरिकता संशोधन अधिनियम का भी जार्ज विरोध करता था।

कुछ अलग

# सबहि भूमि गोपाल की

अवैध निर्माण तथा अतिक्रमण की परंपरा हमारे यहां अनादि काल से चली आ रही है। आज जो किले, महल तथा बड़े-बड़े पुरातत्व स्थल हम देखते हैं, वे सब इसी श्रेणी में आते हैं। राजा की जितनी इच्छा हुई उतनी ही जमीन पर निर्माण कर दिया तथा बेगार रूप में श्रमिकों का शोषण कर लिया। उसी परंपरा का निर्वहन हमारे देश में इन दिनों बखूबी किया जा रहा है। 'सबहि भूमि गोपाल की' की तर्ज पर भारतीय नागरिक भूमि हड़पो अभियान के कुशल खिलाड़ी बन कर निर्माण एवं अतिक्रमण की दिशा में सक्रिय हैं। 'राम नाम की लूट है' वाला मुहावरा भी इस समय पूरी तरह चरितार्थ हो रहा है या यह भी कह सकते हैं कि 'सैंया भये कोतवाल तो अब डर काहे का।' सभी के बालम पुलिस में भर्ती होंगे तो कानून दम नहीं तोड़ेगा तो क्या अपना डंडा चलाएगा। कानून का डंडा छोटा होता जा रहा है तथा अराजकता का एक सुखद मनभावन वातावरण नए रूप में तैयार हो रहा है, जिससे गोपाल की इस भूमि को महापुरुष हड़प कर रहे हैं। इस मामले में हर नागरिक वसुधैव कुटुंबकम विचारधारा का समर्थक हो गया है। भूमि हड़पने का अभियान आम चुनाव के समय बेतहाशा पाया जाता है। पहले लोकसभा चुनाव की आड़ में लोग रातों-रात महल चिनाते रहे तो अब प्रजातंत्र में विधानसभा चुनाव का शोर होने से सारे नियम तोड़ कर लोग जमीनों को पाटने में लगे हैं। रात को सोए थे, तब खाली जगह थी, सुबह उठे तो दीवालें सिर उठाए खड़ी हैं। कोई दुकान बना रहा है तो कोई मंजिल चढ़ा रहा है। कोई मकान से दुकान निकाल रहा है तो कोई आवास समस्या के स्थायी हल के लिए नगर प्रशासन के नियमों की सरेआम धज्जियां उड़ा रहा है। सरकार मूक बनी सब देखती रहती है, क्योंकि उसे अभी जनता का वोट लेना है और वोट के सामने सात खून भी माफ करने का हमारे यहां रिवाज चल रहा है। कोई छज्जा निकाल रहा है तो कोई खिडक़ी खोद रहा है। कोई मंदिर बना रहा है तो कोई मस्जिद। कोई यों ही पत्थर लाल पोतकर धार्मिक भावना के आधार पर भूमि हड़पो की दिशा में पहल करने की चाल चल रहा है। रातों-रात हजारों की संख्या में मकान बन गए हैं। यह नगर भले अपनी रंगत व खासियत खोदे, लेकिन जमीन हड़पो के संचालक पूरे मनोयोग से कंकरीट का जंगल उगाने में लगे हैं। आदमी की महत्त्वाकांक्षाएं इन दिनों पूरे जोर पर है। जिसके एक मकान है, वह दूसरा बना रहा है, जिसके दूसरा है वह तीसरा बना रहा है। मकान क्या मकबरे बना रहा है। असीम इच्छाएं सिर उठाकर अवैध निर्माण तथा अतिक्रमण को प्रेरित करती हैं और नागरिक चुनाव की आड़ में अपनी कारगुजारियां कर रहे हैं। देखा-देखी ज्यादा हो रही है। पड़ोस में किसी ने एक फुट का अतिक्रमण किया तो दूसरे ने चार फुट को घेर लिया। अवैध निर्माण जिसने पचास वर्ग गज में किया, उससे जुडऩे की यह परंपरा दिनों-दिन विकसित हो रही है। जब तक आदमी को अपनी माटी से प्रेम नहीं होगा, तब तक राष्ट्रीय भावना का अभ्युदय असंभव है। इस मामले में सारे भूमि हड़पो कार्यकर्ता एक हैं। अभी एक अवैध निर्माण को गिराइए, पूरी कॉलोनी उस पर टूट पड़ेगी। पिछले दिनों नगर प्रशासन ने तनिक इस मामले में सजगता दिखाई तो कर्मचारी पिट कर लौटे। कर्मचारियों के पिटने का मौसम है तो जनता के पीटने का।

देश दुनीया से

# प्रशिक्षकों को नकद ईनाम क्यों नहीं दिया

हिमाचल प्रदेश सरकार ने अंतरराष्ट्रीय खिलाडिय़ों को उनके द्वारा जीते गए पदकों के अनुसार नकद ईनाम दिया, मगर उनके प्रशिक्षकों को इस बार भी नकद ईनाम नहीं दिया गया, जबकि नई खेल नीति में खिलाड़ी के प्रशिक्षक को भी नकद ईनाम का प्रावधान है। खेल विभाग क्यों प्रशिक्षकों के साथ सौतेला व्यवहार कर रहा है? कबड्डी में भारतीय टीम की कप्तान रितु नेगी सहित कई खिलाडिय़ों को कोच रतन ठाकुर ने तराशा है। क्या वह नकद ईनाम के हकदार नहीं हैं? इसी तरह अन्य खेलों के प्रशिक्षक भी हैं। आज का अभिभावक खेलों में भी अपने बच्चों का कैरियर देख रहा है, क्योंकि खेल आज अपने आप में एक प्रोफैशन है। मानव ने विज्ञान में बहुत प्रगति कर प्रौद्योगिकी व चिकित्सा के क्षेत्र में नए-नए सफल शोध कर जीवनशैली को काफी आसान व सुविधाजनक बना लिया है, मगर शिक्षण व प्रशिक्षण में शिक्षक व प्रशिक्षक की भूमिका का महत्व आज भी वही है, जैसा हजारों साल पहले था। यह चिंताजनक है। महाभारत में कृष्ण सारथी नहीं होते तो क्या अर्जुन भीष्म, कर्ण व अन्य अजेय महारथियों को हरा पाता? विश्व स्तर पर किसी खेल विशेष में सर्वश्रेष्ठ सिद्ध करने के लिए क्षमतावान प्रशिक्षक का होना बेहद जरूरी होता है। हमारे यहां खेल प्रशिक्षण के लिए वह वातावरण ही नहीं बन पाया है जिसमें प्रशिक्षक खिलाड़ी से राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय स्तर पर उत्कृष्ट परिणाम दिला सके। खेल प्रशिक्षण दस साल से भी अधिक समय तक लगातार चलने वाली प्रक्रिया है। इतनी समय अवधि खेल प्रशिक्षण को देकर ही खिलाड़ी अपने प्रदेश व देश को गौरव दिला पाता है। हिमाचल प्रदेश में लगातार प्रशिक्षण कार्यक्रम का कोई भी प्रावधान अभी तक नहीं बन पाया है। हिमाचल प्रदेश राज्य युवा सेवाएं एवं खेल विभाग के प्रशिक्षकों को कभी विभिन्न विभागों की भर्तियों में ड्यूटी, तो कभी मेलों व उत्सवों में हाजिरी भरनी पड़ती है। खेल प्रशिक्षक की नियुक्ति ही उच्च खेल परिणामों के लिए की गई होती है, मगर यहां पर प्रशिक्षकों को केवल मल्टीपर्पज कर्मचारी बना दिया गया है। हिमाचल प्रदेश के अधिकतर प्रशिक्षकों का कार्य उच्च खेल प्रशिक्षण से हट कर अपनी फिटनेस तथा सेना में भर्ती कराने तक सीमित हो गया है। हिमाचल प्रदेश के मेलों व उत्सवों में किसी और खेल का प्रशिक्षक किसी और ही खेल की प्ले फील्ड में नजर आता है। इसी तरह पुलिस आदि विभागों की भर्तियों में एथलेटिक्स प्रशिक्षकों की ड्यूटी तो समझ आती है, मगर वहां तो हर खेल के प्रशिक्षक को भेज दिया जाता है। विभिन्न सरकारों ने खेल ढांचे में काफी तरक्की भी की है, मगर क्षमतावान प्रशिक्षकों की नियुक्ति के बारे में हिमाचल में अभी तक कुछ भी नहीं हो पाया है। स्तरीय प्रशिक्षकों के बिना उत्कृष्ट प्रदर्शन की कल्पना भी नहीं की जा सकती है। जो प्रशिक्षक खेल प्रशिक्षण से दूर रह कर मौज मस्ती कर रहा है, वह तो खुश रहता होगा, मगर जो सच ही में प्रशिक्षण करवा रहा होगा, वह जब कई दिनों तक खेल मैदान से दूर रहेगा तो फिर कौन अभिभावक अपने बच्चे को बिना प्रशिक्षक के मैदान में भेजेगा? हद तो तब हो जाती है जब राज्य में चल रहे खेल छात्रावासों में नियुक्त प्रशिक्षकों की ड्यूटी भर्तियों में लगा दी जाती है और खेल छात्रावास में रह रहे खिलाडिय़ों को भी खेल प्रशिक्षण से दूर कर दिया जाता रहा है। प्रतिभा खोज से चयनित इन अति प्रतिभाशाली खिलाडिय़ों को प्रशिक्षक से कुछ समय के लिए ही सही, इस तरह प्रशिक्षण कार्यक्रम से दूर करना कहां तक उचित है? खेल छात्रावासों में नियुक्त प्रशिक्षकों की ड्यूटी खेल प्रशिक्षण के सिवा और कहीं भी नहीं होनी चाहिए। आजकल हर शिक्षित मां-बाप के दो और कई जगह तो एक ही बच्चा है, ऐसे में वे उसे उस क्षेत्र में उच्चतम शिखर तक ले जाना चाहते हैं जिसमें बच्चे की रुचि व उस क्षेत्र के लिए पर्याप्त प्रतिभा भी हो। आज का अभिभावक अपने बच्चों के कैरियर की खातिर ही सरकार की मुफ्त शिक्षा सुविधाओं को छोडक़र निजी क्षेत्र की महंगी, मगर अधिक गुणवत्ता वाली शिक्षा के लिए लाखों रुपए खर्च कर रहा है। आज लाखों प्रतिभाशाली विद्यार्थी निजी कोचिंग संस्थानों में डाक्टर व इंजीनियर बनने इसलिए जमा दो की परीक्षा से कई वर्ष पहले पहुंच रहे हैं। इसी तरह अब खेल क्षेत्र में भी हो रहा है। अभिभावक अपने बच्चों के लिए खेलों में भी कैरियर तलाश रहा है और इस सबके लिए अच्छी खेल सुविधाओं के साथ-साथ उच्च स्तरीय प्रशिक्षक भी लगातार कई वर्षों तक उसके बच्चों को मिलना चाहिए ताकि वे अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पदक विजेता बनने का सफर सफलतापूर्वक पूरा कर सकें। इसलिए देश में निजी खेल अकादमियों का चलन भी बढ़ रहा है।



गोपीचंद बैडमिंटन अकादमी के विश्व स्तर के परिणाम सबके सामने हैं। यह सब लगातार अच्छे प्रशिक्षण कार्यक्रम का ही नतीजा है। इस समय विभिन्न खेलों के लिए देश में निजी स्तर पर कई अकादमियां शुरू हो चुकी हैं। इन खेल अकादमियों को अधिकतर पूर्व ओलंपियन चला रहे हैं और यहां से अच्छे खेल परिणाम भी मिल रहे हैं। इन अकादमियों में जो विशेष है, वह यह है कि यहां उच्च क्षमता वाला प्रशिक्षक लगातार उपलब्ध है। हिमाचल प्रदेश के पास आज विभिन्न खेलों के लिए अंतरराष्ट्रीय स्तर की प्ले फील्ड तैयार हैं। वहां पर या तो प्रशिक्षक हैं ही नहीं और जहां हैं भी, वे या तो प्रशिक्षण से बेरुख हैं या उनमें अच्छे स्तर के खेल परिणाम दिलाने की क्षमता ही नहीं है। क्या हिमाचल सरकार पंजाब, गुजरात आदि राज्यों की तरह उत्कृष्ट खेल परिणाम दिलाने वाले बढिया प्रशिक्षकों को यहां लगातार कई वर्षों के लिए अनुबंधित कर प्रदेश के खिलाडिय़ों को राज्य में ही प्रशिक्षण सुविधा दिलाकर खेल प्रतिभा का पलायन रोक नहीं सकती है? इससे प्रदेश में खेल वातावरण बनेगा, तो हर खेल प्रशिक्षक प्रेरित होकर चाहेगा कि उसके शिष्य भी उत्कृष्ट प्रदर्शन करें। इस सबके लिए खेल विभाग व जहां प्रशिक्षक प्रशिक्षण करवा रहा है, वहां उसे सही प्रबंधन दें तथा उनके खिलाड़ी जब पदक जीतें तो प्रशिक्षक को भी नई खेल नीति के अनुसार नकद ईनाम देकर प्रेरित करें, ताकि पहाड़ की संतानों को ओलंपिक व अंतरराष्ट्रीय स्तर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन करने के लिए अच्छा प्रशिक्षण मिले।

आप का नजरीया

# मतदाता की फकीरी

तपोवन में विधानसभा सत्र और कांगड़ा में शीतकालीन प्रवास ऐसी प्रथाएं बन गई हैं कि आज की सियासत को भी मुड़-मुड़ कर देखना पड़ता है। जाहिर है छह बार के मुख्यमंत्री रहे वीरभद्र सिंह ने सियासत की व्यावहारिकता में सुधारवाद का शंखनाद किया और यह सिलसिला अनवरत जारी रखना अब अग्निपरीक्षा की तरह हो गया है। इस दौरान राजनीति बदली और बदले इसके किले। राज्य का बजट, सत्ता की पैरवी और प्रदेश को साधने की शक्ति में प्रदर्शित होते नए सबूत, हर दौर के शिलालेख लिख रहे हैं। इस दौरान बहस अच्छे-बुरे की नहीं और न ही जरूरी और गैर जरूरी व्यय के बीच रही, अलबत्ता सियासी आवश्यकताओं ने अनावश्यक खर्च की कसौटी ही खत्म कर दी। हमें केवल इमारतें चाहिएं, स्कूल, कालेज या स्वास्थ्य केंद्र का भविष्य नहीं। इमारतें जिनसे विकास की अनुगूंज हो, जिनके शिलान्यास से उद्घाटन तक सत्ता का बोध हो, इसलिए सत्ता के भीतर भी एक सत्ता पनपने लगी है। बजट के भीतर, एक बजट दिखने लगा है। मेहरबानियों की औपचारिकता में सरकारी नौकरियां और नौकरियों की पेशकश में स्थानांतरण की औपचारिकता। हर सत्ता का अपना ढांचा और इसी के भीतर अनेक पद, सौगातें और तरक्की का बंटवारा। हिमाचल का राजनीतिक इतिहास व्यक्तिवाद की राह पर मचान खोज रहा है। सारी शक्तियां सिमट रही हैं, तो प्रशासनिक पकड़ के मजमे तिलिस्म नहीं बनते। कभी शिमला और शिमला की सुरंग एक होते थे। हिमाचल की सियासी कहावतें एक होती थीं, लेकिन अब केवल वंशवाद नहीं, विश्वास के पात्र भी बदल रहे हैं। धड़ों के भीतर कई धड़े। कुछ अपनी सत्ता की चरागाह पर रेवडियां चुगते हुए और कुछ ऐसे गैर होने लगे कि सत्तारूढ़ दल भी आपस में ही विपक्ष सरीखे होने लगे। विधानसभा की चर्चाओं से कहीं अधिक रस बहिर्गमन से बतियाते मीडिया को मिल रहा, क्योंकि अब बयान ही खबर और खबर के लिए बयान ही ज्ञान होता जा रहा है। ऐसा मीडिया बचा नहीं जो खड्ड खोद कर अवैध खनन की रेत से खबर छान ले, किसी एसपी की लंबी छुट्टी से संशय के कदम निकाल ले। ऐसा प्रशासन नहीं जो रीढ़ दिखा सके और फर्ज बेचने की तस्करी में शिमला की नौकरशाही, चंद दीवारों के भीतर गुटरगूं करती हुई, फाइल पर फाइल चढ़ा रही। आश्चर्य यह कि तमाम विश्वविद्यालय अपने ही घर से बेघर सियासी चूल्हा गर्म कर रहे। कोई शोध ऐसा नहीं कि आर्थिक-सामाजिक विकल्प मिल जाएं। अचानक रैंकिंग में जब कोई शिक्षण या चिकित्सा संस्थान चमक जाता है, तो जनता को इस खबर पर आश्चर्य होता है। आश्चर्य होता है जब विभाग, संबंधित अधिकारी व मंत्री फरमाते हैं कि प्रदेश में अनाज उत्पादन बढ़ गया, जबकि बंदर और आवारा पशुओं से भयभीत किसान अपने चूल्हे पर पंजाब के खेत का आटा खा रहा होता है। आश्चर्य यह भी कि वर्षों से सरकारें लगातार सरकारी कर्मचारियों और नागरिक समाज को अपना नमक चटा-चटा कर नमक हलाली के लिए तैयार कर रही हैं, लेकिन वोटर वफादारी नहीं कर रहा है। फार्मूले विकास के गीत गाते उधार पे उधार सिर पर चढ़ा रहे।

# गुरदासपुर में पुलिस थाने पर ग्रेनेड फेंका, नहीं हुआ धमाका, बब्बर खालसा ने ली जिम्मेदारी

## आतंकियों ने अमृतसर धमाकों का हवाला देकर कहा अगला निशाना पुलिस के नाके

**चंडीगढ़ ( हिंस )।** पंजाब के गुरदासपुर जिले में आतंकियों ने गुरुवार की देर रात हैंड ग्रेनेड फेंका, लेकिन संयोग से ग्रेनेड न फटने से बड़ा हादसा होने से टल गया। पंजाब पुलिस आधिकारिक रूप से इस बारे में कुछ भी बोलने को तैयार नहीं है, लेकिन खालिस्तानी आतंकी संगठन बब्बर खालसा ने शुक्रवार को सोशल मीडिया पर पोस्ट डालकर इस घटना की जिम्मेदारी ली तो पूरा मामला खुल गया। शुक्रवार को अल सुबह एडीजीपी नौनिहाल सिंह भी गुरदासपुर पहुंचे। इससे पहले अमृतसर में 23-24 नवंबर की रात को अजनाला थाने के बाहर आईईडी प्लांट किया गया था, जो तकनीकी खराबी के कारण फटा नहीं। चार दिसंबर की रात अमृतसर जिले के मजीठा पुलिस थाने में भी जोरदार धमाका हुआ था। अमृतसर में धमाके के प्रयास व धमाके की घटना को लेकर पुलिस आजतक चुप है। इस बीच गुरुवार




की रात मोटरसाइकिल सवार दो युवकों ने गुरदासपुर जिले के अंतर्गत आते घनिया के बांगर पुलिस थाने की तरफ कोई चीज फेंकी। कुछ समय बाद पता चला कि यह हैंड ग्रेनेड था। बमनुमा वस्तु फेंकते समय मोटरसाइकिल का संतुलन बिगड़ गया, जिससे ग्रेनेड सही तरीके से नहीं गिरा और धमाका होने से बच गया। गुरदासपुर के एसएसपी सोहेल कासिम मीर समेत अन्य अधिकारी और एजेंसियां जांच के लिए मौके पर पहुंचीं। पुलिस सीसीटीवी फुटेज की मदद से थाने पर हमला करने वाले युवकों का पता लगा रही है। शुक्रवार को अल सुबह एडीजीपी नौनिहाल सिंह भी गुरदासपुर पहुंचे। उन्होंने वहां मौजूद आला अधिकारियों के साथ बैठक की। इसके बाद वह मीडिया से बातचीत किए बगैर ही चले गए। पुलिस शुक्रवार की दोपहर तक इस मामले में कुछ नहीं बोली। इस बीच अमेरिका में बैठे आतंकी हैप्पी पासिया और गोपी नवांशहरिया ने ग्रेनेड हमले की जिम्मेदारी लेते हुए सोशल मीडिया पर बब्बर खालसा इंटरनेशनल के अकाउंट से एक पोस्ट डालकर पुलिस को चुनौती दे डाली। धमकी दी गई है कि अभी तो थाने में ग्रेनेड फटा है, अब नाके को भी टारगेट किया जाएगा। पोस्ट में आगे लिखा है, बीते दिनों जब पुलिस थाने पर ग्रेनेड फेंके गए तो पुलिस ने कहा कि टायर फटा था। आज एक और टायर फटा है। अब पुलिस जवाब देगी कि कौन सी मोटरसाइकिलों के टायरों से आग निकलती है। इससे अगली चेतावनी पुलिस वालों को है। अब सिर्फ थानों पर हमला नहीं होगा। पोस्ट में लिखा है कि अब पंजाब पुलिस के नाके भी 6 बजे के बाद टारगेट किए जाएंगे। जहां पर ग्रेनेड और आईईडी ब्लास्ट भी हो सकते हैं। ये चेतावनी पुलिस वालों को है। आखिरी में लिखा गया- जंग जारी है, अगले एक्शन के लिए इंतजार करें।

# प्रधानमंत्री मोदी ने संगम नोज में कुंभ कलश का किया कुंभाभिषेक



**प्रयागराज ( हिंस )।** महाकुंभ के आयोजन से पूर्व प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को त्रिवेणी संगम में पूजा अर्चना कर 13 जनवरी से शुरू हो रहे महाकुंभ के सफल आयोजन की कामना की। इस दौरान प्रधानमंत्री मोदी ने कुंभ कलश का भी कुंभाभिषेक किया। यह कुंभ कलश रत्नजड़ित है और अष्टधातु का बना हुआ है। पीएम के पास भेजा जाएगा कुंभ कलश प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी शुक्रवार को महाकुंभ नगर पहुंचे। इस दौरान त्रिवेणी पूजन के बाद प्रधानमंत्री मोदी ने कुंभ कलश का कुंभाभिषेक भी किया। मोदी ने जिस कुंभ कलश की पूजा की, वह रत्न जड़ित है। गंगा पूजन कराने आए तीर्थ पुरोहित दीपू तिवारी ने बताया कि प्रयागराज मेला प्राधिकरण ने मोतियों से सजे इस अष्ठधातु से निर्मित इस कुंभ कलश को अमृत रूपी कलश बनाने के लिए इसमें आम का पत्ता और नारियल भी रखा है। इसके साथ ही इसमें गऊशाला, तीर्थस्थलों की मिट्टी रखी गई। इसमें गंगाजल, पंचरत्न, दुर्बा, सुपारी, हल्दी रखी भी रखी गई। प्रधानमंत्री के पास इस कुंभ कलश को भेजा जा रहा है। संतों ने दिया आशीर्वाद, बोले-महाकुंभ दिव्य और भव्य होगा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने त्रिवेणी पूजन से पहले साधु संतों से भी मुलाकात की। सभी 13 अखाड़ों से दो-दो प्रतिनिधि संगम नोज में आमंत्रित किए गए। इसके अलावा दंडी बाड़ा, आचार्य बाड़ा और खाक चौक व्यवस्था समिति से भी दो-दो संत शामिल हुए। श्री पंचायती अखाड़ा महा निर्वाणी की तरफ से प्रधानमंत्री से मुलाकात के कार्यक्रम में शामिल हुए सचिव महंत जमुनापुरी का कहना है कि त्रिवेणी पूजन के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सभी अखड़े के साधु संतों से मुलाकात की। सबके हाल समाचार पूछे। कुशल क्षेम पूछने के बाद राष्ट्र के सर्वांगीण विकास के लिए प्रार्थना की। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने खुद ही सभी संतों का परिचय कराया। कार्यक्रम में शामिल हुए श्री पंचायती अखाड़ा निर्मल के सचिव आचार्य देवेंद्र सिंह शास्त्री का कहना है कि प्रधानमंत्री ने संतों से मुलाकात कर कहा कि सभी आशीर्वाद दीजिए कि मेला दिव्य और भव्य हो। संतों ने उन्हें आशीर्वाद दिया।

## अमृतसर थाने के बाहर आईईडी लगाने वाले मॉड्यूल का खुलासा, दो गिरफ्तार

**चंडीगढ़ ( हिंस )।** पंजाब पुलिस ने अमृतसर के अजनाला पुलिस थाने के बाहर बम रखने के मामले में मॉड्यूल का खुलासा करके दो सिख युवकों को पकड़ा है, जिसमें से एक नाबालिग है। हालांकि, दोनों ने पूछताछ में अजनाला थाने में आईईडी लगाने के साथ ही अन्य हमलों को अंजाम देने की बात कबूली है। पुलिस महानिदेश गौरव यादव ने शुक्रवार को बताया कि इस मॉड्यूल को विदेशी गैंगस्टर गुरदेव सिंह उर्फ जस्सल उर्फ पहलवान चला रहा था कि जो तरनतारन के गांव झबाल का रहने वाला है। पंजाब पुलिस ने अमृतसर के जशनदीप सिंह को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार किया गया दूसरा साथी नाबालिग है। उन्होंने बताया कि दोनों आरोपित पाकिस्तानी एजेंसी आईएसआई के इशारे पर खालिस्तानी आतंकी हरविंदर रिंदा और हरप्रीत सिंह उर्फ हैप्पी पासियां के इशारे पर काम कर रहे थे। डीजीपी ने बताया कि पूछताछ में आरोपितों ने खुलासा किया कि उन्होंने 23 नवंबर, 2024 को अजनाला थाने में आईईडी लगाई थी और अन्य हमलों को अंजाम दिया था। इनके पास से दो हैंड ग्रेनेड और एक पिस्तौल व गोला-बारूद और एक मोटरसाइकिल को बरामद किया गया है।

## पलवल : बार-बार चुनावों से रुकता है विकास : राज्यमंत्री गौतम

**पलवल ( हिंस )।** वन नेशन-वन इलेक्शन पर प्रधानमंत्री मोदी की दूरदर्शी सोच और विजय साफ है। बार-बार चुनावों में आचार संहिता लगने से विकास कार्य रुक जाते हैं। सरकार इस बिल को इसी सत्र में पेश करेगी। यह बात खेल राज्यमंत्री गौरव गौतम ने शुक्रवार को यहां पत्रकार वार्ता में कही। उन्होंने कहा कि देश की वर्तमान चुनाव प्रणाली में लोकसभा और विधानसभा चुनावों के लिए पांच साल के अंतराल में अलग-अलग चुनाव होते है। इसी प्रकार पंचायत और नगर निकायों के चुनावों की प्रक्रिया होती है। चुनावों के दौरान आचार संहिता लागू हो जाती है। जिसके चलते हुए विकास कार्य भी प्रभावित होते है।

## सरकार एवं जनता मिलकर चलाएं खुले बोरवेल बंद कराने को लेकर अभियान : गहलोत

**जयपुर ( हिंस )।** दौसा में बोरवेल में गिरने से आर्यन की मौत के बाद अब पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत का बयान सामने आया है। गहलोत ने आर्यन की मौत पर दुख जताया है। उन्होंने भजनलाल सरकार से खुले बोरवेल बंद कराने को लेकर अभियान चलाने की बात कही है। उन्होंने सोशल मीडिया एक्स पर लिखा है कि दौसा में एक खुले बोरवेल में गिरने से मासूम आर्यन की मृत्यु बेहद दुखद है। तमाम चुनौतियों के बावजूद जिला प्रशासन, आपदा प्रबंधन एवं नागरिक सुरक्षा



की टीम ने अच्छा कार्य किया। खुले बोरवेल में बच्चों के गिरने की घटनाएं लगातार होती रहती हैं। राज्य सरकार द्वारा कई बार इन्हें बन्द करने के आदेश जारी किए जाते रहे हैं। इसके बावजूद गांवों में खुले बोरवेल सामान्य तौर पर मिल जाते हैं। खुले बोरवेल से होने वाली दुर्घटनाओं से बचाव के लिए सरकार एवं जनता मिलकर अभियान चलाएं क्योंकि दूर-दराज के इलाकों में ऐसे बोरवेल की जानकारी प्रशासन को बिना जनसहयोग के नहीं चल सकती है। इसके लिए सरकार जिलावार अधिकारियों की जिम्मेदारी तय करे एवं सर्वे करवाकर खुले बोरवेल बंद करवाने का अभियान चलाए। जिससे भविष्य में ऐसी जनहानि ना हो। संसद हमले में शहीद जवानों को श्रद्धांजलिगहलोत ने एक अन्य पोस्ट में 13 दिसंबर 2001 को संसद पर हुए आतंकवादी हमले में आतंकियों को मुंहतोड़ जवाब देते शहीद हुए जवानों को श्रद्धाजंलि दी। उन्होंने लिखा कि 13 दिसंबर 2001 को संसद पर हुए आतंकवादी हमले में आतंकियों को मुंहतोड़ जवाब देते एवं लोकतंत्र के मंदिर की सुरक्षा करते हुए शहीद हुए सभी वीर जवानों को नमन करता हूं।

# जैसलमेर में तबादले-पोस्टिंग के बाद अधिकारी यहां जॉइन करने नहीं पहुंचे : पशुपालन मंत्री



**जैसलमेर ( हिंस )।** पशुपालन एवं गोपालन मंत्री जोराराम कुमावत ने कहा कि जैसलमेर में कई अधिकारियों का पदस्थापन किए जाने के बावजूद वे यहां काम करने नहीं पहुंचते हैं। तबादले-पोस्टिंग के बाद अधिकारी यहां जॉइन करने नहीं पहुंचे हैं। स्थानीय विधायक ने यहां कई अधिकारियों की पोस्टिंग करवाई, लेकिन जॉइन करने ही नहीं पहुंचे। इस मामले को लेकर मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा से बात करेंगे। राज्य सरकार के कार्यकाल का एक साल पूरा होने के मौके पर जिले के प्रभारी मंत्री के तौर पर जैसलमेर आए कुमावत ने कहा कि जैसलमेर विधायक छोटूसिंह भाटी ने कई अधिकारियों की यहां पोस्टिंग करवाई, लेकिन वे जॉइन करने नहीं पहुंचे हैं। इस संबंध में मुख्यमंत्री से बात की जाएगी। प्रभारी मंत्री ने जिले के प्रशासनिक अधिकारियों सहित कई विभागीय अधिकारियों के पद रिक्त रहने के संबंध में पूछे गए सवाल के जवाब में सर्किट हाउस में यह बात कही। कुमावत ने कहा कि ऐसे अधिकारियों को जिले में भिजवाया जाएगा, ताकि इस मरुस्थलीय जिले को भी अधिकारियों की सेवाएं मिल सके। मंत्री जोराराम कुमावत ने बताया कि स्थानीय विधायक छोटूसिंह भाटी ने इस बारे में बताया है। खाली चल रहे कई पदों को जल्द से जल्द भरने के काम को प्रमुखता से किया जाएगा।

# यूपी कालेज नमाज विवाद : नहीं हुई जुमे की नमाज, सुरक्षा की किलेबंदी

**वाराणसी ( हिंस )।** उदय प्रताप महाविद्यालय (यूपी कालेज) में नमाज विवाद को लेकर शुक्रवार को सुरक्षा का व्यापक प्रबंध किया गया। जुमे की नमाज को देखते हुए अफसर फोर्स के साथ कालेज के मुख्य गेट से लेकर मजार तक गश्त करते रहे। हालांकि मजार पर जुमे की नमाज नहीं पढ़ी गई। पिछले जुमे को भी नमाज नहीं पढ़ी गई थी। कालेज प्रशासन ने भी परिसर में चल रही परीक्षा को देखते हुए धार्मिक गतिविधियों पर रोक लगाने की मांग की थी। बताते चलें यूपी कॉलेज परिसर स्थित मस्जिद में दो ताले जड़े गए हैं। एक ताला मस्जिद से जुड़े लोगों की ओर से लगाया गया है और दूसरा ताला किसने लगाया, इसका पता फिलहाल नहीं चल पाया है। मस्जिद पर दूसरा ताला लगने से विवाद गहराने की संभावना पर वहां 24 घंटे पुलिस का पहरा है। मजार विवाद के कारण छात्रों का विरोध भी लगातार जारी है। छात्र नेताओं ने दो टूक कहा कि कॉलेज सिर्फ शिक्षा का केंद्र होना चाहिए और यहां किसी भी तरह की धार्मिक गतिविधि नहीं होनी चाहिए। छात्रों ने चेतावनी दी है कि अगर मजार पर नमाज पढ़ी गई तो वे सामूहिक हनुमान चालीसा का पाठ करेंगे। फिलहाल फोर्स के लगातार गश्त से परिसर में शांति व्यवस्था कायम है। इस संबंध में कैंट एसीपी विदुष सक्सेना ने मीडिया कर्मियों से बातचीत में कहा कि स्थिति को पूरी तरह नियंत्रण में रखने के लिए सभी आवश्यक कदम उठाए गए हैं। पुलिस बल पूरे कॉलेज परिसर में मुस्तैद है, ताकि किसी भी स्थिति से प्रभावी ढंग से निपटा जा सके। बाहरी लोगों को पूरी तरह से परिसर में बैन किया गया है।

## तीन दिन तक बच्चे के फेफड़ों में फंसा रहा घड़ी का सेल, दो मिनट में निकाला

**कोटा ( हिंस )।** खेल-खेल में छह साल के बच्चे ने घड़ी का सेल निगल लिया। सेल सांस की नली से होते हुए फेफड़ों में जाकर अटक गया। उसे सांस लेने में तकलीफ हुई तो माता-पिता ने सीटी-स्कैन करवाया। इसके बाद मालूम चला कि सेल राइट साइड के फेफड़े में जाकर फंसा है। शुक्रवार को दूरबीन की मदद से डॉक्टरों ने दो मिनट में यह सेल निकाल लिया। डॉक्टरों का कहना है कि सेल तीन दिन से बच्चे के शरीर में था ऐसे में, उसके शरीर में मौजूद लिक्विड में मिलने से जहर फैलने की संभावना थी। बच्चे का ऑपरेशन मेडिकल कॉलेज कोटा में ईएनटी विभाग के एचओडी डॉ. शिव कुमार की अगुवाई में डॉ. कुलदीप राणा, डॉ. शुभम व एनेस्थीसिया टीम से डॉक्टर देव राज ने किया। डॉ. शिव कुमार ने बताया कि गुरुवार शाम को एमपी के श्योपुर निवासी सावन (6) को परिजन एमबीएस हॉस्पिटल लाए थे। उसका एक्सरे व सीटी स्कैन करवाया तो फेफड़े में राइट साइड पर घड़ी का सेल फंसा होने का पता लगा। शुक्रवार सुबह बच्चे का ऑपरेशन किया गया। मुंह से दूरबीन की मदद से श्वास नली से सेल को बाहर निकाला। डॉ. शिव कुमार ने बताया कि इस प्रक्रिया में बच्चों को बेहोश किया, फिर दूरबीन डालकर सेल को बाहर निकाला। इस प्रोसेस में डेढ़ से दो मिनट का वक्त लगा। ऑपरेशन जल्द से जल्द करना जरूरी था। सेल से निकलने वाला टॉक्सिन शरीर में फैलने से जहर भी फैल सकता है। इसको तुरंत निकालना जरूरी होता है। खाने की नली में सेल फंसने के काफी मामले आए हैं। सांस की नली में सेल फंसने का मामला पहली बार सामने आया है।

## सफाई व्यवस्था पर अब 24 घंटे जयपुर में रहेगा तीसरी आंख का पहरा

**जयपुर ( हिंस )।** शहर को साफ सुथरा बनाए रखने के लिए नगर निगम लगातार नित नए प्रयास कर रहा है। इसी दिशा में अब निगम सफाई व्यवस्था पर तीसरी आंख से निगरानी रखेगा। कोई भी कर्मचारी या ठेकेदार झूठ बोलकर अपनी जिम्मेदारी से नहीं बच पाएगा। सीसीटीवी कैमरों के माध्यम से सफाई में लापरवाही बरतने वालों पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। यहीं नहीं सीसीटीवी कैमरों के माध्यम से ही कर्मचारियों की हाजिरी, गाडियों के रुट की भी जानकारी रखी जाएगी। इस पूरी व्यवस्था को लेकर इंटीग्रेटेड कमांड एंड कंट्रोल सेंटर बनाया गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार शहर की सफाई व्यवस्था की मॉनिटरिंग के लिए बनाया इंटीग्रेटेड कमांड एंड कंट्रोल सेंटर अब लगातार 24 घंटे काम करेगा। जयपुर स्मार्ट सिटी लिमिटेड के मुख्य कार्यकारी अधिकारी अरुण कुमार हसीजा ने इस संबंध में आदेश जारी किए है। इंटीग्रेटेड कमांड एंड कंट्रोल सेंटर लालकोठी स्थित जयपुर स्मार्ट सिटी के ऑफिस में बनाया गया है, जहां से शहर की सफाई व्यवस्था की मॉनिटरिंग की जाती है। इस संबंध में जयपुर स्मार्ट सिटी सीईओ अरुण कुमार हसीजा ने बताया




कि सेंटर में निगम कर्मचारियों के डोर टू डोर कचरा संग्रहण, सफाई व्यवस्था, मेकेनीज तरीके से की जा रही सफाई की मॉनिटरिंग की जा रही है। निगम की ओर से शहर में विशेष रात्रिकालीन सफाई व्यवस्था की जा रही है। परकोटा और अन्य जगहों पर अत्याधुनिक मशीनों से रोड डिवाइडर की सफाई की जाती है। ऐसे में सफाई व्यवस्था और ज्यादा सुदृढ़ हों, इसके लिए स्मार्ट सिटी के इंटीग्रेटेड कमांड एंड कंट्रोल सेंटर से व्यवस्था की मॉनिटरिंग भी की जाएगी। इसके लिए सेंटर 24 घंटे काम करेगा। साथ ही कोई शिकायत आने पर तुरंत कार्रवाई भी करेगा। कमांड सेंटर से कर्मचारियों की हाजिरी, गाड़ियों के रूट की भी मॉनिटरिंग की जाती है।

## उपचुनाव : हरियाणा से राज्यसभा के लिए निर्विरोध चुनी गई रेखा शर्मा

**चंडीगढ़ ( हिंस )।** राष्ट्रीय महिला आयोग की पूर्व अध्यक्ष रेखा शर्मा हरियाणा से राज्यसभा के लिए निर्विरोध निर्वाचित हुई हैं। उनके मुकाबले में किसी ने भी नामांकन नहीं किया था। इस सीट का कार्यकाल 01 अगस्त 2028 तक है। रेखा शर्मा छह महीना पहले भाजपा में शामिल हुई थीं। राज्यसभा की इस सीट पर उपचुनाव कृष्ण लाल पंवार के इसराना से विधायक निर्वाचित होने के बाद राज्यसभा सदस्यता से इस्तीफा देने के चलते कराया गया। पंवार जून 2022 में इस सीट से राज्यसभा के लिए निर्वाचित हुए थे। रेखा शर्मा ने 10 दिसंबर को मुख्यमंत्री नायब सैनी तथा भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मोहन लाल बड़ौली व अन्य नेताओं की मौजूदगी में नामांकन किया था। 11 दिसंबर को नामांकन पत्रों की जांच की गयी। शुक्रवार को नाम वापसी के अंतिम दिन रेखा शर्मा को निर्विरोध निर्वाचित होने की घोषणा की गयी। निर्वाचन अधिकारी ने उनको जीत का प्रमाण पत्र सौंपा। रेखा शर्मा से पहले पांच महिलाएं हरियाणा से राज्यसभा में पहुंच चुकी हैं। हरियाणा में सर्वप्रथम अप्रैल 1990 में भाजपा की सुषमा स्वराज और जनता दल (एस) से विद्या बेनीवाल राज्यसभा के लिए निर्वाचित हुए थे। अप्रैल 2002 में इनेलो से सुमित्रा हरियाणा से राज्यसभा के लिए निर्वाचित हुईं, हालांकि जनवरी 2007 में मृत्यु के कारण वह अपना छह वर्ष का कार्यकाल पूरा नहीं कर पाई थीं। अप्रैल 2014 में कांग्रेस से कुमारी सैलजा हरियाणा से राज्यसभा के लिए निर्वाचित हुईं एवं पूरे छह वर्ष अप्रैल 2020 तक सदस्य रहीं। हाल में हुए लोकसभा के चुनाव में सैलजा सिरसा सीट से निर्वाचित हुईं।

# लगातार वाहन चेकिंग से ट्रैफिक नियम का पालन नहीं करने वालों में हड़कंप



**अररिया ( हिंस )।** फारबिसगंज शहर के विभिन्न चौक-चोराहों पर तीन दिनों से लगातार पुलिस द्वारा किए जा रहे सघन वाहन चेकिंग अभियान से बिना कागजात व बिना हेलमेट पहनने वालों वाहन चालकों में हड़कंप मच गया। शहर के विभिन्न चौक चौराहों पर शुक्रवार को भी पुलिस द्वारा वाहन चेकिंग अभियान चलाया गया। डीएसपी मुकेश कुमार साहा के निर्देश पर फारबिसगंज थानाध्यक्ष राघवेंद्र कुमार सिंह की अगुवाई में शहर के कोठीहाट चौक, सुभाष चौक, रामपुर चौक आदि स्थानों पर वाहनों के कागजातों की गहन से जांच की गई। बिना हेलमेट पहनकर बाईक चलाने वाले चालकों से जुर्माना राशि वसूला गया। स्थानीय कोठीहाट चौक पर एसआई एसडी सिंह की नेतृत्व में अन्य पुलिस कर्मियों के द्वारा वाहनों को डिक्की खोल कर जांच की गई। थानाध्यक्ष राघवेंद्र कुमार सिंह ने बताया कि वाहन चेकिंग अभियान अनवरत जारी रहेगा।

## राज्य सरकार की प्राथमिकता में शुरू से शामिल है महिला सुरक्षा : एडीजी अग्रवाल

**जोधपुर ( हिंस )।** प्रदेश की अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक मालिनी अग्रवाल ने कहा कि राज्य सरकार की प्राथमिकता में शुरू से ही महिला सुरक्षा रही है। यह बात उन्होंने शुकवार को जोधपुर प्रवास के दौरान मीडिया से बात करते हुए कही। उन्होंने आज जोधपुर कमिश्नरेट व कालिका पेट्रोलिंग यूनिट का निरीक्षण किया। इस दौरान कालिका पेट्रोलिंग यूनिट की जवानों से फीडबैक लिया। साथ ही उन्हें और अधिक मुस्तैदी से ड्यूटी के प्रति समर्पित रहने का संदेश दिया। उन्होंने कहा कि कालिका पेट्रोलिंग यूनिट की महिला जवान लगातार पेट्रोलिंग कर अपराधियों में भय और आमजन में विश्वास का संदेश दे रही है। उन्होंने कालिका पेट्रोलिंग यूनिट की महिला जवानों को अपराधिक लोगों की धरपकड़ के साथ छेड़छाड़ जैसी घटनाओं को रोकने का संदेश दिया।

# अररिया और फारबिसगंज में कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच हुई बीपीएससी की संयुक्त प्रारंभिक परीक्षा

**अररिया ( हिंस )।** जिले के 21 परीक्षा केंद्रों पर कदाचार मुक्त वातावरण में कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच बिहार लोक सेवा आयोग की 70वीं संयुक्त प्रारंभिक प्रतियोगिता परीक्षा संपन्न हुई। परीक्षा को लेकर जिला प्रशासन की ओर से एसडीएम और एसडीपीओ समेत जिला स्तर के पदाधिकारी और थाना पुलिस मुस्तैद रही। बीपीएससी की 70वीं संयुक्त प्रारंभिक प्रतियोगिता परीक्षा को लेकर जिला मुख्यालय में जहां 16 परीक्षा केंद्र बनाए गए, वहीं फारबिसगंज अनुमंडल मुख्यालय में 5 परीक्षा केंद्र बनाए गए। परीक्षा केंद्र के भीतर साढ़े नौ बजे से परीक्षार्थियों को प्रवेश कड़ी जांचोपरांत दी गई। पुरुष परीक्षार्थियों की जहां सघन जांच मुख्य प्रवेश द्वार के पास की गई, वहीं महिला अभ्यर्थियों की फ्रिस्किंग अंदर कक्ष में महिला मजिस्ट्रेट की मौजूदगी में महिला पुलिस अधिकारी और बलों द्वारा कर लेने के बाद परीक्षा कक्ष में प्रवेश दिया गया। अररिया में जहां जिला लोक शिकायत निवारण पदाधिकारी अजय कुमार ठाकुर, सदर एसडीएम अनिकेत




कुमार, एसडीपीओ रामपुकार सिंह, डीएसपी हेडक्वार्टर फकरे आलम, थानाध्यक्ष मनीष कुमार समेत जिला स्तर के अधिकारी परीक्षा केंद्रों पर मुस्तैद और निरीक्षण करते रहे, वहीं फारबिसगंज अनुमंडल मुख्यालय में फारबिसगंज एसडीएम शैलजा पांडे, एसडीपीओ मुकेश कुमार साहा, थानाध्यक्ष राघवेंद्र कुमार सिंह सहित अन्य अधिकारी गश्त करते रहे।



# सर्राफा बाजार में सपाट स्तर पर सोना, चांदी की बढ़ी चमक

नई दिल्ली

**घरेलू सर्राफा बाजार में सोना सपाट स्तर पर कारोबार कर रहा है। हालांकि चांदी के भाव में 1,000 रुपये प्रति किलोग्राम की तेजी आई है। सोने के सपाट स्तर पर बने रहने की वजह से देश के ज्यादातर सर्राफा बाजारों में 24 कैरेट सोना 79,620 रुपये से लेकर 79,470 रुपये प्रति 10 ग्राम के दायरे में कारोबार कर रहा है।**

इसी तरह 22 कैरेट सोना 73,000 रुपये से लेकर 72,850 रुपये प्रति 10 ग्राम के बीच बिक रहा है। दूसरी ओर, चांदी के भाव में तेजी आने के कारण दिल्ली सर्राफा बाजार में इसकी कीमत बढ़ कर 96,500 रुपये प्रति किलोग्राम के स्तर पर आ गई है।

देश की राजधानी दिल्ली में 24 कैरेट सोना 79,620 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है, जबकि 22 कैरेट सोने की कीमत 73,000 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है। वहीं देश की आर्थिक राजधानी मुंबई में 24 कैरेट सोना 79,470 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 72,850 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। इसी तरह अहमदाबाद में 24 कैरेट सोने की रिटेल कीमत 79,520 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोने की कीमत 72,900 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है। इन प्रमुख शहरों के अलावा चेन्नई में 24 कैरेट सोना 79,470 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर और 22 कैरेट सोना 72,850 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर बिक रहा है। इसी तरह कोलकाता में भी 24 कैरेट सोना 79,470 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 72,850 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है।

लखनऊ के सर्राफा बाजार में 24 कैरेट सोना 79,620 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर और 22 कैरेट सोना 73,000 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। वहीं पटना में 24 कैरेट सोने की कीमत 79,520 रुपये प्रति 10 ग्राम हो गई है, जबकि 22 कैरेट सोना 72,900 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। इसी तरह जयपुर में 24 कैरेट सोना 79,620 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 73,000 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है।

देश के अन्य राज्यों की तरह कर्नाटक, तेलंगाना और ओडिशा के सर्राफा बाजार में भी सोने के भाव में कोई बदलाव नहीं हुआ है। इन तीनों राज्यों की राजधानियों बेंगलुरु, हैदराबाद और भुवनेश्वर में 24 कैरेट सोना भी 79,470 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है।

इसी तरह इन तीनों शहरों के सर्राफा बाजारों में 22 कैरेट सोना भी बुधवार के भाव 72,850 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है।

## न्यूज़ ब्रीफ

### अशोक लेलैंड के वाणिज्यिक वाहनों की कीमतों में 3 फीसदी तक बढ़ोतरी का ऐलान




**नई दिल्ली।** टाटा मोटर्स के बाद हिंदुजा समूह की प्रमुख कंपनी अशोक लेलैंड लिमिटेड ने अपने वाणिज्यिक वाहनों की कीमतों में अगले साल जनवरी से 3 फीसदी तक की बढ़ोतरी करने का ऐलान किया है। कंपनी ने शुक्रवार को जारी एक बयान में कहा कि मुद्रास्फीति और कमोडिटी की कीमतों में वृद्धि के कारण जनवरी से अपने वाणिज्यिक वाहनों की पूरी रेंज पर 3 तीन फीसदी तक की इजाफा करेगी। कंपनी ने कहा कि इस कदम से लागत के प्रभाव को कम करने में मदद मिलेगी। इससे पहले टाटा मोटर्स, मारुति सुजुकी, हुंडई मोटर इंडिया के साथ-साथ लग्जरी यात्री वाहन तथा कार निर्माता कंपनियों मर्सिडीज-बेंज, बीएमडब्ल्यू और ऑडी ने पहले ही जनवरी, 2025 से अपने वाहनों की कीमतों में बढ़ोतरी की घोषणा की है।

### दूसरों को मनपसंद डिश खिलाने वाली जोमैटो सरकार के डकार गई 803 करोड़! अब होगी वसूली




**नई दिल्ली।** जोमैटो को लेकर सरकार ने एक खुलासा किया है। सरकार ने कहा है कि जोमैटो ने 803 करोड़ रुपये की टैक्स चोरी की है और अब उसे वसूली के लिए नोटिस भेजा गया है। दूसरी ओर, जोमैटो ने इन आरोपों से इनकार किया और कहा है कि वह इससे बचने के लिए कानूनी सहारा लेगी। ऑनलाइन ऑर्डर पर खाने-पीने का सामान पहुंचाने वाले मंच जोमैटो ने शेयर बाजार को दी सूचना में बताया है कि महाराष्ट्र के ठाणे जिले में माल एवं सेवा कर (जीएसटी) विभाग ने उसे 803.4 करोड़ रुपये का टैक्स डिमांड मांग नोटिस भेजा है। इसमें ब्याज और जुर्माना भी शामिल है। कंपीन का कहना है कि डिलिवरी शुल्क पर ब्याज और जुर्माना के साथ जीएसटी का भुगतान न करने के संबंध में उसे नोटिस मिला है। जोमैटो ने कहा, 'कंपनी को 12 दिसंबर, 2024 को एक आदेश प्राप्त हुआ है। यह आदेश 29 अक्टूबर, 2019 से 31 मार्च, 2022 की अवधि के लिए सीजीएसटी और केंद्रीय उत्पाद शुल्क, ठाणे आयुक्तालय, महाराष्ट्र के संयुक्त आयुक्त द्वारा पारित किया गया है। इसमें लागू ब्याज के साथ 401,70,14,706 रुपये के जीएसटी की मांग और 401,70,14,706 रुपये के जुर्माने की पुष्टि की गई है।

### अब 2 दिन में बंद हो जाएगी एसआईपी, नहीं लगेगा जुर्माना, सेबी ने म्यूचुअल फंड कंपनियों को दिए सख्त निर्देश




**नई दिल्ली।** सिस्टमैटिक इन्वेस्टमेंट प्लान (एसआईपी) के माध्यम से म्यूचुअल फंड में निवेश करने वाले लोगों के लिए अच्छी खबर है, भारतीय प्रतिभूति और विनियमक बोर्ड (सेबी) ने नया नियम लागू कर दिया है जिसके अनुसार अब आपको एसआईपी बंद करने के लिए सिर्फ दो दिन का इंतजार करना होगा। यह नियम 1 दिसंबर, 2024 से लागू हो चुका है। पहले सिपाहियों को 10 वर्किंग डेज़ का इंतजार करना पड़ता था, जिससे कई लोग अपनी सिप बंद करने में समय परेशान होते थे। इस नए नियम से निवेशकों को बड़ी राहत मिलेगी, क्योंकि अब वे अपने एसआईपी को दो दिन पहले ही बंद कर सकेंगे। यह न केवल जुर्माने से बचाएगा, बल्कि उन्हें अपने निवेश पर अधिक नियंत्रण भी मिलेगा। सेबी ने इस नए नियम को पारदर्शिता और निवेशकों के हितों की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम बताया है। वरिष्ठ आर्थिक सलाहकारों का कहना है कि इस नए नियम से निवेशकों को वित्तीय योजनाओं में अधिक सावधानी बरतने में मदद मिलेगी। यह भी निवेशकों को आत्मविश्वास देगा की उनके निवेशों पर पूरी निगरानी हो रही है। इस नए नियम के लागू होने से बाजार में भी एक नया जोश आया है, क्योंकि लोग अब अपने निवेशों पर अधिक नियंत्रण बनाए रख सकेंगे। यह नियम आम लोगों के वित्तीय सुरक्षा को भी मजबूत करेगा और उन्हें बेहतर वित्तीय योजनाओं में निवेश करने का साहस देगा। इस तरह सेबी द्वारा नए नियमों की घोषणा से म्यूचुअल फंड निवेशकों को एक बड़ी सुविधा प्रदान की गई है और वित्तीय योजनाओं में निवेश करने के लिए उन्हें अधिक आत्मविश्वास मिलेगा।

# ग्लोबल मार्केट से कमजोरी के संकेत, एशिया में मिला-जुला कारोबार




नई दिल्ली

ग्लोबल मार्केट से कमजोरी के संकेत मिल रहे हैं। अमेरिकी बाजार पिछले सत्र के दौरान गिरावट के साथ बंद हुए। डाउ जॉन्स फ्यूचर्स भी कमजोरी के साथ कारोबार करता हुआ नजर आ रहा है। यूरोपीय बाजार पिछले सत्र के दौरान मिले-जुले परिणाम के साथ बंद हुए। एशियाई बाजारों में भी मिला-जुला कारोबार हो रहा है।

अमेरिकी बाजार में पिछले सत्र के दौरान दबाव का माहौल बना रहा, जिसके कारण वॉल स्ट्रीट के सूचकांक गिरावट के साथ बंद हुए। एसएंडपी 500 इंडेक्स 0.54 प्रतिशत की कमजोरी के साथ 6,051.25 अंक के स्तर पर बंद हुआ। इसी तरह नैस्डेक ने 118.91 अंक यानी 0.59 प्रतिशत टूट कर 19,915.98 अंक के स्तर पर पिछले सत्र के कारोबार का अंत किया। डाउ जॉन्स फ्यूचर्स भी फिलहाल 0.10 प्रतिशत की कमजोरी के साथ 43,872.29 अंक के स्तर पर कारोबार कर रहा है। यूरोपीय बाजार पिछले सत्र के दौरान लगातार दबाव में कारोबार करने के बाद मिले-जुले परिणाम के साथ बंद हुए। एफटीएसई इंडेक्स 0.12 प्रतिशत की तेजी के साथ 8,311.76 अंक के स्तर पर बंद हुआ। इसके विपरीत सीएसी इंडेक्स ने 0.03 प्रतिशत की कमजोरी के साथ 7,420.94 अंक के स्तर पर पिछले सत्र के कारोबार का अंत किया। इसके अलावा डीएएक्स इंडेक्स 0.13 प्रतिशत की बढ़त के साथ 20,426.27 अंक के स्तर पर बंद हुआ।

एशियाई बाजारों में दबाव के बीच मिला-जुला कारोबार होता हुआ नजर आ रहा है। एशिया के 9 बाजारों में से 6 के सूचकांक गिरावट के साथ लाल निशान में कारोबार कर रहे हैं, जबकि 3 सूचकांक बढ़त के साथ हरे निशान में बने हुए हैं। स्ट्रेट्स टाइम्स इंडेक्स 0.19 प्रतिशत की तेजी के साथ 3,816.68 अंक के स्तर पर कारोबार कर रहा है। इसी तरह ताइवान वेटेड इंडेक्स 0.19 प्रतिशत उछल कर 23,090.26 अंक के स्तर पर पहुंच गया है। इसके अलावा कोस्पी इंडेक्स 0.58 प्रतिशत की बढ़त के साथ 2,496.60 अंक के स्तर पर कारोबार कर रहा है। दूसरी ओर, गिफ्ट निफ्टी 193 अंक यानी 0.78 प्रतिशत की कमजोरी के साथ 24,442 अंक के स्तर पर कारोबार कर रहा है। इसी तरह निक्केई इंडेक्स 455.91 अंक यानी 1.14 प्रतिशत टूट कर 39,393.23 अंक तक पहुंच गया है। हैंग सेंग इंडेक्स में बड़ी गिरावट आई है। फिलहाल ये सूचकांक 321.49 अंक यानी 1.58 प्रतिशत फिसल कर 20,075.56 अंक के स्तर तक गिर गया है। इसी तरह शंघाई कंपोजिट इंडेक्स 1.51 प्रतिशत की गिरावट के साथ 3,409.87 अंक के स्तर पर पहुंच गया है। इसके अलावा सेट कंपोजिट इंडेक्स 0.19 प्रतिशत की कमजोरी के साथ 1,437.22 अंक के स्तर पर और जकार्ता कंपोजिट इंडेक्स 0.43 प्रतिशत की फिसलन के साथ 7,362.21 अंक के स्तर पर पहुंच कर कारोबार कर रहे हैं।

# कतर की कंपनी कोठारी इंडस्ट्रियल कॉरपोरेशन में हिस्सेदारी खरीदेगी

KICL
Kothari Industrial Corporation Limited

चेन्नई

एफजे ग्लोबल एंड इन्वेस्टमेंट कोठारी इंडस्ट्रियल कॉरपोरेशन लिमिटेड ने कहा है कि वह टॉप डॉलर मार्केट में अपना भूमिका और बढ़ाने के लिए 10 प्रतिशत हिस्सेदारी खरीदेगी। कंपनी के अधिकारियों ने बताया कि यह निवेश उन्हें वृद्धि अवसरों का लाभ उठाने की अनुमति देगा और कम्पनी की वैश्विक पहुंच को मजबूत करेगा। चेन्नई स्थित कोठारी इंडस्ट्रियल कॉरपोरेशन लिमिटेड के बोर्ड ने भी इस निवेश को मंजूरी दी है। इस सौदे के तहत एफजे ग्लोबल एंड इन्वेस्टमेंट एक महत्वपूर्ण हिस्सा बनेगी। इसने 70,56,000 शेयर कोठारी इंडस्ट्रियल कॉरपोरेशन लिमिटेड में खरीदने का निर्णय लिया है। निवेश के बारे में जानकारी देते हुए कॉरपोरेशन ने बताया कि प्रत्येक शेयर को 25 रुपये की दर से खरीदने का फैसला किया गया है, जो एक प्रति शेयर मूल्य के 5 रुपये की वृद्धि को दर्शाता है। इस निवेश से स्थिरता और विस्तार के साथ-साथ यह कंपनी के लिए एक महत्वपूर्ण कदम साबित हो सकता है। इसके साथ ही यह विकास के लक्ष्य को पूरा करने में मददगार साबित हो सकता है और इसे मोटर्साइकिल या स्कूटर प्रदान करने के मिशन में मजबूती के साथ आगे बढ़ने में मदद कर सकता है।

**प्रत्येक शेयर को 25 रुपये की दर से खरीदने का फैसला किया गया**

### रेलवे स्टॉक्स में तेजी के बाद निवेशकों में बढ़ी उम्मीद

**नई दिल्ली** । जुलाई से अक्टूबर के बीच देश की रेलवे सेक्टर में गिरावट के बाद निवेशकों को एक बड़ी खुशखबरी मिली है। पिछले महीने में रेलवे स्टॉक्स में दिखी गिरावट के बाद, अब इन स्टॉक्स में तेजी की दौड़ देखी जा रही है। विशेषज्ञों का कहना है कि इस तेजी के पीछे कई सकारात्मक कारण हैं। एक विशेषज्ञ के मुताबिक सरकारी खर्च की उम्मीद और ठप पड़े रेलवे प्रोजेक्टों का पुनर्वीक्षण, निवेशकों को सेक्टर की ओर आकर्षित कर रहा है। उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा लम्बे समय तक फोकस दिया जाने वाले और मंजूर किए जाने वाले रेलवे परियोजनाओं के लिए भी निवेशकों को उम्मीद मिली है। आगामी केंद्रीय बजट में और रेलवे सेक्टर में निवेश की संभावनाओं के बढ़ने से स्टॉक्स के मूल्यांकन में सुधार आया है।

# एसबीआई की अमृत वृष्टि योजना: बेहतर निवेश का अवसर, आम ग्राहकों को 7.25 और वरिष्ठ को 7.75 फीसदी ब्याज दर मिलेगी

मुंबई

**वर्तमान समय में निवेश करने के लिए मिल रहे अनगिनत ऑप्शन्स में से एक है भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) की नई अमृत वृष्टि योजना। यह सावधि जमा योजना है जिसका आकर्षण है उसकी अवधि के साथ सुनहरा ब्याज दर है। इस योजना में निवेश करने पर आम ग्राहकों को 7.25 फीसदी और वरिष्ठ नागरिकों को 7.75 फीसदी की ब्याज दर मिलेगी।**

SBI
AMRIT VRISHTI
FD Scheme

इस योजना के तहत जो आप्शन किए जा रहे हैं, वे महिलाएं और वरिष्ठ नागरिकों के लिए भी हैं। सीमित अवधि की यह जमा योजना 444 दिनों के लिए है और उन्हें 16 जुलाई 2024 से मिलेगी। निवेश करने का अंतिम तारीख 31 मार्च 2025 है। इस योजना को किसी भी भारतीय नागरिक के लिए खोला गया है, चाहे वो निवासी हो या अनिवासी और इसमें व्यक्तिगत, संयुक्त खाते और कंपनियां भी निवेश कर सकती हैं।

# मुंबई में 455 करोड़ का बिका प्लॉट, रजिस्ट्री पर खर्च हुए 27.30 करोड़

मुंबई

मुंबई में एक साढ़े 19 हजार वर्ग फिट का प्लॉट 455 करोड़ में बिका है। इतने महंगे प्लॉट की खासियत यह है कि ये जुहू इलाके में है जहां बॉलीबुड की तमाम हस्तियां रहती हैं।

स्क्वायर यार्ड्स के अनुसार, अग्रवाल होल्डिंग्स प्राइवेट लिमिटेड ने मुंबई के अत्यधिक मांग वाले जुहू इलाके में एक लैंड पार्सल का अधिग्रहण किया है, जिसकी कीमत 455 करोड़ रुपये है। यह प्लॉट शापूरजी पालोनजी ग्वालियर प्राइवेट लिमिटेड से हासिल किया था। स्क्वायर यार्ड्स ने इस प्लॉट के रजिस्ट्रेशन डॉक्युमेंट को देखने के बाद बताया कि यह लैंड पार्सल लगभग 1,819.90 वर्ग मीटर (19,589.22 वर्ग फुट) के क्षेत्र में फैला है। इस लैंड डील को नवंबर 2024 में रजिस्ट्रेशन के बाद फाइनल किया गया। इस प्लॉट की रजिस्ट्री में 27.30 करोड़ रुपये की स्टांप ड्यूटी और 30,000 रुपये का रजिस्ट्रेश चार्ज लगा है।



इससे पहले, अग्रवाल होल्डिंग्स ने सितंबर 2022 में जुहू में लगभग एक एकड़ और तीन-चौथाई एकड़ में फैले दो लैंड पार्सल का अधिग्रहण किया था, जिसका कुल मूल्य 332.8 करोड़ रुपये था। कैपिटल मार्केट एंड सर्विसेज, स्क्वायर यार्ड्स के फाउंडर आनंद मूर्ति ने कहा, मुंबई देश की कमर्शियल कैपिटल है और एक प्रमुख व्यापारिक केंद्र है इसलिए यहां प्रॉपर्टी की कीमतें बहुत ज्यादा हैं। बता दें कि मुंबई में बांद्रा-कुर्ला कॉम्प्लेक्स और साउथ व वेस्ट मुंबई की कई लोकेशन की मांग सबसे ज्यादा है। वहीं, जुहू और बांद्रा भी समंदर से अपनी नजदीकी और लग्जरी हाउसिंग प्रोजेक्ट्स के लिए निवेश के लिए हमेशा से आकर्षण का केंद्र रहा है।

# दुनिया की सबसे ताकतवर महिलाओं की फोर्ब्स सूची में सीतारमण सहित 3 भारतीय महिलाएं

नई दिल्ली

अमेरिकी बिजनेस मैगजीन फोर्ब्स ने वर्ष 2024 के लिए दुनिया की 100 सबसे शक्तिशाली महिलाओं की सूची जारी की है। फोर्ब्स की 21वीं सूची में तीन भारतीय महिलाओं के नाम हैं, जिसमें निर्मला सीतारमण, रोशनी नादर मल्होत्रा और किरण मजूमदार-शॉ हैं। सूची में उद्योग, मनोरंजन, राजनीतिक, समाज सेवा और नीति नियंताओं के नाम शामिल हैं, जिन्होंने अपने-अपने क्षेत्र में उल्लेखनीय काम किया है।







### वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण

केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण फोर्ब्स की इस सूची में 28वें स्थान पर हैं। सीतारमण ने मई 2019 में केंद्रीय वित्त मंत्री का पद संभाला था और उसके बाद से लगातार इस अहम पद पर बनी हुई हैं। निर्मला सीतारमण पर भारत के तेज आर्थिक विकास को बनाए रखने की जिम्मेदारी है और उनके नेतृत्व में भारत पांच खरब डॉलर की अर्थव्यवस्था बनने की राह पर है। सीतारमण महिला सशक्तिकरण को लेकर मुखर रही हैं। वह राजनीति में आने से पहले ब्रिटेन की एग्रीकल्चर इंजीनियर्स एसोसिएशन और बीबीसी वर्ल्ड के साथ जुड़ी रहीं।

### रोशनी नदार मल्होत्रा

दिग्गज भारतीय बहुराष्ट्रीय सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी) कंपनी एचसीएल टेक्नोलॉजीज की चेयरपर्सन और एचसीएल कॉर्पोरेशन की मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) रोशनी नदार मल्होत्रा को फोर्ब्स ने दुनिया की सबसे ताकतवर महिलाओं की इस सूची में 81वां स्थान दिया है। रोशनी नदार 12 अरब डॉलर की कंपनी के रणनीतिक फैसले लेती हैं। वह शिव नदार फाउंडेशन की भी ट्रस्टी हैं। इसके जरिए वो शिक्षा के क्षेत्र में काम कर रही हैं। रोशनी नदार ने द हैबीटेटस ट्रस्ट की स्थापना की, जो प्राकृतिक संरक्षण के लिए काम करती है।

### किरन मजूमदार शॉ

किरन मजूमदार शॉ को फोर्ब्स की दुनिया की सबसे ताकतवर महिलाओं की 21वीं सूची में 82वां स्थान दिया गया है। किरन मजूमदार बायोटेक कंपनी बायोकॉन की संस्थापक और चेयरपर्सन हैं। बायोकॉन की अमेरिका, एशिया के विभिन्न बाजारों समेत दुनियाभर में पहुंच है। किरन मजूमदार शॉ भारत के सबसे सफल उद्योगपतियों में शामिल हैं। साल 2019 में किरन मजूमदार और उनके पति जॉन शॉ ने यूनिवर्सिटी ऑफ ग्लोसगो में कैंसर रिसर्च के लिए 75 लाख डॉलर का दान दिया था। शॉ की कंपनी कोरोना वायरस की एंटीबॉडी थेरेपी के लिए भी काम कर रही है।

फोर्ब्स अमेरिकी बिजनेस मैगजीन है। यह व्यापार, निवेश, प्रौद्योगिकी, उद्यमिता, नेतृत्व और जीवनशैली विषयों पर ध्यान केंद्रित करती है। यह प्रत्रिका दुनियाभरा के उद्योग, मनोरंजन, राजनीतिक, समाज सेवा और नीति नियंताओं के कार्य के आधार पर उनका मूल्यांकन और रैंकिंग प्रदान करती है।



# ब्रिस्बेन में परिस्थितियां काफी चुनौतीपूर्ण, लेकिन 35 ओवर के बाद बल्लेबाजी करना आसान : शुभमन गिल

ब्रिसबेन

गाबा में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ चल रहे बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी के तीसरे टेस्ट से पहले, स्टार भारतीय बल्लेबाज शुभमन गिल ने कहा कि ब्रिस्बेन में परिस्थितियां काफी चुनौतीपूर्ण हैं लेकिन 30 से 35 ओवर के बाद पहले बल्लेबाजी करना आसान होता है।

सीरीज का तीसरा टेस्ट 14 दिसंबर को ब्रिसबेन क्रिकेट ग्राउंड पर शुरू होने वाला है। दोनों टीमें 1-1 मैच जीतकर पांच मैचों की श्रृंखला में बराबरी पर हैं। अगला मुकाबला द गाबा में होगा, एक ऐसा मैदान जहाँ 2020-21 के दौरे के दौरान एक अनुभवहीन भारतीय टीम ने ऑस्ट्रेलिया को 32 वर्षों में अपनी पहली टेस्ट हार दी थी।

गिल ने प्री-मैच प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा, जिस तीव्रता से यहाँ खेल खेले जाते हैं, खासकर टेस्ट मैच, वह कठिनाइयों में से एक है क्योंकि पाँच दिनों तक एक ही तीव्रता बनाए रखना ऑस्ट्रेलियाई दौरे को इतना कठिन बनाता है और सबसे बढ़कर यह मानसिक तीव्रता और मानसिक फिटनेस है जिसकी यहाँ ऑस्ट्रेलिया में आवश्यकता होती है।

दाएं हाथ के बल्लेबाज ने कहा कि ब्रिस्बेन में परिस्थितियां काफी चुनौतीपूर्ण हैं लेकिन 30 से 35 ओवर के बाद नई गेंद आने से पहले बल्लेबाजी करना आसान होता है।

उन्होंने कहा, ब्रिसबेन की परिस्थितियाँ चुनौतीपूर्ण हैं, लेकिन 30 से 35 ओवर तक का समय होता है जब तक कि दूसरी नई गेंद नहीं आ जाती, तब बल्लेबाजी करना आसान होता है। ऑस्ट्रेलिया की पिचें तेज़ हैं और ऑस्ट्रेलिया का इतिहास यह है कि उन्होंने अच्छे तेज़ गेंदबाज़ों के साथ खेला है क्योंकि विकेट ने उन्हें मदद की है क्योंकि यह कठोर और तेज़ है। आपको वहाँ रहना होगा और मैदान पर उसी मानसिक फिटनेस और तीव्रता के साथ खेलने के लिए तैयार रहना होगा। गिल ने उस समय को याद किया जब उन्होंने आखिरी बार 2020-21 में यहां खेला था और इसे पुरानी यादें वाला पल बताया।

गिल ने कहा, निश्चित रूप से, जब मैं यहां आया तो बहुत पुरानी यादें ताजा हो गईं। पूरी टीम आई और स्टेडियम में घूमते हुए, बहुत पुरानी यादें ताजा हो गईं। मुझे लगता है कि एक बार जब हम इस पर खेलेंगे तो हमें विकेट के बारे में पता चल जाएगा। मुझे लगता है कि यह खेलने के लिए एक अच्छी विकेट होगी।

## न्यूज़ ब्रीफ

### बीडब्ल्यूएफ वर्ल्ड टूर फाइनल 2024 से बाहर हुई ट्रीसा जॉली, गायत्री गोपीचंद की भारतीय युगल जोड़ी



**नई दिल्ली।** भारतीय महिला युगल जोड़ी ट्रीसा जॉली और गायत्री गोपीचंद शुक्रवार को हांग्जो में अपने ग्रुप ए मुकाबले में जापानी जोड़ी नामी मात्सुयामा और चिहारू शिदा के खिलाफ सीधे गेम में हारकर बीडब्ल्यूएफ वर्ल्ड टूर फाइनल 2024 से बाहर हो गई। भारतीय जोड़ी करो या मरो वाले मैच में 17-21, 13-21 से हार गई, जहां एक जीत उन्हें टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में जगह दिला सकती थी। ट्रीसा और गायत्री, (सीज़न के अंतिम टूर्नामेंट के लिए क्वालीफाई करने वाले एकमात्र भारतीय) को ग्रुप के अपने शुरुआती मैच में विश्व नंबर 1 लियू शेंग शू और चीन के टैन निंग के खिलाफ हार का सामना करना पड़ा था। उन्होंने अपने दूसरे मैच में मलेशियाई जोड़ी पर्ली टैन और थिना मुरलीधरन के खिलाफ जीत के साथ वापसी की और अपनी सेमीफाइनल की उम्मीदों को जिंदा रखा। हालाँकि, हालिया हार के बाद, वे तीन मैचों में केवल एक अंक के साथ अपने समूह में तीसरे स्थान पर रहे। चीनी और जापानी जोड़ी समूह में क्रमशः पहले और दूसरे स्थान पर रहते हुए अगले चरण में आगे बढ़ी।

### युगांडा, तंजानिया ने सीएएफ अफ्रीकी स्कूल फुटबॉल चैम्पियनशिप जीती




**कंपाला।** युगांडा और तंजानिया ने अफ्रीकी फुटबॉल परिसंघ (सीएएफ) स्कूल फुटबॉल चैम्पियनशिप का खिताब जीत लिया है। सेंट नूह गर्ल्स स्कूल की ओर से प्रतिनिधित्व करने वाली युगांडा की टीम सात अंक प्राप्त करके लड़कियों की श्रेणी में चैंपियन बनी। युगांडा ने गुरुवार को मध्य युगांडा के किटेंडे स्थित सेंट मैरी स्टेडियम में खेले गए अपने आखिरी मैच में रवांडा को 8-0 से हराया। दूसरे मैच में तंजानिया ने बुरुंडी को 1-0 से हराकर सात अंक प्राप्त किए, लेकिन कम गोल अंतर के कारण वह युगांडा से पीछे रह गया। लड़कों की श्रेणी में, तंजानिया रवांडा को 2-0 से हराकर युगांडा से बेहतर गोल अंतर के साथ चैंपियन बनकर उभरा, क्योंकि दोनों टीमें छह अंकों पर बराबरी पर थीं। गुरुवार को श्रेणी के दूसरे मैच में, सोमालिया और बुरुंडी ने गोल रहित ड्रॉ खेला। टूर्नामेंट में पाँच लड़कों की टीमें और चार लड़कियों की टीमें शामिल थीं। प्रत्येक श्रेणी के चैंपियन को एक ट्रॉफी, स्वर्ण पदक और 100,000 अमेरिकी डॉलर का पुरस्कार दिया जाता है।

### जेसन गिलेस्पी ने पाकिस्तान टेस्ट टीम के कोच पद से दिया इस्तीफा, आकिब जावेद ने संभाली कमान

**लाहौर।** जेसन गिलेस्पी ने पाकिस्तान टेस्ट टीम के कोच पद से इस्तीफा दे दिया है। उन्होंने गुरुवार को टीम के




दो टेस्ट मैचों की सीरीज के लिए दक्षिण अफ्रीका रवाना होने से कुछ घंटे पहले पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) को अपने फैसले की जानकारी दी। गिलेस्पी का इस्तीफा काफी हद तक अपेक्षित था, क्योंकि पीसीबी ने उनके सहायक कोच टिम नीलसन के अनुबंध को नवीनीकृत करने से इनकार कर दिया था। ऐसा कहा जाता है कि गिलेस्पी और नीलसन दोनों के बीच अच्छे कामकाजी संबंध थे। गुरुवार देर रात पीसीबी ने कहा कि आकिब जावेद अंतरिम आधार पर रेड बॉल कोच का पद संभालेंगे। आकिब को पहले भी गैरी कर्स्टन के इस्तीफे के बाद व्हाइट-बॉल टीम का अंतरिम मुख्य कोच नियुक्त किया गया था और वह वर्तमान में तीन टी20 और तीन वनडे मैचों के लिए दक्षिण अफ्रीका में पाकिस्तान व्हाइट-बॉल टीम के साथ हैं। पीसीबी ने गुरुवार को एक बयान में कहा, रेड-बॉल हेड-कोच जेसन गिलेस्पी के इस्तीफे के बाद पीसीबी ने आकिब जावेद को अंतरिम रेड-बॉल हेड कोच नियुक्त किया है। रेड-बॉल हेड कोच के तौर पर आकिब का पहला काम पाकिस्तान की दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ दो मैचों की टेस्ट सीरीज होगी। पहला टेस्ट 26 से 30 दिसंबर तक सेंचुरियन के सुपरस्पोर्ट पार्क में खेला जाएगा। दूसरा टेस्ट 3 से 7 जनवरी तक केपटाउन के न्यूलैंड्स क्रिकेट ग्राउंड में खेला जाएगा। माना जा रहा है कि ऑस्ट्रेलिया के पूर्व तेज गेंदबाज गिलेस्पी पीसीबी के कुछ हालिया फैसलों से नाराज हैं ।

# नीरज चोपड़ा की प्रतियोगिता कलाकृतियों को विश्व एथलेटिक्स विरासत संग्रह में शामिल किया गया

नई दिल्ली

**पेरिस 2024 ओलंपिक रजत पदक विजेता नीरज चोपड़ा और विश्व एथलेटिक्स महिला फील्ड इवेंट एथलीट ऑफ द ईयर यूक्रेन की यारोस्लावा महुचिख उन 23 एथलीटों में शामिल हैं जिनकी प्रतियोगिता कलाकृतियों को विश्व एथलेटिक्स विरासत संग्रह में शामिल किया गया। विश्व एथलेटिक्स संग्रहालय (एमओडब्ल्यूए) एथलीटों की कलाकृतियों को ऑनलाइन 3डी प्लेटफॉर्म पर प्रदर्शित करेगा। विश्व एथलेटिक्स के अध्यक्ष सेबेस्टियन कोए ने एक आधिकारिक बयान में कहा, उन एथलीटों को धन्यवाद जिन्होंने 2024 में हमारे संग्रहालय के संग्रह के लिए अपने प्रतियोगिता के कपड़े, जूते और यहां तक कि पदक भी दान कर दिए हैं।**




इस साल हमें 1960 के दशक के दो आइकन, व्योमिया टायस और बिली मिल्स, और 1980 के ओलंपिक 100 मीटर चैंपियन एलन वेल्स, साथ ही 2000 और 2008 के ओलंपिक हेप्टाथलॉन स्वर्ण पदक विजेता क्रमशः डेनिस लुईस और नतालिया डोब्रिंस्का से ऐतिहासिक ओलंपिक जीतने वाली वस्तुएं मिली हैं।

उन्होंने कहा, अपने ओलंपिक संग्रह को अद्यतन रखते हुए, हमें आज पेरिस 2024 पदक विजेताओं यारोस्लावा महुचिख, थिया लाफॉन्ड और नीरज चोपड़ा से दान की घोषणा करते हुए गर्व हो रहा है।

महुचिख ने जुलाई में स्टेड चार्लेटी में पेरिस डायमंड लीग में 2.10 मीटर की छलांग के साथ लंबे समय से चले आ रहे विश्व हाई जंप रिकॉर्ड को तोड़ा और अगस्त में स्टेड डी फ्रांस में ओलंपिक खिताब जीता।

उन्होंने अपना पेरिस ओलंपिक सिंगलेट, नाम बिब और शॉर्ट्स एमओडब्ल्यूए को दान कर दिया है। महुचिख ने मोनाको में विश्व एथलेटिक्स पुरस्कार 2024 में भाग लेने के दौरान कोए को ये आइटम भेंट किए।

लाफॉन्ड, जिन्होंने पेरिस में ओलंपिक ट्रिपल जंप का खिताब 15.02 मीटर के राष्ट्रीय रिकॉर्ड के साथ जीता था और डोमिनिका की किसी भी खेल में पहली ओलंपिक पदक विजेता बनी थीं, ने पेरिस में स्वर्ण पदक जीतने के दौरान पहनी गई क्रॉप टॉप को इस संग्रह में शामिल किया है।

2024 में, लाफॉन्ड को विश्व इनडोर चैंपियन का भी ताज पहनाया गया, उन्होंने 15.01 मीटर की राष्ट्रीय रिकॉर्ड छलांग के साथ यह खिताब जीता था।

टोक्यो खेलों में भाला फेंक में स्वर्ण पदक जीतकर एथलेटिक्स में भारत का पहला ओलंपिक खिताब जीतने वाले नीरज ने पेरिस 2024 में पहनी गई प्रतियोगिता टी-शर्ट दान कर दी है।

89.45 मीटर के अपने दूसरे दौर के थ्रो के साथ, चोपड़ा ने अरशद नदीम के पीछे रजत पदक हासिल किया, जिन्होंने 92.97 मीटर का ओलंपिक रिकॉर्ड बनाया था।

# भारत के खिलाफ गाबा टेस्ट में खेलेंगे जोश हेजलवुड, बोलैंड बाहर




गाबा

जोश हेजलवुड को ब्रिसबेन में भारत के खिलाफ तीसरे टेस्ट मैच में खेलने के लिए फिट घोषित कर दिया गया है। कप्तान पैट कमिंस ने पुष्टि की है कि वह स्कॉट बोलैंड की जगह लेंगे। आस्ट्रेलियाई एकादश में यह एकमात्र बदलाव होगा।

हेजलवुड पर्थ में पहले टेस्ट में साइड स्ट्रेन के कारण एडिलेड में ऑस्ट्रेलिया की जीत से चूक गए थे, जबकि दूसरे टेस्ट में बोलैंड ने दो पारियों में पांच महत्वपूर्ण विकेट लिए थे। हेजलवुड ने सप्ताह के दौरान कुछ फिटनेस टेस्ट दिए। गाबा नेट्स में केवल छोटे रन-अप उपलब्ध होने और कोई अतिरिक्त सेंटर विकेट नहीं होने के कारण, हेजलवुड गुरुवार को एलन बॉर्डर फील्ड में गेंदबाजी कोच डेनियल विटोरी की निगरानी में मिशेल स्टार्क के साथ अपना पूरा रन बनाने के लिए उतरे। गुरुवार की सुबह एडिलेड में भी गेंदबाजी करने के बाद, हेजलवुड को वापसी के लिए फिट घोषित किया गया है। कमिंस ने शुक्रवार को क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया (सीए) के हवाले से कहा, जोश वापस आ गया है... उसे कोई परेशानी नहीं हुई। कल उसने बहुत अच्छी गेंदबाजी की, कुछ दिन पहले एडिलेड में भी उसने अच्छी गेंदबाजी की थी। वह और मेडिकल टीम बहुत आश्वस्त हैं। श्रृंखला के अंतिम तीन टेस्ट 25 दिनों की अवधि में खेले जाने के साथ, कमिंस ने कहा कि उन्हें उम्मीद है कि इस गर्मी में बोलैंड को फिर से इस्तेमाल किया जाएगा। उन्होंने कहा, यह कठिन है, उसने एडिलेड में शानदार प्रदर्शन किया। दुर्भाग्य से उसने पिछले 18 महीनों में बेंच पर काफी समय बिताया है। और जब भी उसने खेला है, वह शानदार रहा है। स्कॉटी के लिए यह दुर्भाग्य की बात है, लेकिन फिर भी इस श्रृंखला में खेलने के लिए काफी कुछ है। मुझे आश्चर्य होगा अगर उसे किसी समय एक और मौका नहीं मिलता है। हेज़लवुड ने गुरुवार दोपहर एलन बॉर्डर फ़ील्ड में मुख्य समूह से दूर एक प्रशिक्षण सत्र में शीर्ष गति प्राप्त की। 32 वर्षीय खिलाड़ी ने अपने लंबे समय के साथी मिशेल स्टार्क के साथ क्वींसलैंड की चिलचिलाती धूप में 45 मिनट के गहन सत्र में पसीना बहाया, जिसमें दोनों ने टेस्ट टीम के सदस्य जोश इंगलिस और क्वींसलैंड के बल्लेबाज लैचलन हर्न को गेंदबाजी की।

## विश्व एक्वेटिक तैराकी चैंपियनशिप




हंगरी के बुडापेस्ट में विश्व एक्वेटिक्स तैराकी चैंपियनशिप (25 मीटर) में महिलाओं की 100 मीटर ब्रेस्टस्ट्रोक के पुरस्कार समारोह के दौरान पोज देती हुई, चीन की स्वर्ण पदक विजेता तांग क्विंटिंग (बीच में), संयुक्त राज्य अमेरिका की रजत पदक विजेता लिली किंग (बाएं) और एस्टोनिया की कांस्य पदक विजेता एनेली जेफिमोवा।

# बांग्लादेश के खिलाफ टी20 सीरीज के लिए वेस्टइंडीज की टीम घोषित, शाई होप, शेरफेन रदरफोर्ड बाहर

किंग्सटाउन

**वेस्टइंडीज ने घरेलू मैदान पर बांग्लादेश के खिलाफ आगामी टी20 सीरीज के लिए टीम की घोषणा कर दी है। विकेटकीपर-बल्लेबाज शाई होप और बाएं हाथ के बल्लेबाज शेरफेन रदरफोर्ड को टीम से बाहर कर दिया गया है। ऑस्ट्रेलिया में बिग बैश लीग में खेलने के कारण इस जोड़ी को बाहर कर दिया गया, रोवमैन पॉवेल एक बार फिर खेल के सबसे छोटे प्रारूप में वेस्टइंडीज का नेतृत्व करेंगे।**



फॉर्म में चल रहे बल्लेबाज कीसी कार्टी ने सेंट किट्स में बांग्लादेश के खिलाफ तीसरे और अंतिम वनडे में 95 रन बनाकर पहला टी20 अंतरराष्ट्रीय कॉल-अप हासिल किया, जबकि अनुभवी बल्लेबाज जॉनसन चार्ल्स भी चोट के कारण हाल ही में सीरीज गंवाने के बाद वापस लौटे हैं।

वेस्टइंडीज के कोच डेरेन सैमी ने कहा कि टीम को आईसीसी पुरुष टी20 विश्व कप के 2026 संस्करण को ध्यान में रखकर तैयार किया गया है।

उन्होंने कहा, कार्टी ने हमें दिखाया है कि वह उस प्रारूप में एक बल्लेबाज हो सकता है, और बांग्लादेश के खिलाफ खेलते हुए, एक ऐसी टीम जिसे हम हल्के में नहीं ले सकते, हमें डेक पर सभी की जरूरत है। हमारे पास उपलब्ध खिलाड़ियों के साथ टीम का सावधानीपूर्वक चयन किया गया था, और मुझे विश्वास है चैंपियनशिप जीतने के लिए आवश्यक अनुभव के साथ यह हमारी सबसे व्यवस्थित टीम है।

वेस्टइंडीज और बांग्लादेश के बीच तीनों मैच सेंट विंसेंट में होंगे, पहला मुकाबला 15 दिसंबर से शुरू होगा। दूसरा मैच ,17 और तीसरा 19 दिसंबर को खेला जाएगा।

वेस्टइंडीज की टीम इस प्रकार है: रोवमैन पॉवेल (कप्तान), ब्रैंडन किंग (उप-कप्तान), कीसी कार्टी, जॉनसन चार्ल्स, रोस्टन चेज़, जस्टिन ग्रीव्स, टेरेंस हिंड्स, अकील होसेन (केवल पहले दो मैच), जेडन सील्स (केवल तीसरा मैच), अल्ज़ारी जोसेफ , एविन लुईस, ओबेद मैककॉय, गुडाकेश मोती, निकोलस पूरन, रोमारियो शेफर्ड, शमर स्प्रिंगर।

# न्यूजीलैंड के खिलाफ तीसरे टेस्ट के लिए इंग्लैंड ने घोषित की अपनी प्लेइंग इलेवन, वोक्स की जगह मैथ्यू पॉट्स टीम में शामिल

हैमिल्टन

**इंग्लैंड ने शुक्रवार को सेडॉन पार्क में न्यूजीलैंड के खिलाफ सीरीज के तीसरे और अंतिम टेस्ट मैच के लिए अपनी अंतिम एकादश घोषित कर दी है। टीम में क्रिस वोक्स की जगह दाएं हाथ के तेज गेंदबाज मैथ्यू पॉट्स को शामिल किया है।**

कप्तान बेन स्टोक्स ने शुक्रवार को संवाददाताओं से कहा कि इंग्लैंड हैमिल्टन में तीसरी आईसीसी विश्व टेस्ट चैंपियनशिप प्रतियोगिता के लिए अपने लाइन-अप में एक बदलाव किया गया है, जिसमें तेज गेंदबाज मैथ्यू पॉट्स को साथी तेज गेंदबाज क्रिस वोक्स की




जगह वापस बुलाया गया है।

इसका मतलब है कि ओली पोप कीपर की भूमिका में बने रहेंगे। इंग्लैंड ने क्राइस्टचर्च और वेलिंगटन में शुरुआती दो मैच जीत लिया है और अब उनका प्रयास क्लीन स्वीप करने का है।

वहीं न्यूजीलैंड के कप्तान टॉम लैथम ने शुक्रवार को अपनी एकादश का खुलासा नहीं किया है, कप्तान ने सुझाव दिया कि वह यह घोषणा करने से पहले शनिवार की सुबह तक इंतजार करेंगे, जिससे यह अभी अधर में है कि अनुभवी तेज गेंदबाज टिम साउथी को टेस्ट क्रिकेट से संन्यास लेने से पहले अंतिम टेस्ट खेलने का मौका मिलेगा या नहीं।

साउथी तीन तेज गेंदबाजी स्थानों के लिए अपने साथी तेज गेंदबाज विल ओरूर्के, नाथन स्मिथ और मैट हेनरी के साथ प्रतिस्पर्धा में हैं, जबकि बाएं हाथ के स्पिनर मिशेल सेंटनर के पास श्रृंखला में अपनी पहली उपस्थिति के लिए लाइन-अप में लौटने का मौका है।

**इंग्लैंड की प्लेइंग इलेवन:**

जैक क्रॉली, बेन डकेट, जैकब बेथेल, जो रूट, हैरी ब्रूक, ओली पोप, बेन स्टोक्स (कप्तान), गस एटकिंसन, मैथ्यू पॉट्स, ब्रायडन कार्स, शोएब बशीर।

**न्यूजीलैंड की संभावित एकादश:**

टॉम लैथम (कप्तान), विल यंग, केन विलियमसन, रचिन रवींद्र, डेरिल मिशेल, टॉम ब्लंडेल, ग्लेन फिलिप्स, मिशेल सेंटनर, नाथन स्मिथ, मैट हेनरी, टिम साउथी, विल ओरूर्के।

Government of Assam
Department of Food, Public Distribution and Consumer Affairs

# Ensuring food security - yet another promise fulfilled by Government of Assam



## First phase of new Legislative Assembly Constituency wise ceremonial distribution of new Ration Cards

**15 December 2024**



Chief Guest
**Dr Himanta Biswa Sarma**
Chief Minister, Assam

- No 37 Jalukbari LAC
- No 36 Guwahati Central LAC

Sarusajai Stadium

## Benefits of Ration Card

- Antyodaya Anna Yojana (AAY) ration card holders receive 35 kg of free rice per month and each member of Priority Household (PHH) receives 5 kg of free rice per month. All new Ration Card holders will get this benefit from January 2024
- Every ration card holder will get free medical services up to ₹5 lakh per annum through Ayushman Card under Ayushman Bharat Pradhan Mantri Jan Arogya Yojana and Ayushman Assam Mukhya Mantri Jan Arogya Yojana
- Ration card holders who currently do not have LPG connections will get free LPG connections under the Pradhan Mantri Ujjwala Yojana (PMUY). Beneficiaries initially receive gas stove, pipe, regulator and cylinder with gas weighing 14.20 kg or two cylinders with gas weighing 5 kg free of charge. On refilling the next time, beneficiary can avail ₹300 off from the total cost of LPG as cash back

## First phase of new Legislative Assembly Constituency wise ceremonial distribution of new Ration Cards

| District | Number and Name of new LAC | Total No of Family Benefited | New Beneficiaries | Chief Guest | Time |
|---|---|---|---|---|---|
| Kamrup Metro | No. 36 Guwahati Central | 5,480 | 16,119 | **Dr Himanta Biswa Sarma** Chief Minister | 11 A.M. |
| | No. 37 Jalukbari | 5,441 | 13,180 | Shri Kaushik Rai, Minister | |
| Bajali | No. 26 Bajali | 8,182 | 15,299 | Shri Ranjeet Kumar Dass, Minister | 11 A.M. |
| Biswanath | No. 70 Biswanath | 19,206 | 28,706 | Shri Pramod Borthakur, MLA | 11 A.M. |
| | No. 71 Behali (SC) | 10,810 | 16,027 | Shri Ranjit Dutta, MP LS, Shri Diganta Ghatowal, MLA | 11 A.M. |
| | No. 72 Gohpur | 10,234 | 22,208 | Shri Utpal Bora, MLA | 11 A.M. |
| Charaideo | No. 93 Sonari | 6,635 | 11,047 | Shri Dharmeshwar Konwar, MLA | 11 A.M. |
| | No. 94 Mahmora | 6,681 | 10,890 | Shri Jogen Mohan, Minister | 11 A.M. |
| Dibrugarh | No. 89 Khowang | 6,240 | 12,326 | Shri Chakradhar Gogoi, MLA | 11 A.M. |
| | No. 91 Tinkhong | 4,259 | 9,019 | Shri Bimal Bora, Minister | 11 A.M. |
| | No. 92 Naharkatia | 4,688 | 10,662 | Shri Taranga Gogoi, MLA | 11 A.M. |
| | No. 87 Chabua Lahowal | 8,240 | 17,255 | Shri Binod Hazarika, MLA<br>Shri Punakan Baruah, MLA | 11 A.M. |
| Golaghat | No. 105 Bokakhat | 4,789 | 10,390 | Shri Atul Bora, Minister | 11 A.M. |
| | No. 106 Khumtai | 5,476 | 9,265 | Shri Mrinal Saikia, MLA | 11 A.M. |
| | No. 107 Sarupathar | 6,849 | 10,481 | Shri Bishwajit Phukan, MLA | 11 A.M. |
| | No. 103 Golaghat | 6,250 | 11,139 | Smti Ajanta Neog, Minister | 11 A.M. |
| | No. 104 Dergaon | 5,479 | 9,374 | Shri Bhabendra Nath Bharali, MLA | 11 A.M. |
| Hailakandi | No. 122 Algapur Katlicherra | 6,217 | 14,496 | Suzam Uddin Laskar, MLA<br>Nizam Uddin Laskar, MLA<br>Shri Zakir Hussain Laskar, MLA<br>Shri Kalyan Goswami, Chairman, Hailakandi Municipality | 11 A.M. |
| Hojai | No. 62 Binnakandi | 5,022 | 13,004 | Shri Kamakhya Prasad Tasa, MP LS<br>Shri Sirajuddin Ajmal, MLA<br>Shri Habib Mohd Choudhury, Chairman, Assam Minorities Development Board | 11 A.M. |
| | No. 63 Hojai | 4,400 | 13,019 | Shri Ramkrishna Ghosh, MLA | 11 A.M. |
| Jorhat | No. 100 Jorhat | 4,404 | 8,548 | Shri Hitendra Nath Goswami, MLA | 11 A.M. |
| | No. 101 Mariani | 8,203 | 14,723 | Shri Rupjyoti Kurmi, MLA | 11 A.M. |
| | No. 102 Titabor | 9,782 | 17,316 | Shri Pabitra Margherita, MoS<br>Shri Bhaskar Jyoti Baruah, MLA | 11 A.M. |
| | No. 99 Teok | 8,160 | 14,404 | Shri Rameshwar Teli, MP RS<br>Smti Renupuma Rajkhowa, MLA<br>Shri Pradip Hazarika, MLA | 11 A.M. |
| Karbi Anglong | No. 108 Bokajan (ST) | 7,374 | 11,455 | Dr Numal Momin, MLA | 11 A.M. |
| | No. 109 Howra-ghat (ST) | 12,268 | 17,176 | Shri Dorsing Ronghang, MLA | 11 A.M. |
| | No. 110 Diphu (ST) | 11,415 | 16,136 | Shri Tuliram Ronghang, CEM, KAAC,<br>Shri Bidyasing Engleng, MLA | 11 A.M. |

| District | Number and Name of new LAC | Total No of Family Benefited | New Beneficiaries | Chief Guest | Time |
|---|---|---|---|---|---|
| Lakhimpur | No. 77 Dhakuakhana (ST) | 12,743 | 17,412 | Shri Naba Kumar Doley, MLA | 11 A.M. |
| Majuli | No. 98 Majuli (ST) | 9,878 | 13,677 | Shri Bhubon Gam, MLA | 11 A.M. |
| Nalbari | No. 39 Nalbari | 7,222 | 15,475 | Shri Jayanta Mallabrauah, Minister | 11 A.M. |
| Sivasagar | No. 96 Sivasagar | 6,372 | 13,285 | Shri Gaurav Gogoi, MP<br>Shri Kushal Dowari,Ex-MLA<br>Shri Akhil Gogoi, MLA | 11 A.M. |
| | No. 97 Nazira | 8,188 | 15,893 | Shri Debobrata Saikia, HMLA<br>Shri Mayur Buragohain, Chariman, Tai Ahom Development Council | 11 A.M. |
| Sonitpur | No. 66 Borsola | 5,600 | 13,656 | Shri Ganesh Kumar Limbu, MLA | 11 A.M. |
| | No. 67 Tezpur | 4,867 | 10,965 | Shri Prithiraj Rava, MLA, | 11 A.M. |
| | No. 68 Rangapara | 5,004 | 11,306 | Shri Krishna Kamal Tanti, MLA | 11 A.M. |
| | No. 69 Naduar | 6,187 | 15,089 | Shri Padma Hazarika, MLA | 11 A.M. |
| South Salmara | No. 11 Mankachar | 10,429 | 15,819 | Adv.Aminul Islam, MLA<br>Shri Javed Islam, Ex-MLA, | 11 A.M. |
| Sribhumi | No. 123 Karimganj North | 7,867 | 12,814 | Shri Kamlakhya Dey Purkhayasta, MLA,<br>Shri Rabindra Chandra Deb, Chairman, Karimganj Municipality Board | 11 A.M. |
| | No. 124 Karimganj South | 7,744 | 11,959 | Shri Siddique Ahmed, MLA | 11 A.M. |
| | No. 125 Pathar-kandi | 10,364 | 13,698 | Shri Krishnendu Paul, Minister | 11 A.M. |
| | No. 126 R K Nagar | 9,022 | 12,008 | Shri Bijoy Malakar, MLA | 11 A.M. |
| Tinsukia | No. 81 Sadiya | 8,004 | 9,983 | Shri Bolin Chetia, MLA | 11 A.M. |
| | No. 82 Doom Dooma | 9,338 | 11,190 | Shri Rupesh Gowala, Minister | 11 A.M. |
| | No. 83 Margherita | 8,392 | 14,216 | Shri Bhaskar Sarma, MLA | 11 A.M. |
| | No. 84 Digboi | 7,207 | 9,282 | Shri Suren Phukan, MLA | 11 A.M. |
| | No. 85 Makum | 6,697 | 8,101 | Shri Sarbananda Sonowal, UM<br>Shri Rituparna Baruah, Chairman, ATDC | 11 A.M. |
| | No. 86 Tinsukia | 8,209 | 11,858 | Shri Sanjoy Kishan, MLA | 11 A.M. |
| West Karbi Anglong | No. 111 Rongkhang (ST) | 3,995 | 10,063 | Shri Rupsing Teron, MLA | 11 A.M. |
| | No. 112 Amree (ST) | 4,428 | 10,802 | Shri Amarsing Tisso, MP LS | 11 A.M. |
| **Total** | | **3,69,941** | **6,52,215** | | |

*-- Janasanyog /D/10515/24/14-Dec-24*

Published by **Directorate of Information and Public Relations, Assam** | Connect with us @diprassam | dipr.assam.gov.in